रांची का तापमान
कांके: अधिक. 27.0° न्यून. 10.4°
रांची: अधिक. 29.8° न्यून. 10.6°

रांची, मंगलवार
11 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 12, पृष्ठ-12

माघ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को दिया **आत्मविश्वास का मंत्र**, कहा

# स्वयं को दें चुनौती और तय करें अपना लक्ष्य

## परीक्षा पे चर्चा

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) के 8वें संस्करण के दौरान देशभर के विद्यार्थियों से बात की। उन्होंने व्यक्तित्व में सुधार और खामियों को दूर करने में चुनौती को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खुद को चुनौती दें और अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य को प्राप्त करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परीक्षाएं ही सब कुछ नहीं हैं। उन्होंने ज्ञान और परीक्षा को दो अलग-अलग चीज बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी परीक्षा को अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रौद्योगिकी को समझने और उसका अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने तिल से बनी मिठाइयां बांटीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों को हर समय अच्छी तरह से तैयार रहना चाहिए और स्वयं को चुनौती देते रहना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि आप पिछली बार किसी परीक्षा में 30 अंक लाए थे, तो अगली बार 35 अंक लाने हैं।

शेष पेज 11 पर



### बिहार का लड़का, राजनीति की बात न हो, यह हो ही नहीं सकता

बिहार के विद्यार्थी विराज ने प्रधानमंत्री से पूछा, आप इतने बड़े ग्लोबल लीडर हैं और कई बड़े पदों पर रहे हैं। आप हमसे दो-तीन ऐसी बातें शेयर कीजिए, जो आपसे संबंधित हों और जो हम बच्चों को आगे बढ़ने में मदद करे। इस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा, बिहार का लड़का हो और राजनीति की बात न हो, यह हो ही नहीं सकता। इसके बाद प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रभावी लीडरशिप के गुण बताए। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेतृत्व थोपा नहीं जाता, आपके आसपास के लोग आपको स्वीकार करते हैं। इसके लिए आपको खुद को बदलना होगा। नेता बनने के लिए टीमवर्क सीखना बहुत जरूरी है।

### पीएम ने कहा

- किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा को अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए
- शिक्षा सिर्फ अगली कक्षा में जाने के लिए नहीं, समग्र विकास के लिए है
- अखबार या टीवी जैसे दैनिक बाहरी प्रभावों से प्रभावित नहीं हों
- माता-पिता का करियर के प्रति दबाव बच्चों को तनाव में डाल देता है

## 'परीक्षा पे चर्चा' में शामिल हुआ खूंटी का सूरज मुंडा

**रांची।** खूंटी जिले के सूरज मुंडा को 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है।



सूरज एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सालगाडीह, तमाड़ का छात्र है, जो कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित होता है। सूरज खूंटी जिले के अड़की प्रखंड के खेसारीबेरा गांव का रहने वाल है। राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इसे झारखंड सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति और अनुसूचित वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि सूरज मुंडा की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।

## 'परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी पहल'

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल), रांची के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी पहल है। यह न केवल परीक्षा संबंधी तनाव कम करने का माध्यम है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि परीक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह धैर्य,



समर्पण और आत्मविश्वास की परीक्षा भी होती है। 'परीक्षा पे चर्चा' यह सिखाता है कि तनाव से मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ एक स्पष्ट योजना बनाकर परीक्षाओं का सामना किया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि जिला स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है। पूर्व में धारणा थी कि जिला स्कूल में जिसका नामांकन होता था, वह समाज के बहुत मेधावी विद्यार्थी होते थे। हमारे विद्यार्थी एवं शिक्षक जिला स्कूल की उत्कृष्टता की दिशा में व्यापक रूप से कार्य करें। वे अन्य विद्यालयों के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पढ़ाई को केवल परीक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान को आत्मसात करें। नियमित अभ्यास करें, समय का सही प्रयोग करें एवं आत्मविश्वास बनाए रखें।

शेष पेज 11 पर

## पत्नी की हत्या के आरोपी पूर्व एसडीओ भेजे गए जेल



**हजारीबाग।** हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को सोमवार को जेल भेज दिया गया। उनपर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप है। ज्ञात हो कि पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को रविवार की देर शाम लोहसिंघना पुलिस ने रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। सोमवार को पुलिस ने उन्हें कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अशोक कुमार की गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। 26 दिसंबर 2024 की सुबह झील परिसर स्थित एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास में उसकी पत्नी अनिता कुमारी गंभीर रूप से आग से झुलस गई थीं। बाद में मौत हो गई थी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

झारखंड को मिले 28 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

# उद्योग लगाने के लिए दें बेहतर माहौल : तिवारी

**नवीन मेल डेस्क**

- परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार
- उद्योगों को लेकर सीएस की अध्यक्षता में हुई हाई पावर कमिटी की बैठक

**रांची।** कोलकाता में पिछले सप्ताह संपन्न इंवेस्टर्स मीट में झारखंड को मिले 28 हजार 306 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाई पावर कमिटी की बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि उद्योग निदेशालय राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल दे। मुख्य सचिव तिवारी ने कहा, सिंगल विंडों सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नए उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नई उर्जा दे सकते हैं। उन्होंने उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव ने उदाहरण देते हुए कहा कि देश के 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है। उन्होंने विजन के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। ज्ञात हो कि झारखंड को मिले इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा।

**मुख्य सचिव ने कहा, सिंगल विंडो सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बनाएं**



### सीएम हेमंत सोरेन का प्रयास लाया रंग



झारखंड में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास रंग लाने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर्स मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28,306 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किए जा चुके हैं।

### इन से मिला है निवेश प्रस्ताव

झारखंड में सबसे अधिक 8,485 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड की ओर से मिला है। एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड का सरायकेला के निमडीह में स्टील और पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव है। वहीं, वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने चाकुलिया में रेलगाड़ी का चक्का और वंदे भारत के डिब्बे बनाने के लिए 3967.84 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव झारखंड सरकार को समर्पित किया है।

इसी तरह, लक्ष्मी मेटालिक्स लिमिटेड ने स्टील और पावर प्लांट के लिए 3,800 करोड़, सुप्रीम मेटल्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने स्टील उत्पादन के लिए 2,976 करोड़, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 1,270 करोड़, जय सस्पेंशन लिमिटेड ने 250 करोड़, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने 500 करोड़, गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़, रामकृष्णा फॉर्जिंग लिमिटेड ने 173.44 और 139.58 करोड़, एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने चतरा में 1600 करोड़ और हजारीबाग में 2800 करोड़, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 1070 करोड़ और स्कीकॉर्प मार्केटिंग वेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने जूते बनाने वाले कपड़े के उत्पादन के लिए 225 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है।

## चरही में सड़क हादसा, रांची की तीन महिला श्रद्धालुओं की मौत

- महाकुंभ स्नान कर लौट रही थीं रांची

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्रयागराज महाकुंभ मेले से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का बोलेरो वाहन हजारीबाग के चरही के बिरसा मैदान के पास सोमवार की सुबह दुर्घनाग्रस्त हो गई। इसमें तीन महिलाओं की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं, चालक और पांच महिलाएं घायल हो गई हैं। मृत महिलाएं रांची की निवासी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही चरही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) हजारीबाग भेज दिया। वहीं, घायलों को भी एसबीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा दी गई



जानकारी के अनुसार, आशा देवी, संजू देवी, सोनी देवी की मौत हो गई है। तीनों रांची निवासी है। घायलों में रंजू देवी, उमा देवी, बुंडू, पुनीता देवी, अंशिता देवी मांडर रांची और ज्योति देवी रांची की बताई गई हैं।

## भारत को तोड़ने के लिए मिला विदेश से पैसा : निशिकांत दुबे

**नई दिल्ली।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी से जुड़े ट्रस्टों को फंडिंग देने के मामले को संसद में उठाया। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले में जांच की भी मांग की।



इस दौरान कांग्रेस के सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएसएआईडी को पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने इसके पीछे का कारण बताया कि यूएसएआईडी वर्षों से केवल विभिन्न सरकारों को गिराने के लिए पैसा खर्च करती रही है

शेष पेज 11 पर

## मैट्रिक-इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के तत्वावधान में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं 03 मार्च 2025 तक चलेंगी। राज्य में मैट्रिक के लिए 1305 और इंटर के लिए 795 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में 9:45 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक होगी। इंटरमीडिएट की परीक्षा 02:00 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक होगी। जैक की मैट्रिक-इंटर परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं। वे अपने साथ एडमिट कार्ड और स्कूल आईडी कार्ड ले जाना नहीं भूलें। परीक्षार्थी अपने साथ नीले या काले रंग वाले बॉल पेन, पेंसिल, स्केल, इरेजर और शार्पनर लेकर जा सकते हैं।

नागरिक सुरक्षा की दिशा में सरकार की पहल

## रांची में लगाए गए 50 इमरजेंसी कॉल बॉक्स

- आपात स्थिति में बटन दबाते ही दिलाई जाएगी त्वरित मदद
- राजधानी के महत्वपूर्ण चौराहों पर लगा पीले रंग का बॉक्स

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने नागरिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानीवासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किए हैं। जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है, वहीं अपराध नियंत्रण और उसके खुलासे में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है।

अब आपात स्थिति में सहायता के लिए भी व्यवस्था की गई है। अगर कोई व्यक्ति किसी आपात स्थिति में फंस जाए, जैसे कि सड़क से गुजरने के दौरान उसके साथ या किसी अन्य व्यक्ति के साथ कोई दुर्घटना हो जाए, तो वह अब सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकता है। इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक-चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे 'लाल बटन' के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से आवाज आएगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलाएगी। इसके लिए ना तो मोबाइल फोन की जरूरत है, और ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरूरत। बस आपात स्थिति में फंसे व्यक्ति के आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।

शेष पेज 11 पर




### किस-किस प्रकार की मदद मिल सकती है

सड़क दुर्घटना, चेन स्नैचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात में मदद के लिए तुरंत इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरूरी नहीं है कि पीड़ित व्यक्ति ही फोन करे। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिए कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि आसपास के इलाके में आग लग जाए, तो भी या तो पीड़ित या आसपास के लोग फायरब्रिगेड से संपर्क साधने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### अभी यहां लगे हैं कॉल बॉक्स

फिलहाल कांके रिंग रोड, मेन रोड ओवरब्रिज, सहजानंद चौक, शनि मंदिर चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, सैटेलाइट चौक, कांके रोड, बिरसा चौक, मेकन चौक, सुजाता चौक, कोकर चौक आदि स्थानों पर बॉक्स लगाए गए हैं।

## इंडिया

# सपनों के देश की डरावनी यादें और झारखंड



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

अमेरिका और कनाडा में बसे पंजाब के अलावा अन्य राज्यों के लोगों की समृद्धि की कहानियां भारत में परिकथाओं की तरह सुनाई जाती हैं जैसी कहानियां देश के पिछड़े राज्यों सहित पड़ोसी बांग्लादेश तक से जोखिम उठाकर पलायन करने को मजबूर करती हैं । झारखंड आनेवाले बहुत हैं तो झारखंड से मौसमी और स्थायी पलायन करने वालों की संख्या लाखों में है । अमृतसर में उतरे अमेरिकी सैन्य विमान ने 104 भारतीय प्रवासियों को कथित रूप से चेन से बांधकर वापस भेजने के कारण बहुत चर्चा हुई। पर क्यों अपना राज्य या देश छोड़कर युवा भारतीयों द्वारा अपनी जान, हाथ-पैर और बैंक-बैलेंस को जोखिम में डालकर 'सुनहरे सपने' को साकार करने जाते हैं और क्या इसके लिए सरकारें जिम्मेदार नहीं हैं ? इनमें से कई तो अमेरिका पहुंच ही नहीं सके और बीच में ही अपनी जान गंवा बैठे जैसे देश के अंदर लाखों का शोषण होता है लाखों झारखंडी आदिवासी बालाओं का पता नहीं वे कहां गईं। चर्चित मामले में पहली बार है कि ज्यादातर निर्वासित लोग भारत के समृद्ध राज्यों से हैं। गुजरात (33), हरियाणा (34) और पंजाब के तीस लोग हैं, कुछ लोग उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के भी हैं। 48 निर्वासित भारतीय 25 वर्ष से कम उम्र के हैं। इनमें 25 महिलाएं एवं 12 नाबालिग भी हैं, जिनमें एक चार वर्ष का बच्चा भी है। भारत सरकार ने कहा है कि वह अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे सभी भारतीय नागरिकों की पहचान करने और उनके विवरण की पुष्टि करने के बाद उन्हें वापस भेजने के लिए ट्रंप प्रशासन के साथ सहयोग करने की योजना बना रही है। अमेरिका में करीब 7,25,000 भारतीय बिना दस्तावेज के हैं और जिन लोगों को पहले चरण में वापस भेजा गया है, वह एक छोटी संख्या है।इनकी कहानियों में एक बात समान है-इनके सिर्फ सपने ही नहीं टूटे हैं, बल्कि ये भारी कर्ज में भी डूब गए हैं। इन निर्वासितों में से कई ने अमेरिका में अवैध प्रवेश के लिए लाखों रुपए खर्च किए, इस उम्मीद में कि अंततः उन्हें कानूनी दर्जा मिल जाएगा। कई अन्य वैध दस्तावेज पर अमेरिका में प्रवेश तो कर गए, लेकिन वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी वहीं टिके रहे। निर्वासित भारतीयों के परिवारों ने कर्ज लिया, अपनी जमीनें एवं घर बेचे और अपमान झेलने के अलावा अब वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इतनी बड़ी रकम कैसे चुकाई जाए। परिवारों ने अपने युवाओं को 'डंकी रूट' से विदेश भेजने के लिए एजेंटों को 40 से 60 लाख रुपए तक दिए थे, कई मामलों में तो यह रकम एक करोड़ या इससे ऊपर भी है। लेकिन यह कदम उल्टा पड़ गया।



पंजाब के कपूरथला जिले के बहबल गांव का युवा गुरप्रीत सिंह मात्र छह महीने पहले अमेरिका गया था। उसके परिजनों का कहना है, 'हमने अपना घर खो दिया, रिश्तेदारों, दोस्तों और अन्य लोगों से 45 लाख रुपए ऋण लिया। अब हम तभी बच सकते हैं, जब सरकार हमारी मदद करे। अन्यथा सब खत्म हो जाएगा।' 'उत्तरी गुजरात के मेहसाणा, गांधीनगर, पाटन और बनासकांठा जिलों के विभिन्न गांवों के कुल 33 लोगों को निर्वासित किया गया है।' मेहसाणा जिले में खेरवा, जोरारनंग और मेउ गांवों को तो 'डोलारियो विस्तार' (डॉलर क्षेत्र) के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इन गांवों से बड़ी संख्या में लोग वर्षों से विदेश में बस गए हैं। निर्वासित लोगों के परिवार सदमे में हैं और यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके बच्चों के डॉलर के सपने कैसे टूट गए।

अवसाद में डूबे ये भारतीय, जिनके सपने धूमिल हो गए हैं, क्या लालच के प्रतीक हैं या ये युवा केवल अन्य लाखों लोगों की तरह बेहतर अवसर की तलाश में विदेश गए थे? विदेशी धरती पर कानून के उल्लंघन के कारण इनके साथ हुई घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं।कहा जा रहा है कि बेरोजगारी और कम वेतन के कारण समृद्ध राज्यों के युवा भी देश छोड़कर अमीर देशों में जाने को मजबूर हैं। लेकिन करोड़ों रुपए खर्च कर अमेरिका पहुंचने के सपने देखने वाले इतने भी कम सामर्थ्यवान नहीं रहे होंगे। दरअसल, बहुत से लोग सोचते हैं कि अगर वे किसी तरह वहां पहुंच गए, तो वे अंततः वहां के नागरिक बन जाएंगे। यह बहुत ज्यादा अज्ञानता और भोलापन दर्शाता है। बढ़ती गलाकाट प्रतिस्पर्धा की दुनिया में हर देश सिर्फ अपने बारे में सोच रहा है, और अमीर देश बैरिकेड्स लगाकर संरक्षणवादी बन रहे हैं। भारत को इस समस्या की जड़ को खत्म करने के बारे में कदम उठाना चाहिए।कानूनी दस्तावेजों के बिना दूसरे देशों में जीवन हमेशा जोखिम भरा होता है। अगर जीवन है, तो उम्मीद भी है। उम्मीद है कि ये युवा समाज में फिर से शामिल हो जाएंगे और उन्हें ऐसा काम मिल जाएगा, जिससे वे जीवनयापन करने में सक्षम हों। उम्मीद है कि वे हासिल करने लायक सपनों और तबाही लाने वाले झूठे सपनों के बीच अंतर करना सीख जाएंगे और झूठे सपनों के सौदागरों से सावधान रहेंगे।

### राज्यपाल ने 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का किया उद्घाटन, कहा

# पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को खेलगांव स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का उद्घाटन किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करता है, बल्कि आपसी सहयोग, नवीन तकनीकों के आदान-प्रदान और पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है।

राज्यपाल ने कहा कि पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं। वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जनहित एवं राज्यहित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समाज और राज्य की सुरक्षा के लिए अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों, चुनाव कार्यों, प्राकृतिक आपदाओं या उग्रवाद से निपटने की चुनौती, हर परिस्थिति में पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, साहस और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उनका यह बलिदान, त्याग एवं सेवा की भावना सभी को प्रेरित करता रहेगा।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'स्मार्ट पुलिसिंग' की परिकल्पना की गई है, जिसमें पुलिस बल को अधिक संवेदनशील, आधुनिक, सतर्क, जवाबदेह और तकनीक-प्रेरित बनाने का आह्वान किया गया है। पुलिस सेवा केवल कानून व्यवस्था के संधारण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शांति, महिला सशक्तीकरण, बाल संरक्षण, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।



### वर्तमान में साइबर अपराध से चुनौतियां बढ़ रही है

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीकों और विशिष्ट कौशल से सुसज्जित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व में लागू किए गए नए आपराधिक कानून हमारे न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ और पीड़ित केंद्रित बनाना है, जिससे अपराधियों को त्वरित सजा मिल सके और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले।

राज्यपाल ने आशा प्रकट करते हुए कहा कि यह आयोजन पुलिस बल को आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और उनकी क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि पुलिस बल नवीनतम तकनीकी संसाधनों से लैस हों, ताकि वे अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, आतंकवाद और अन्य जटिल चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। साथ ही, जनमानस और पुलिस के बीच विश्वास और समन्वय को और मजबूत करना भी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची दौरा

## सभी विभागों को समन्वय से कार्य करने का निर्देश



● मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह 15 फरवरी को वापस दिल्ली लौट जाएंगी। इस दौरान वह बीआइटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। उनके रांची आगमन पर तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के दौरा के दौरान पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रखें। जहां जरूरी हो, विभाग एक दूसरे से समन्वय बना कर तैयारियों को पुख्ता करें।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया। वहीं एयरपोर्ट के निदेशक को हवाईअड्डा पर वीआईपी लाउंज को व्यवस्थित रखने को कहा। इस दौरान राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार अलग- अलग व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान स्वागत के लिए बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, कारकेड, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन और आवासन की व्यवस्था, विद्युत और ध्वनि विस्तारक की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल और आवासन स्थल पर मेडिकल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन मार्ग को दुरुस्त करना सहित कई अन्य जरूरी व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

## जनादेश का अपमान कर रही सरकार : मरांडी



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि मंगलवार को फरवरी महीने की 11 तारीख हो जाएगी। वादे के अनुरूप 11 तक प्रदेश की सभी बहनों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जानी चाहिए, लेकिन अब तक सरकार पिछले जनवरी माह की राशि का भी भुगतान नहीं कर पाई है। कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हो रही, हेमंत सोरेन की एग्जाम कैलेंडर वाली घोषणा जुमला साबित हुई।

### ईडी ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा

## पूजा सिंघल को ना दिया जाए विभाग, जांच होगी प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य की वरीय आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल का निलंबन खत्म होने के बाद उन्हें विभाग आवंटित करने की तैयारी हो रही है। वहीं ईडी ने रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह आग्रह किया है कि उन्हें कोई विभाग नहीं दिया जाए। ईडी की तरफ से दाखिल याचिका में कहा गया है कि पूजा सिंघल को अगर राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं। ईडी की याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। अब कोर्ट ईडी की याचिका पर आगामी 14 फरवरी को सुनवाई करेगा। दरअसल मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 5 मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को करोड़ों रुपए और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से लगभग 20 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी, पूजा सिंघल को बीते 7 दिसंबर 2024 को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है।

## परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा जारी

रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा को लेकर 11फरवरी से तीन मार्च तक पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:05 बजे तक विभिन्न 86 परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र एवं उनके अभिभावक द्वारा परीक्षा केन्द्र पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं, इस आशंका के मद्देनजर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

## नगर निगम के निर्देशों की अवहेलना पर रोस्पा टावर के दो प्रतिष्ठानों को किया गया सील

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत भवनों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होल्डिंग, ट्रेड लाइसेंस एवं रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियों की जांच हेतु लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है व विधिसम्मत कार्रवाई की जा रहीं है। इस क्रम में सहायक प्रशासक के नेतृत्व में निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा रोस्पा टावर अवस्थित दो प्रतिष्ठानों को सील किया गया।

निगम की टीम के द्वारा पूर्व में ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने हेतु 26 नवंबर से 20 दिसंबर एवं 31 जनवरी को नोटिस निर्गत किया गया था। साथ ही कर संग्रहकर्ताओं के द्वारा भी कई बार स्वयं जा कर प्रतिष्ठान में ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर लेने हेतु निर्देशित किया गया था। निगम की टीम के द्वारा में पूर्व में कई बार लाइसेंस प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया गया।



इसके अलावा निगम द्वारा 31 जनवरी को ट्रेड लाइसेंस हेतु विशेष शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसपर प्रतिष्ठानों के द्वारा ट्रेड लाइसेंस लेने में रुचि नहीं दिखाई गई। जिसके उपरांत झारखंड व्यापार लाइसेंस विनियम, 2017 के कंडिका 19 का प्रयोग करते हुए निगम द्वारा दुकानों को सील किया गया।

मौके पर सहायक प्रशासक द्वारा बताया गया कि निगम क्षेत्रांतर्गत व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदारों को म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिस परिसर में बिना लाइसेंस के व्यवसाय संचालित हो रहा है. वैसे परिसर को पकड़े जाने पर सील किया जाएगा। जितने भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान म्युनिसिपल लाइसेंस ले चुके हैं, वे लाइसेंस की अनुज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठान में ऐसे स्थापित करें जिसका अवलोकन वेरिफिकेशन के क्रम में सहजता के साथ किया जा सके। इस दौरान नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन के कर संग्रहकर्ता एवं राजस्व शाखा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रिटेन, इटली व लेसोथो के डेलिगेट के साथ रक्षा राज्य मंत्री की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

रांची। बेंगलुरु में आयोजित एरो इंडिया कार्यक्रम में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सोमवार को ब्रिटेन के डेलिगेट्स के साथ बैठक हुई। इस बैठक में ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर उपस्थित थे भारत और यूके के बीच मजबूत होते रक्षा सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके लिए इटली के डेलिगेशन एवं अवर रक्षा राज्य सचिव माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ बैठक हुई। इस बैठक में इटली और भारत के बीच मजबूत होते रक्षा सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। लेसोथो के डेलिगेट्स एवं वहां के लिम्फो ताऊ प्रधान मंत्री कार्यालय लेसोथो में मंत्री के साथ बैठक हुई। बैठक में भारत और लेसोथो के बीच मजबूत होते रक्षा सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

## महिला की सुरक्षा पर राज्य सरकार विफल : राफिया नाज

● दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर सरकार का खामोशी भरा रुख

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की महिला सुरक्षा पर कड़ी आलोचना की है। हाल ही में लोअर बाजार थाना क्षेत्र में सदर अस्पताल परिसर के डाक्टर स्टाफ क्वार्टर के तीसरे तल्ले में दो लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई। यह घटना मानवता को शर्मसार करने के साथ यह साबित करती है कि महिला अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यह सिर्फ एक उदाहरण है, क्योंकि राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उदाहरण के तौर पर हाल में ही रिम्स में एक दवाई लेने आयी महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी, तब ही सरकार को चौकस हो जाना चाहिए था और महिला सुरक्षा से संबंधित सख्त कदम उठाने चाहिए थे। क्योंकि ऐसी घटनाओं से राज्य की महिलाओं के बीच सुरक्षा को लेकर भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है। राफिया नाज ने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पूरी तरह से सोई हुई है। न तो राज्य महिला आयोग का गठन हुआ है, और न ही अधिकांश पुलिस थानों में महिला पुलिस कांस्टेबल्स की पर्याप्त संख्या है। जिन थानों में महिला पुलिस कांस्टेबल्स हैं, उनकी संख्या बेहद कम है। इसके अलावा, राज्य में फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का अभाव है, जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों का त्वरित निपटारा नहीं हो पा रहा है। इससे अपराधियों को सजा मिलने में देरी हो रही है, जिससे समाज में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को बढ़ावा मिल रहा है।







# दिल्ली में भाजपा की सरकार बिहार में कौन अबकी बार?

### झारखंड के नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में तीन राज्यों में भाजपा की जीत ने बिहार पर जिम्मेदारी डाल दी है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बाद अब सबकी नजर इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव पर है। दिल्ली में जीत हासिल करने के बाद भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। वहीं विपक्ष सहमा हुआ है। भाजपा बिहार में एनडीए के लक्ष्य 225 को हासिल करने को लेकर बनी रणनीति पर आगे बढ़ रही है। हालांकि विपक्ष दिल्ली चुनाव परिणाम का बिहार में कोई प्रभाव नहीं पड़ने की बात भी कह रहे हैं। झारखंड में भी भाजपा ने दावा किया है कि जिस प्रकार दिल्ली में एनडीए ने विजय हासिल किया उसी प्रकार बिहार में भी एनडीए का परचम लहराएगा।

### बिहार में होगी एनडीए की जीत : राफिया नाज



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने बिहार चुनाव पर कहा कि बिहार में एनडीए की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा बिहार को एक समय में अपराध व चारा घोटाले से जाना जाता था। उन्होंने कहा आज की तारीख में नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार को नशामुक्त व आईएएस और आईपीएस बनाने वाला राज्य बना दिया है। साथ ही उन्होंने कहा तेजस्वी यादव की सरकार में गिव एंड टेक का सिलसिला चल रहा था जिसमे नौकरी लो और जमीन दो चल रहा था। लेकिन अभी बिहार की तस्वीरें बिलकुल बदल गई है। अब बिहार में लोग रोजगार अपने बलबूते पाते हैं । सरकार उन्हें रोजगार के रास्ते बताती है। इन्ही बातों के साथ राफिया नाज ने दावा किया कि बिहार में भी एनडीए की ही सरकार बनेगी। झारखंड के विषय पर राफिया ने कहा झारखंड में मंईयां योजना के नाम पर महिलाओं को राज्य सरकार ने ठगा है। झारखंड में अपराध चरम सीमा पर है। साथ ही मैनिफेस्टो के अनुसार घरेलू गैस की कीमत काम करनी थी लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जनता को लोलीपोप थमाया है। झारखंड की जनता से प्रेरणा लेकर बिहार की जनता एनडीए की सरकार को चुनेगी।

### साल की शुरूआत दिल्ली से, अंत बिहार की जीत से : सागर



जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा की साल की शुरूआत दिल्ली फतह के साथ हुई है और अंत बिहार में ऐतिहासिक जीत के साथ होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जीत मोदी की गारंटी की जीत है। उन्होंने कहा केजरीवाल का उदय भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन से हुआ, जनता ने उनपर भरोसा जताया मगर वे खुद और कैबिनेट के साथियों संग भ्रष्टाचार के आरोप में जेल चले गए। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में मजबूत एनडीए सरकार चल रही है और यह कल्याणकारी सरकार है। बिहार विस चुनाव में भी दिल्ली की तरह हमारी ऐतिहासिक जीत होगी।

### भाजपा लूट की सरकार बनाती है : कमल ठाकुर



दिल्ली में आम आदमी पार्टी के हार के बाद अब बिहार में चुनाव की तैयारी एनडीए और इंडिया गठबंधन जोरों से कर रही है। भाजपा ने दावा किया है बिहार में भी एनडीए की सरकार ही बनेगी। जिस पर कांग्रेस प्रवक्ता कमल ने कहा दिल्ली के समीकरण और बिहार के समीकरण में जमीन आसमान का फर्क है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अधिकतर बाहरी लोग हैं लेकिन बिहार में स्थानीय लोग हैं। दिल्ली और बिहार के निवासियों की जरूरतों में भी काफी फर्क है। इसलिए दिल्ली में भाजपा की जीत का मतलब कतई नहीं है की बिहार में भी एनडीए की जीत सुनश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड में अब तक नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया वो भाजपा बिहार चुनाव जितने के खोखले दावे ही कर सकती है।

## पूर्वी कमान अलंकरण समारोह कल

**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 फरवरी को दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम,जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसमें 20 सेना पदक (वीरता), 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 युद्ध सेवा पदक, 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक, इसके अतिरिक्त, 45 सैन्य यूनिटों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। मंगलवार को कार्यक्रम से एक दिन पहले, एक सांस्कृतिक संध्या 'शौर्य सनाध्य' आयोजित की जाएगी, जिसमें मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुति व भव्य आतिशबाजी प्रदर्शन की जाएगी। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का समापन

# अन्नदाता खुशहाल होंगे तो राज्य और देश खुशहाल होगा : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कृषि को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिकों से ज्यादा निष्ठा और समर्पण से काम करने और प्रयोगशाला से बाहर निकलकर किसानों के खेत में ज्यादा समय देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता खुशहाल होंगे तभी हमारा राज्य और देश खुशहाल होगा। राज्यपाल सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि दक्षिण भारत के अधिकांश किसान साल में तीन फसल लगा रहे हैं, जबकि झारखंड के बहुसंख्यक किसान वर्ष में एक ही फसल लगा पाते हैं। जबकि, यहां के किसान बहुत मेहनती हैं, किसी अन्य राज्य के किसान से कम नहीं हैं। जरूरत है उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन, प्रोत्साहन व सुविधाएं प्रदान करने की। कहा कि हमें एक-फसल तक सीमित न रहकर बहुफसल खेती की ओर ध्यान देना होगा। किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें प्राथमिक कृषि से माध्यमिक कृषि की ओर बढ़ना होगा। राज्यपाल ने कहा कि मिट्टी के टिकाऊ स्वास्थ्य के लिए किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कुछ गांवों को गोद लेकर आदर्श गांव के रूप में विकसित करना चाहिए, जिससे आसपास के गांव प्रेरित हों।

### बागवानी प्रदर्शनी में 208 लोग पुरस्कृत

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों पर चर्चा की और कहा कि मेला में भागीदारी के लिए 3000 किसानों ने निबंधन कराया और लगभग 15,000 लोगों ने भाग लिया। बागवानी प्रदर्शनी में एक हजार से अधिक प्रविष्टियां आईं, जिनमें से 208 लोगों को पुरस्कृत किया गया।



### किसानों को मिले सामाजिक पहचान : विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि बहुत कम लाभ के कारण किसान खेती छोड़ रहे हैं। उन्हें इस पेशे में बनाए रखने के लिए कृषि कार्य को लाभकारी बनाने के साथ-साथ किसानों को उचित सामाजिक पहचान, सम्मान, पुरस्कार और गरिमा प्रदान करने की जरूरत है। वहीं, कांके के विधायक सुरेश बैठा ने बीएयू के आकस्मिक मजदूरों की नियमित नियुक्ति के लिए नियम बनाने और कांके के पोटपोटो व जुमार नदी में लिफ्ट सिंचाई सुविधा विकसित करने का आग्रह कृषि विभाग से किया।

### बीएयू के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति का प्रयास: कृषि सचिव

कृषि सचिव अबूबकर सिद्दिकी ने कहा कि दलहन, मिलेट्स, पुष्प उत्पादन सहित बागवानी फसलों, मत्स्य उत्पादन और पशुपालन में झारखंड में काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि संगठित बाजार की मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्पाद समय पर उपलब्ध कराने का प्रयास करना होगा। कहा कि जेपीएससी के नए अध्यक्ष की नियुक्ति होते ही बीएयू के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति का प्रयास किया जाएगा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने जय जवान, जय किसान के साथ-साथ जय विज्ञान व जय अनुसंधान के नारे को अमलीजामा पहनाने की दिशा में गंभीर प्रयास पर जोर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### 'अखंड अहिवात' और 'कश्मीर से कन्याकुमारी' पुस्तकों का हुआ विमोचन



**रांची।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे विश्व पुस्तक मेला-2025 में रांची की लेखिका 'मीनू' मीना सिन्हा की दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। उनकी छठवीं पुस्तक 'अखंड अहिवात' (कहानी संग्रह) जो 'इंडिया नेटबुक्स' तथा सातवीं पुस्तक 'कश्मीर से कन्याकुमारी' (यात्रा वृतांत) लिटिल बर्ड प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन जाने-माने प्रतिष्ठित साहित्यकारों के कर कमलों द्वारा हुआ। जिसमें फारुख आफरीदी, राजेश कुमार, प्रताप सहगल, राम स्वरूप दीक्षित, डॉ. संजीव कुमार, डॉ मीरा सोनी, कुसुमलता सिंह और अन्य थे। अखंड अहिवात' कहानी संग्रह में बारह कहानियों का संकलन है जिनकी पृष्ठभूमि में यथार्थ की विसंगतियों हैं। कहानियां स्त्री की पीड़ा, बेबसी, मनोदशा को दर्शाती है। मीनू की रचनाएं हरेक विधा में स्त्री विमर्श के लिए ही समर्पित होती हैं । 'कश्मीर से कन्याकुमारी' यात्रा वृतांत में भारत के ओर- छोर की यात्रा का रोचक विवरण है जो अपने आप में कई कहानियां समेटे है। पांच काव्य संग्रह के प्रकाशन के उपरांत लेखिका का गद्य विधा में दो पुस्तकों का प्रकाशन उनके बहुधर्मी रचनाधर्मिता को दर्शाता है। उनकी दो पुस्तकें प्रकाशनाधीन है।

### लूटपाट में शामिल दो युवक गिरफ्तार, सिटी एसपी ने किया खुलासा



**रांची।** लालपुर थाना पुलिस ने लूटपाट में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि बीते शनिवार की रात 9 |30 बजे लालपुर थाना क्षेत्र स्थित आरके मार्केट के पास स्थित रोड पर अपने घर जा रहे एक युवक से बाइक पर सवार दो युवकों द्वारा मोबाईल लूट लिया गया था। जिसके बाद लालपुर थाने मे इसकी शिकायत की गई थी। जिसके आधार पर लालपुर थाना द्वारा कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए रितिक सोनी और अशोक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक और लूटे गये मोबाईल को बरामद किया गया है। रितिक कुमार का पहले से आपराधिक इतिहास है।

### केंद्रीय विद्यालय हिनू में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन



**रांची।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार प्रादेशिक कार्यालय रांची की ओर से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हिनू में सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा छात्र/ छात्राओं को आगामी 10 वी एवं 11वीं परीक्षा को देखते हुए परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा में पास होने के लिए कई टिप्स दिए। साथ ही प्रधानमंत्री ने छात्र/ छात्राओं को यह संदेश दिए कि अगर किसी छात्र को असफलता हाथ लगती हैं तो हमें घबराना नहीं चाहिए। बल्कि उसे डटकर मुकाबला करना चाहिए। तभी सफलता हाथ लगेगी। असफलता ही सफलता की कुंजी है। चर्चा के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए छात्र/ छात्राओं से प्रश्नोत्तरी कर उनके सवालों के जवाब दिए। साथ ही प्रधानमंत्री ने पर्यावरण के प्रति छात्रों को आकृष्ट भी किया। वहीं एक पेड़ मां के नाम पर भी संदेश दिए। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के करीब 400 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पे चर्चा में भाग लिए। इस कार्यक्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हिनू के प्राचार्य ान्दन कुमार चौधरी, उप प्राचार्या नमिता भंज, वरिष्ठ शिक्षक विजेंद्र कुमार आदि शिक्षकों ने सहयोग दिए।

### वरीय अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ डीसी ने की बैठक, कहा

# कार्यालयों में दलाल व बिचौलिए किसी भी परिस्थिति में ना आएं




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को जिला स्तरीय सभी वरीय अधिकारियों/पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा की सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से कार्यालय ससमय आएं। वहीं आम लोगों की शिकायतों को संजीदगी से सुनते हुए उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का निष्पादन करें। साथ ही सामाजिक शिकायत पर भी ध्यान दे। जिला प्रशासन आम नागरिकों की शिकायत को दूर कराने को लेकर लगातार लगी हुई है। आम जनों की शिकायतों को दूर करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को विशेष रूप से कहा की अबुआ साथी में आए शिकायतों का निष्पादन सम्बंधित पदाधिकारी जल्द से जल्द करें, ताकि आम लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बना रहें। साथ ही उन्होंने कहा की लगातार शिकायत प्राप्त होती है, की कार्यालयों में दलाल बिचौलिया अपना पैठ जमा कर रखें है, कार्यालयों में दलाल,बिचौलिया किसी भी परिस्थिति में ना आए यह सम्बंधित सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से ध्यान दे।

### डीएवी हेहल में 10वीं के छात्रों को दी गई विदाई

## आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें और लक्ष्य को प्राप्त करें : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीएवी हेहल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद सह-विदाई समारोह का आयोजन विद्यालय के बहुद्देश्यीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक हवन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने वेदमंत्रों का उच्चारण करते हुए आहुतियां अर्पित कीं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों की महत्ता पर बल दिया। विद्यालय के शिक्षक अखिलेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, जीवन में निरंतर प्रयास ही सफलता का आधार बनता है। वहीं, शिक्षिका अनुश्री सिन्हा ने सकारात्मक सोच और संयम के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने की सलाह दी।

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**रांची।** रांची के उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने जनता दरबार में जिले के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं से अवगत हुए. उन्होंने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में अनियमितता आदि से संबंधित आवेदन आये. सुनीता सिंह द्वारा फ्लैट का दाखिल-खारिज अस्वीकृत किये जाने का आवेदन जनता दरबार में दिया गया, जिस पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा अंचल अधिकारी को मामले के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावा, राहे प्रखंड प्रमुख द्वारा सभी पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में अनियमितता के संबंध में शिकायत की गयी, जिस पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा उपविकास आयुक्त आयुक्त एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. राकेश कुमार द्वारा खेलगांव थाना क्षेत्र में स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा गृह निर्माण कार्य रोके जाने की शिकायत की गयी, जिस पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा मामले की जांच करने का निर्देश संबंधित अंचल अधिकारी को दिया गया।

## रश्मि शर्मा की कहानी संग्रह 'सपनों के ढाई घर' का हुआ लोकार्पण



**रांची।** विश्व पुस्तक मेले में रश्मि शर्मा के दूसरे कहानी संग्रह 'सपनों के ढाई घर' का लोकार्पण राजकमल प्रकाशन समूह के जलसाघर में वरिष्ठ कथाकार भालचंद्र जोशी, आलोचक-कथाकार वैभव सिंह, आलोचक रश्मि रावत और राजकमल प्रकाशन के प्रबंध निदेशक अशोक माहेश्वरी के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा में भालचंद्र जोशी ने कहा कि संग्रह की शीर्षक कहानी मातृत्व जैसे एक बेहद गंभीर विषय पर बात करते हुए भी आद्योपांत प्रेम की उंगली थामे रहती है। इसी तरह 'तीज का चांद और पेट में उड़ती तितलियां' भी प्रेम पर लिखी बहुत अच्छी कहानी है। रश्मि शर्मा की कहानियों में प्रेम की आकस्मिकता का सौंदर्य नजर आता है।

वैभव सिंह ने कहा कि रश्मि की कहानियां झारखंड के गांव और वहां के जीवन के साथ - साथ महिलाओं के संघर्ष की बात करती है, यह बहुत अच्छी बात है। रश्मि रावत ने कहा कि संग्रह की शीर्षक कहानी 'सपनों के ढाई घर' और कुछ अन्य कहानियां पढ़कर यह लगता है कि जिस तरह शतरंज में ढाई चाल चलनी पड़ती है, वैसे ही आजकल स्त्रियों को अपना हक हासिल करने के लिए भी राजनैतिक चेतना के ढाई चाल से लैस होना पड़ता है। यह कोई नकारात्मक बात नहीं है बल्कि उनके सपनों के लिए जारी संघर्ष का एक हिस्सा है। उन्होंने 'मोटिफ' और 'मन के घेरे' कहानी का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कहानियों में स्त्री मन का बहुत बारीक वर्णन है। रश्मि शर्मा ने कहा कि संग्रह की सभी कहानियाँ अलग-अलग परिवेश की हैं और उम्मीद है सभी को पसंद आएगी। संचालन कथाकार और लोकभारती प्रकाशन के संपादक मनोज पांडे ने किया।

## माघ पूर्णिमा और प्रयागराज महाकुंभ का संगम हिंदू धर्म का है एक अद्वितीय पहलू : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को है। पंचांग के अनुसार माघ पूर्णिमा की तिथि का प्रारंभ 11 फरवरी को शाम 6:55 मिनट पर हो रही है और अगले दिन यानी 12 फरवरी को शाम 07:22 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि का अधिक महत्व है। ऐसी स्थिति में 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा मनाई जाएगी। यह पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु संग लक्ष्मीजी की आराधना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। माघी पूर्णिमा के दिन घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा करना चाहिए। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन मत्स्य अवतार धारण किया था, इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। माघ पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक अत्यंत पवित्र तिथि मानी जाती है, जो माघ माह की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस दिन का विशेष महत्व धार्मिक क्रियाओं, पूजा-अर्चना और पवित्र नदियों में स्नान के साथ जुड़ा हुआ है।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्यों की हुई बैठक

## दस मार्च को होली मिलन महोत्सव स्वामी सदानंद जी महाराज भी पधारेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, पुंदाग में संपन्न हुई। बैठक मे ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं अपना घर आश्रम में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक मे निर्णय लिया गया कि 10 मार्च को श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम में होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। होली मिलन महोत्सव मे परमहंस डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहकर सबों को आशीर्वाद देंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर के परिसर मे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को श्री प्रणामी सत्संग भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगर के प्रमुख धार्मिक संस्थाओं के भजन मंडलियों को आमंत्रित किया जाएगा।




**आज / कल**

**तीसरी आंख**




### रिम्स-2 के निर्माण में उलझन

## जमीन गई विवि की मान्यता पर आ सकता है संकट : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार टू के गठन के बाद राज्य में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने खुद मोर्चा संभाला और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करने के साथ राजधानी रांची में रिम्स टू के निर्माण की योजना बनाई है। हालांकि रिम्स टू का निर्माण कांके प्रखंड में स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की जमीन पर होना है, लेकिन अब रिम्स टू के निर्माण में उलझन है। एग्रोटेक किसान मेला 2025 के समापन के दौरान राज्यपाल संतोष गंगवार के मौजूदगी में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि रिम्स टू का निर्माण अगर विवि की जमीन पर हुआ तो मान्यता पर संकट आ सकता है। विवि के कुलपति डॉ. सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि हमारे पास वही एक बड़ा लैंड है जिस पर खेती होती है और बीज उत्पादन होता है साथ ही पीएचडी के छात्र शोध करते हैं ,सीएसआर की तीस परियोजनाएं हमारे यहां चलायी जाती है जिसके लिए जमीन चाहिए। जमीन नहीं रहने पर परियोजना नहीं चल पाएगी। कृषि विश्वविद्यालय के लिए 1000एकड़ जमीन की जरूरत होती है. लेकिन हमारे पास सिर्फ 450 एकड़ जमीन है। जमीन चली जाने के बाद निश्चित तौर पर शोध भी बाधित होगा। शिक्षा भी बाधित होगी और हो सकता है कि हमें मान्यता के लिए भी संघर्ष करना पड़े।



**कांके में होना है रिम्स-2का निर्माण**

रिम्स-2का निर्माण कांके अंचल क्षेत्र में होना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने स्थलीय निरीक्षण भी कर चुके हैं। रिम्स-2के निर्माण के लिए सरकार ने1,074 करोड़ राशि का प्रावधान की है।

## एक नजर

### साकेत कुमार बने हेड ब्वॉय व रिया सिंह हेड गर्ल

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी के विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के साकेत कुमार को हेड बाय व 11वीं वाणिज्य संकाय की रिया सिंह को हेड गर्ल बनाया गया। वहीं सक्षम आर्य 11वीं विज्ञान संकाय को डिप्टी हेड बाय व 11वीं विज्ञान संकाय की अंशिकाकुमारी गुप्ता को डिप्टी हेड गर्ल नियुक्त किया गया। प्राचार्य ने उन्हें जिम्मेदारी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही निवर्तमान हेड बाय ऋषभ चंद्र, हेड गर्ल आशी सिंह, डिप्टी हेड बाय श्रेयस श्रीवास्तव एवं डिप्टी हेड गर्ल ऋषिका कौर बेदी को भी सत्र 2024-2025 में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

### अबुआ आवास में घोटाले को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बड़ा चागडू में अबुआ आवास घोटाला को देखते हुए पंचायत के ग्रामीण द्वारा सुधार के लिए पैदल यात्रा एवं धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को यह पैदल यात्रा सिल्ली ओवर ब्रिज से 10 बजे सुबह से आरंभ होकर प्रखंड मुख्यालय कार्यालय सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन ग्रामीणों के द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर ग्रामीणों ने एक ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची को सौंपा है। इसकी जानकारी बड़ा चागडू पंचायत वासी भागवत महतो एवं राजू मुंडा ने दिया।

### मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा आज से शुरू

**सिल्ली।** मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा सिल्ली प्रखंड में मंगलवार से शुरू होगी। मैट्रिक में छात्र-छात्राओं की संख्या 1910 एवं इंटर में 1008 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सिल्ली मुरी क्षेत्र में मैट्रिक में परीक्षा केंद्रों की संख्या चार और इंटर के लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्र हिंडालको स्कूल, आरटीसी स्कूल, उसुलाईन हिंदी मीडियम स्कूल, एस एस प्लस टू स्कूल और इंटर के लिए प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल, एस एस प्लस टू , हिंडालको आदि केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। मैट्रिक परीक्षा की समय सारणी सुबह 9.45 से दोपहर 1 बजे तक एवं इंटर के लिए दोपहर 2 बजे से संध्या 5.15 तक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### पुष्पा ने की दो-दो शादियां, लेकिन जिंदगी में नहीं मिली खुशी

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के न्यू बगीचा कॉलोनी, सौदागर मोहल्ला में फांसी के फंदे पर झूलने वाली पुष्पा शुक्ला की जिंदगी में कभी खुशी नहीं आई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली पुष्पा ने 30 वर्ष की उम्र में ही दो-दो शादियां कर ली थी।

# महाकुंभ से लौट रहे लापुंग निवासी जितेंद्र की पत्नी और उसकी बहन की हुई मौत

*जितेन्द्र की बहन आशा देवी सहित उनकी तीन बहनें व पत्नी संजु देवी गई थी कुंभ स्नान करने*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

महाकुंभ स्नान कर लौट रहे लापुंग की दोलैचा आसन टोली निवासी संजु देवी पति जितेन्द्र कुमार गोप और जितेंद्र कुमार गोप की बहन आशा देवी और पड़ोसी सोनी देवी की सड़क दुर्घटना में मौत होने के पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। लापुंग के रहने वाले बिजली विभाग के कर्मी जितेंद्र कुमार गोप वर्तमान पता रांची के घर में मातम पसर गया। घटना में जितेंद्र की बहन और पत्नी की मौत हो जाने से जितेन्द्र को गहरा सदमा लगा है। महाकुंभ यात्रा से लौट रही उनकी बहनें सेवाडी. मांडर निवासी अश्रिता देवी पति रामेश्वर गोप, इडरी बेडो. निवासी कांति देवी पति कलेश्वर गोप और झिको चट्टी निवासी गुड़िया देवी पति राजेन्द्र गोप सहित जितेंद्र गोप की भांजी और घायल कांति की विवाहित बेटी बुंडु निवासी पुनिता देवी घायल हो गईं। अश्रिता देवी को हल्की चोटें आई है जबकि गुड़िया देवी को गंभीर चोटें आई है। महाकुंभ स्नान के लिए जितेन्द्र कुमार गोप की बहनें लापुंग डाड़हा बिरमकेल निवासी मीरा देवी पति जलेश्वर गोप एवं मालती देवी नहीं गई थी। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ की यात्रा में चालक को छोड़कर उनके घर का कोई भी पुरुष सदस्य नहीं गया था। महाकुंभ जाने वाली सभी महिलाएं थी। उनमें जितेन्द्र की बहन आशा देवी सहित उनकी तीन बहनें तथा पत्नी संजु देवी गईं थी। घटना में संजु देवी और आशा देवी की दर्दनाक मौत हो गई तथा रांची निवासी सोनी देवी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब संजू देवी का शव रांची के बाजरा स्थित आदिवासी चौक के समीप जितेंद्र के वर्तमान घर में पहुंचा तो कोहराम सा मच गया।

# उच्च शिक्षा के दौरान हर कदम पर रखें माता पिता के सम्मान का ध्यान : डॉ कमलेश

◆शिक्षकों ने विदा हो रहे बच्चों को अपनी भावनाएं व्यक्त कर आशीर्वाद दिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचार्य व शिक्षकों को मार्गदर्शन व सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 12वीं कक्षा के बच्चों व उनके माता-पिता के साथ वैदिक हवन का आयोजन कर शुरूआत की गई। प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्वअनुशासन और आगामी परीक्षा में अच्छे अंकों से सफल होने के लिए सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बच्चों को सलाह दी कि आगे की पढ़ाई के लिए कालेज अथवा विश्वविद्यालय में जहां भी आप पढ़ें, कोई भी कदम उठाने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलू के बारे में सोचें तथा देखें कि इससे हमारे ऊपर क्या प्रभाव पड़ेगा, साथ ही अपने माता-पिता के मान सम्मान का भी ध्यान रखें। शिक्षकों ने विदा हो रहे बच्चों को अपनी भावनाएं व्यक्त कर आशीर्वाद दिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचार्य व शिक्षकों को मार्गदर्शन व सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों को कठिन परिश्रम करने की सलाह दी गई। बताया गया कि वार्षिक परीक्षा में कैसे अपना सर्वोत्तम प्रयास करना है। परीक्षा में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तार से समझाया। 12वीं के बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी वहीं कुछ अपने साथियों से बिछड़ते हुए भावुक भी हुए। इस अवसर पर 11वीं और 12वीं कक्षा के सभी बच्चे, उनके माता-पिता और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे ।मंच संचालन रिया सिंह, साकेत कुमार, उत्पन्ना कुमारी और निखिल कुमार ने किया।

## न्यूज | बॉक्स

### जिप सदस्य ने युवाओं में नशे की लत पर चिंता व्यक्त की



**अड़की।** पूर्व जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी अनूप कुमार साहू के अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत सचिवालय अड़की में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी वर्ग के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में अफीम की खेती एवं युवा वर्ग में फैलता नशे की लत को लेकर चिंता व्यक्त की गई। युवा वर्ग से अपील की गई की नशे की खेती एवं नशा पान से दूर रहे। युवा वर्ग कल के भविष्य हैं। जीवन में नकारात्मक सोच से खुद को अलग रखते हुए आगे बढ़े। बैठक में उपायुक्त से मांग की गई की स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधानों से बैठक कर ग्रामीणों के हित में ऐसी योजना चलाई जाए जिससे उनका लाभ मिल सके। अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करें एवं अफीम की खेती से दूर रहकर वैकल्पिक खेती कर जीविका उपार्जन करें। इस मौके पर मोती पातर,चैतन पुराने, बूंदी राम मुंडा, सागर मुंडा, राम सिंह मुंडा, नेमतुल्लाह अंसारी, मनोज साहू, शिवचरण मुंडा, चंद्रसाय शोले, युधिष्ठिर मानकी, सैनाथ मुंडा, अमर सिंह मांझी, कृष्ण सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया



**खलारी।** सरना अकादमी डमी कुसुमटोला का 12वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अतिथि एनके एरिया के विस्थापित नेता बहुरा मुंडा व बेती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व अतिथियों को पारम्परिक तरीके से स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। गमछा व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं ने नृत्य, नाटक, कव्वाली, डांडिया आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाकों में स्थित सरना एकेडमी के बच्चों को केवल शिक्षित ही नहीं बना रहा बल्कि भविष्य के लिए उन्हें तैयार कर रहा है, ताकि वे स्वयं अपनी मंजिल पा सकें। प्रधानाचार्य गोपाल सिंह ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के समर्थन और विश्वास के बिना विद्यालय की सफलता संभव नहीं है। बहुरा मुंडा ने कहा कि हाल ही में इस विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता मिला है। ग्रामीण इलाकों के बच्चों को इससे बेहतर अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पवनकुमार चौरसिया, सनीकुमार आर्या, उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता, शिक्षक रतन सिंह, बलबीर यादव, खुशी झा, अनिशिखा कुमारी, गुनगुन कुमारी, प्रिया रौंदा, क्रांति हैंशाला, दिव्या कुमारी आदि उपस्थित थे।

### पलाश जेएसएलपीएस उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** नगड़ी प्रखंड के सभागार मे एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी दीपाली भगत, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी , प्रखंड प्रमुख मधुवा कच्छप, विधायक प्रतिनिधि खिजरी विधान सभा संजय सरेया, सांसद प्रतिनिधि (रांची लोक सभा क्षेत्र) केदार महतो, पंचायत समिति सदस्य दुर्गी तिर्की , मनरेगा इढड श्रीमती अनुजा कुमारी एवं पलाश खरछढर इढट श्री सुखदेव लोहरा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, श्री सुखदेव लोहरा के द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया की नगड़ी प्रखंड मे कुल तीन समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है।

### अंधेरों से रौशनी में तब्दील हुआ पतरा गोंदा गांव

# लायंस क्लब ऑफ समर्पण ने गांव में लगवाए स्ट्रीट लाइट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार को सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ समर्पण कि ओर से कांके डैम के पीछे स्थित पतरागोंदा गांव में स्ट्रीट लाइट लगवाया गया। ज्ञात है कि स्ट्रीट लाइट न होने के कारण गांव अंधकार में तब्दील हुआ करता था। इससे गांव वालों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसी को देखते हुए और ग्रामीणों की मांग पर लायंस क्लब ऑफ समर्पण की एमजेएफ लायन सीमा सिंह ने अपने बेटे शिव विक्रम सिंह के जन्मदिन पर गांव की उप मुखिया नमिता देवी को दो एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं एक सोडियम वेपर स्ट्रीट लाइट भेंट स्वरूप दी। इस कार्यक्रम कि स्पॉन्सर एमजेएफ लाइन सीमा सिंह के प्रयास से सफल हो पाया। उन्होंने इस सकारात्मक कार्य कर गांव को रौशनी प्रदान किया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों के महिला पुरुष और बच्चे काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, शुभम चौधरी समेत लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह, उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, सिंधु बाला, संगीता जुलका, हेमा बंका, नीलम कुमारी, सारिका अग्रवाल, संजीवनी साहू समेत कई लायंस क्लब ऑफ समर्पण के सदस्य और सैकड़ों ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# मेगा ट्रेड फेयर में उत्पादों पर मिल रही भारी छूट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोहराबादी मैदान में सात फरवरी से चल रहे 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में सोमवार को हजारों की संख्या में लोग अपने परिवार और दोस्तों संग पहुंचे और खरीदारी की। झारखण्ड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ट्रेड फेयर में सबसे अधिक भीड़ लाइफस्टाइल और इंटरनेशनल वाले हैंगर में दिख रही है। खासतौर पर महिलाओं की भीड़ कपड़ों, आर्टिफिशियल ज्वेलरी वाले स्टॉल पर अधिक उमड़ रही है। फेयर में कई स्टॉलधारक छूट दे रहे हैं। फर्नीचर वाले हैंगर में दिल्ली की कंपनी वूडलैंडर फर्नीचर में 80 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां सोफा और डाइनिंग टेबल सेट उपलब्ध है। सोफा की शुरूआती कीमत 55 हजार रुपए और डाइनिंग टेबल सेट 60 हजार से दो लाख रुपए तक में मिल रहा है। इन सभी फर्नीचरों पर पांच से 10 साल की वारंटी भी दी जा रही है। साथ ही ब्रांडेड सोफा कम बेड फैक्ट्री प्राइस पर उपलब्ध है। फेयर में पीतल से बने रसोई घर में प्रयोग होने वाली सामाग्री भी मिल रहा है। इसके अलावा यूपी के कन्नौज का इत्र भी बिक रहा है।

# राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शादाब का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

प्रखंड के मसमानो के रहने वाले सादाब अंसारी ने राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप शानदार प्रदर्शन किया है। मूरी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप में उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सादाब अंसारी पहले ही रांची जिला बॉडी बिल्डर का खिताब जीत चुके है। अपनी सफलता पर सादाब ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नही होती है। मेहनत और लगन से हर सफलता को पाया जा सकता है। सादाब भाजपा नेत्री सोनी तब्बासुम के बेटे है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बहन रेखा सोरेन और विधायक अमित महतो, प्रशिक्षक वसीम राजा ने भी उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी है। सादाब की सफलता पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष है।

### श्मशान घाट में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, प्रदर्शन

**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत में विधायक फंड से श्मशान घाट के निर्माण कार्य का ठेका दिया है। ठेकेदार निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगा रहा है। स्थिति यह है कि कुछ दिन पूर्व बनने के तुरंत बाद छज्जा गिर गया था। जिसे बाद में फिर से बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से निर्माण कार्य जारी है। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण की गुणवत्ता परखी, तो वह घटिया स्तर की थी। समाजसेवी पप्पू यादव का कहना है कि नींव एवं पिलर निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ है। आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में यह भ्रष्टाचार अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ है। उन्होंने कहा कि छड़ कम दिया जा रहा है साथ ही चिमनी ईट का भी प्रयोग नही किया जा रहा है। उन्होंने गिरिडीह उपायुक्त से मांग किया है कि गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाए।अन्यथा बाध्य होकर यहीं पर ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हो जाएंगे।

# कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता : अमीन अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

मैट्रिक परीक्षा का परिणाम कैरियर के द्वार खोलने के साथ ही उसकी दशा और दिशा भी तय कर देती है। विद्यार्थी यदि समय प्रबंधन करते हुए आत्मविश्वास और लगन के साथ सही दिशा में कठिन परिश्रम करते रहें तो सफलता मिलती ही है। ये बातें टांगर अवस्थित आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने कहीं। इसी बीच शाइन पब्लिक स्कूल नगजुआ के निदेशक माजिद आलम ने कहा कि किसी भी विद्यालय का सबसे कीमती संपत्ति वहां के बच्चे होते हैं। उन्होंने छात्रों के लंबी सफल और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे चलकर समाज और देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनने हेतू प्रेरित किया। इसके पूर्व दसवीं कक्षा के नीचे के छात्र-छात्राओं ने दसवी के बच्चों का शानदार स्वागत किया और विदाई गीत साथ संस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी।

### जाम से बरहीवासियों को नहीं मिल रही है मुक्ति

# रविवार देर रात्रि से घंटों जाम स्कूली वाहन व एंबुलेंस भी फंसे



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

यूं तो बरही में प्रतिदिन लगने वाले जाम से यहां के लोग त्रस्त हो चुके है. पर बीते अर्द्ध रात्रि से सोमवार के देर दोपहर तक लगे जाम से पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया. बरही चौक घंटो जाम रहने से चारो रोड पर कई किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई. इस जाम में कई यात्री वाहन, स्कूल वाहन और एम्बुलेंस भी फंसे रहे. जाम का मुख्य कारण महाकुंभ से लौटने वाले वाहनों की संख्या में बेतहासा वृद्धि के साथ बरही चौक पर बड़े और लंबे वाहनों का गुजरना बताया गया. काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जाम हटाने का काम किया. देर संध्या तक धीमी गति से वाहनों का निकलने का सिलसिला जारी रहा.

**जाम के कारण कई स्कूल वाहन रहे बंद:** सबसे मुश्किल स्थिति स्कूली विद्यार्थियों की रही. जाम के कारण कई स्कूल प्रबंधन को वाहन बंद रखना पड़ा जिससे कई विद्यार्थी विद्यालय नहीं जा सके अथवा उनके अभिभावकों को अपने बच्चो को विद्यालय लाने या ले जाने के लिए मशाक्कत करनी पड़ी. इस जाम में बहुत से ऐसे लोग फंसे हुए जो बाहर जाने वाले हैं। उन्होंने को पानी और खाने पीने की भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**11 फरवरी से प्रारंभ हो रहे है जैक बोर्ड व इंटर की परीक्षा**

सबसे चिंतनीय स्थिति मैट्रिक और इंटर के परिक्षार्थियों के लिए है, जो प्रखंड के 6 विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है. यदि इस दिशा में ठोस पहल नहीं किया गया तो कई विद्यार्थी के भविष्य दांव पर लग सकते है. रोजाना जाम की समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं।

**रिंग रोड निर्माण की मांग**

युवा भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने बरही में प्रतिदिन लगने वाले जाम से बरही वासियों को निजात दिलाने के लिए सरकार से रिंग रोड निर्माण की मांग किया है. उन्होंने कहा कि वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है स्थान सीमित है ऐसे में एनएच 2, 31, और 33 के संगम स्थल बरही चौक से सरपट वाहनों को निकालने के लिए रिंग रोड ही एक मात्र समाधान है.

### कोलकाता कैश कांड : अधिवक्ता राजीव व व्यवसायी अमित अग्रवाल को झटका

# डिस्चार्ज याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोलकाता कैश कांड मामले में आरोपी झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार एवं कोलकाता के व्यवसायी अमित कुमार अग्रवाल की आनेवाले समय में मुश्किलें बढ़ने वाली है। रांची सिविल कोर्ट स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने दोनों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सोमवार को खारिज कर दी है। इससे दोनों को झटका लगा है। अदालत ने 7 फरवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। राजीव कुमार ने बीते 9 दिसंबर को और अमित अग्रवाल ने 20 जनवरी को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। कोलकाता में 50 लाख रुपये के साथ पकड़े गये अधिवक्ता राजीव कुमार के मामले में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने जांच पूरी करते हुए तीन फरवरी 2024 को कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल व राजीव कुमार के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की थी। सीबीआई ने मामले में जनवरी 2023 में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मालूम हो कि अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नगद के साथ कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

### हनुमान मंदिर में अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान मंदिर में 24 घण्टे का अखंड हरि कृतन आज से प्रारम्भ हुआ.वही तोड़ार ग्राम के कीर्तन मंडली के श्रद्धालु भक्त शरद यादव,बृजमोहन साहु,रंजीत यादव,अभिषेक साहु, कपिंद्र महतो, अजय साहु, राजेन्द्र जायसवाल, सतीश यादव समेत अन्य सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की तोड़ार ग्राम में करीब 15 वर्षों से लगातार अखण्ड हरि कृतन का आयोजन किया जा रहा है.

### एसपी ने कई थानेदारों का किया तबादला

**दुमका।** एसपी पितांबर सिंह खेरवार के निदेर्शानुसार जिला के कई थाना के थानेदारों का सोमवार को फेर-बदल हुआ। नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित लकड़ा को शिकारीपाड़ा थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं शिकारीपाड़ा के निवर्तमान थाना प्रभारी को अभियोजन कोषांग, कोर्ट कार्यालय का प्रभार दिया गया। काठीकुंड प्रभाग के इंस्पेक्टर नंद किशोर प्रसाद को नगर थाना का प्रभार मिला, तो कोर्ट अभियोजन कोषांग के प्रभारी इंस्पेक्टर अरविंद कुमार को काठीकुंड प्रभार का इंस्पेक्टर बनाया गया।

### महाशिवरात्रि को लेकर सिल्ली थाना में हुई बैठक

# श्रद्धालुओं के जलाभिषेक को सुगम बनाने के लिए विशेष इंतजाम होगा



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सोमवार के दिन सिल्ली थाना के प्रांगण में संध्या 4 बजे से महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जितेंद्र नाथ बड़ाईक ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच शिव विवाह कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, मंडप स्थापना और भंडारे का आयोजन को लेकर चर्चा की गई। महाशिवरात्रि के दिन भव्य बारात निकालने एवं रात में अभिषेक पूजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अलग-अलग सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक के दौरान महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में पूजा, भक्तों का मंदिर में प्रवेश - निकास, सजावट और बिजली व्यवस्था पर भी बातें हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं के जलाभिषेक को सुगम बनाने हेतु विशेष इंतजाम किए जाने की बातें कही गई साथ ही मंदिर को आकर्षक फूलों और विद्युत बल्बों से सजाए जाने पर भी चर्चा की गई। आज के इस बैठक में अवर निरीक्षक अरुण कुमार यादव, सहायक अवर निरीक्षक पी हेंब्रम, कमल किशोर कुशवाहा, नरोत्तम गोराई,मनोज रजक, विकास कर एवं फखरुद्दीन राय समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने किया रवाना

## जिले में 1082581 लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**




मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फ़ाइलेरिया उन्मूलन अभियान का सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शुभारंभ सदर अस्पताल रामगढ़ से किया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों व चिकित्सकों के साथ फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त को 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने हेतु तैयार माइक्रो प्लान आदि की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन सहित अन्य सभी अधिकारियों, चिकित्सकों आदि को लोगों को अपने सामने ही फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रोग से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने का भी कार्य किया। वहीं लोगों को फाइलेरिया रोग एवं इससे बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला भीबीडी पदाधिकारी रामगढ़ डॉ अजय चौधरी के द्वारा बताया गया कि डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल ये दोनों दवाइयाँ बिलकुल सुरक्षित है, मात्र संक्रमित व्यक्तियों में ही मामूली प्रतिकुल प्रभाव जैसे कि बुखार, चक्कर, उल्टी, सरदर्द इत्यादि हो सकते हैं जो कि मुख्यता फाइलेरिया के परजीवी के मरने के वजह से दिखाई देते है तथा यह 24 से 48 घंटे के बीच बीना किसी उपचार के ठीक हो जाता है। रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी लक्षित 1082581 जनसमुदाय को फाईलेरिया रोधी दवा (डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल) की एकल खुराक को खिलाई जानी है। दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अत्यंत बीमार व्यक्ति को इन दवाओं का सेवन नही करने की बात कही गई। उन्होने बताया कि डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल दवाइयों के सेवन से फाइलेरिया जैसी बीमारी का बचाव एवं रोकथाम सम्भव है।

### पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त तरीके से कराए परीक्षाओं का आयोजनः उपायुक्त

**रामगढ़।** मंगलवार से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में स्थिर, गश्ती दण्डाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया।

### भीम आर्मी का मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम आयोजित

# भीम आर्मी पूरे भारत में तेजी से आगे बढ़ रही है : रोहित कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बरही भीम आर्मी संगठन प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव के अगुवाई में बरही जवार घाटी में मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एवं संचालन संगठन संरक्षक दिनेश दास ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष एड. कृष्णा कुमार एवं विशिष्ट अतिथि एड रोहित कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के फोटो पर पुष्प अर्पित करके किया। इस मौके पर संगठन का विस्तार भी किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भीम आर्मी पूरा भारत में चंद्रशेखर आजाद के अगुवाई में तेजी से आगे बढ़ रहा है हर गरीब मजलूम के दुःख दर्द में खड़ा होकर उसे न्याय दिलाता है। सभी को भीम आर्मी से जुड़ने की अपील की गई। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा है की भारत में कहीं भी अन्याय अत्याचार होता हैं तो भीम आर्मी सबसे पहले पहुंचता है। बरही में जब से भीम आर्मी गठन हुआ है तब से आज तक गरीब शोषित वर्ग के लिए हमेशा खड़ा रहा है और रहेगा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी हम सभी को संगठन को दिया है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे जो संगठन से दिशा निर्देश दिया जाएगा उसे धरातल पर उतारेंगे। संगठन नए पदाधिकारी उपाध्यक्ष टिंकू अंसारी, सचिव अनिल कुमार, महासचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भुइयां, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र पासवान को बनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोग जिला प्रवक्ता एड रोहित कुमार रविदास महासभा अध्यक्ष अर्जुन रविदास, पूर्व अध्यक्ष शंकर राम, डॉ उमेश कुमार, उपाध्यक्ष हीरालाल मुर्मू, राजू तुरी, करसो पूर्व मुखिया प्रभु भुईयां, किशोरी भुइयां, हांसदा, वीरेंद्र कुमार, रवि नीरज विकास, गणेश दास, राजू रविदास आदि सेकड़ो लोग उपस्थित हुए।

### पूर्व सांसद गिद्दी श्मशान काली मंदिर पहुंचे, दामोदर पुल का भी लिया जायजा

# जर्जर पुल को सरकार बनवाने को लेकर गंभीर नहीं है, कभी भी हो सकता है हादसा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्दी**



हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा देर शाम में लगभग गिद्दी श्मशान काली मंदिर पहुंचे। इसके बाद वे गिद्दी भुरकुंडा को जोड़ने वाला दामोदर पुल का जायजा लिया। पूर्व सांसद पहले गिद्दी श्मशान काली मंदिर पहुंचे। वे वहां मां श्मशान काली को प्रणाम किया। फिर गोशाला देखा। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा मंदिर सुंदर बन गई है। मंदिर का चहारदीवारी भी बन गया है। गौशाला भी बन गया है। श्मशान घाट के लिए शेड भी बन रहा है। बाकी शमशान घाट जाने के लिए सिढ़ी भी सीसीएल प्रबंधन से बात करके बनवाया जाएगा। हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने गिद्दी श्मशान काली मंदिर के बाद सीधे गिद्दी दामोदर पुल पहुंचे और पुल का जायजा लिया। उन्होंने कहा गिद्दी भुरकुंडा को जोड़ने वाला दामोदर पुल काफी जर्जर हो गई है। पुल काफी पुराना हो गया है। कोयला लोड ट्रक को गुजरने पर पुल जोर से हिलता है। इस वक्त इस पर गुजरने से डर लगता है। स्थिति यह है कि पुल कभी भी टूट सकता है और हादसा हो सकता है। इसे लेकर विशाखापटनम की टीम ने सर्वे किया है। इसके बाद भी सरकार, जनप्रतिनिधि और सीसीएल प्रबंधन पुल बनाने के प्रति गंभीर नहीं है। यह चिंता का विषय है। जयंत सिन्हा ने नया पुल बनाने, पुल बनाने तक पुल पर नाका बनाकर एक एक ट्रक गुजरने देने और पुल की मरम्मत करने की मांग किया।

### भाजपा की जीत पर चैनगड़ा में जश्न, बंटी मिठाई

**भुरकुंडा।** दिल्ली में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी की जीत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस जीत की खुशी में चैनगड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान मिठाई वितरण करते हुए बिट्टू महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत जनता के भरोसे और पार्टी की नीतियों का परिणाम है। दिल्ली में पार्टी की जीत ऐतिहासिक है और इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल और बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा की नीतियां और विकास कार्य आगे भी जनता का समर्थन हासिल करेंगे। अन्य भाजपाईयों ने भी भाजपा की इस जीत को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अब दिल्ली में नई दिशा में विकास की उम्मीद जगी है।

## विद्यालय में छात्रों ने देखा मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छात्रों और शिक्षकों ने बड़ी उत्सुकता के साथ देखा। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने और उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करने हेतु किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वार्ता के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने, समय प्रबंधन और पढ़ाई के प्रभावी तरीकों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों को कहा कि परीक्षा को डर की बजाय एक अवसर के रूप में देखें और आत्मनिर्भरता के साथ तैयारी करें। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों को न केवल परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव मिले, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा। छात्रों ने प्रधानमंत्री की बातचीत को प्रेरणादायक बताया और कहा कि यह कार्यक्रम उनकी परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा। विद्यालय में इस कार्यक्रम को देखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य शम्मी राज,अमरदीप नाथ शाहदेव,रेखा पाठक,शशि कान्त आदि उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर गुंजरा के ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र




**बरकट्ठा।** सड़क निर्माण को लेकर बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत अलपिटो गुंजरा के लोगों ने विधायक अमित कुमार यादव से मुलाकात कर समस्यायों से अवगत कराया।वहीं विधायक के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में ग्रामीणों ने मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि आजादी के बाद से ही अलपिटो गुंजरा की सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी है। जिससे वहां कोई वाहन जाना नहीं चाहता है। बिमार व्यक्ति या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। बच्चों की शिक्षा पर भी इसका बुरा असर देखने को मिल रहा है। कोई स्कूल बस गांव नहीं आना चाहती है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयां आ रही है। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही आप लोगों की समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई से इस सड़क का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा, त्रिवेणी यादव, अजय कुमार पंडित, नरेश कुमार, प्रमेश्वर महतो, गोपाल कुमार, त्रिलोकी कुमार, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### हमारी चट्टानी एकता से ही हमारी मांग पूरी होगीः डॉ सुनील कश्यप

**रामगढ़।** झारोटेप ने अपनी मांगों के समर्थन मुने 10 फरवरी को एमएसीपी ,शिशु शिक्षण भता, सेवा निवृत्ति का समय 62 साल करने , एनएसडीएल का पैसा वापस करने एवं अन्य मांगों के समर्थन में मांडू प्रखंड में प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू में लगातार चौथे दिन हस्ताक्षर अभियान चलाया । हस्ताक्षर अभियान में जिला कार्यक्रम प्रभारी सह उप महासचिव डॉ0 सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि कहां की इस अभियान को सफल बनाने में 45 विभागों के कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। कहा कि अभियान 7 फरवरी से चल रहा है जो 28 फरवरी तक चलेगा। कहा कि सभी कर्मचारी अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं। डॉ कश्यप ने कहा कि हम कर्मचारियों की एकता इसी में दिखती है की एकता के कारण ही हम सभी लोग पुराने पेंशन लड़कर प्राप्त किये हैं। कहा कि हमारी एकता आगे भी जारी रहेगी और हम अपने अधिकार लेकर रहेंगे। अभियान में एस0 एस0 प्लस टू उच्च विद्यालय माण्डू के शिक्षक विज्ञा पाठक, संजीव कुमार, नागेश्वर महतो, सुधा सुनिता लकड़ा, सुभाष कुमार, धनंजय कुमार, आभा नाग, श्वेता कुमारी, रेखा कुमारी, अरूण कुमार यादव, अजीत कुमार राम, देवेन्द्र कुमार शर्मा, बिमलेश कुमार यादव, जयंती कुमारी, अमित कुमार आदि शामिल थे।

## बरकट्ठा पुलिस ने विभिन्न मामले के आरोपियों के घर चिपकाया इश्तहार

**मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



बरकट्ठा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में आरोपियों के घर इश्तहार चिपकाया है। बरकट्ठा थाना के एसआई सुभाष राम ने रविवार को कार्यवाई किया। पुलिस ने बरकट्ठा थाना कांड संख्या 168/2022 के अभियुक्त ग्राम तुइयो निवासी निर्मल राणा पिता स्व चेतलाल राणा, कांड संख्या 64/2024 के अभियुक्त ग्राम सलैया निवासी सुभाष प्रसाद पिता रुप नारायण प्रसाद तथा कांड संख्या 113/2024 पोक्सो एक्ट के अभियुक्त ग्राम बरवां निवासी अजीत कुमार मंडल पिता प्रकाश मंडल के घर जाकर इश्तहार चिपकाया है।

## बकाया राशि के मामले में जेएलकेएम सरकार के साथ



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने सोमवार को कहा की केंद्र से राज्य की बकाया राशि की मांग पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का समर्थन किया है । उन्होंने कहा की यदि केंद्र सरकार झारखंड को उसका बकाया राशि नहीं देती है तो वे राज्य के तमाम खदानों को बंद करने के लिए तैयार है । रमेश कुमार महतो ने बताया की जयराम महतो ने कहा कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे और राज्य की खदानों को बंद करने के लिए तैयार हैं। केंद्र सरकार को झारखंड का बकाया राशि देने के लिए मजबूर करेंगे। क्योंकि हमारी पार्टी विकास की पक्षधर है तथा शोषण और अन्याय के खिलाफ है।

## लोधमा पानी टंकी में महिलाओं ने की अनिश्चितकालीन तालाबंदी

**रामगढ़।** छत्तरमांडू की दर्जनों महिलाएं एकाएक लोधमा स्थित पानी टंकी पहुंच गई। इस दौरान पेयजल एवं आपूर्ति विभाग के पानी टंकी पर तालाबंदी कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले एक माह से छत्तरमांडू सहित आसपास क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति नहीं हो रही है। कई बार इसकी शिकायत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ से की गई। इसके बावजूद आश्वासन के अलावा अभी तक समाधान नहीं हुआ। पानी सप्लाई चालू होने तक तालाबंदी जारी रहने की बात कही। इस दौरान महिलाएं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रही थी। कहा कि तालाबंदी के बाद भी पेयजलापूर्ति चालू नहीं हुआ तो हमलोग खाली डब्बा लेकर समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे। वहां उपायुक्त से मुलाकात समस्याओं की जानकारी दी जाएगी। पेयजलापूर्ति वर्तमान समय में काफी महत्वपूर्ण है। विभागीय उदासीनता के कारण एक माह से हमलोग इससे वंचित है। इसकी जवाबदेही पेयजल विभाग को लेनी होगी। साथ ही नियमित पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करना होगा। तालाबंदी करने वालों में शकुंतला देवी, सावित्री देवी, कविता देवी, बसंती देवी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल है।

### झारखंड राज्य पेंशनर समाज बरही इकाई की मासिक बैठक आयोजित



**बरही ।** झारखंड राज्य पेशनर्स समाज अनुमंडल इकाई बरही की मासिक बैठक संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता रत्नेश्वर प्रसाद केसरी और संचालन तोखन प्रजापति ने किया. बैठक में मुख्य रूप से हाल ही में संपन्न हुए 10वें वार्षिक सम्मेलन की समीक्षा की गई. जिसमें सबों ने अपने महत्वपूर्ण विचार और सुझाव से संगठन को अवगत कराया. इसके साथ ही दिवंगत पेंशनर ओमप्रकाश रजक की मृतात्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया. साथ ही सबों को संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए प्रचार प्रसार की जिम्मेवारी दी गई. बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. अगले महीने 10 मार्च को अगली बैठक आयोजित किया जायेगा. बैठक छात्रधारी ठाकुर, सुरेश प्रसाद रजक, राधानाथ भगत, देवधारी प्रजापति, सुधीर कुमार चौधरी, बजरंग शर्मा, संजय सिंह, रामलन यादव आदि पेशनर्स मौजूद थे.

## प्रखंडस्तरीय यूथ मोबलाइजेश कैंप सह रोजगार दिवस का आयोजन

**बरही ।** आगामी गुरुवार 13 फरवरी को नगर भवन बरही में यूथ मोबालाईजेशन कैंप सह रोजगार दिवस का आयोजन किया जायेगा. जिसमे प्रखंड के इच्छुक युवक युवती का कौशल प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा. प्रशिक्षणोपरांत रोजगार भी उपलब्ध करवाए जाएंगे. इस कैंप में राधा गोविंद, सेफगार्ड, सीपीआईटी, कॉटन ब्लॉसम, एस्ट्रिस्क, साही एक्सपोर्ट आदि कंपनिया उपस्थित रहेंगी. जो डाटा एंट्री, इलेक्ट्रीशियन, एसएमओ, नर्सिंग इत्यादि के लिए निबंधन किया जायेगा. बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा. इच्छुक युवक युवती आधार कार्ड और मोबाईल नंबर के साथ ही आए.

## जोरों पर है जिले में झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान

**बरही ।** अपने विभिन्न मांगो को लेकर बरही प्रखंड में झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान जोरो पर है. विदित हो कि बीते 7 फरवरी एमसीएपी, शिशु शिक्षण भत्ता आदि विभिन्न मांगों को लेकर झारोटेफ राज्यस्तरीय हस्ताक्षर अभियान चला रहा है. इसी के तहत सोमवार को भी प्रखंड सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर जिला सचिव किशोरी महतो के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया. इस अभियान में शशिकांत साजन, कृष्ण कुमार दुबे, मनोज कुमार सिंहा, रमेश कुमार लोहिया आदि ने भाग लिया. श्री महतो ने बताया कि यह कार्यक्रम निरंतर 28 फरवरी तक जारी रहेगा. फरवरी के बाद इस हस्ताक्षरित प्रति को मुख्यमंत्री को सुपुर्द किए जाएंगे.

### लायंस क्लब तीसरी कैबिनेट में पहुंचे झारखंड - बिहार के सदस्य

रामगढ़। लायंस क्लब के तीसरे कैबिनेट की बैठक का शहर के रांची रोड स्थित सिद्धि विनायक वैंक्वेट हॉल में हुई। जिसका विधिवत शुभारंभ लायंस क्लब के जिलापाल सीमा वाजपेयी, पीडीजी कमल जैन, संजय कुमार, शुभ्रा मजुमदार, लायंस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष अरूण किरण मुखर्जी और एचएन सौंधी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। वहीं विश्व शांति के लिए लायंस सदस्यों ने एक मिनट का मौन भी रखा। शुभारंभ से पूर्व लायंस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष अरूण किरण मुखर्जी ने अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया। स्वागत भाषण जिलापाल सीमा वाजपेयी ने प्रस्तुत किया। उन्होंने लायंस सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए दायित्वों से अवगत कराया। स्वागत भाषण के बाद कैबिनेट सचिव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस बीच लायंस क्लब के प्रति बेहतर कार्य के लिए पूर्व जिलापाल को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से शुभम बाजपेयी, राजीव लोचन, राहुल वर्मा, संजीव कपूर, विवेक चौधरी, सुनील अग्रवाल, कमल बगड़िया, अमृता के अलावा दर्जनों लायंस सदस्य शामिल थे।

### विधायक ने पचफेड़ी में तीर्थ यात्रा बुकिंग काउन्टर कार्यालय का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पचफ़ेड़ी चौक में तीर्थ यात्रा बुकिंग काउंटर कार्यालय का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव ने किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि मैडम माला तीर्थ यात्रा का बुकिंग काउंटर इस क्षेत्र में पहली बार खुला है। अब यहां आसानी से लोग आकर तीर्थ यात्रा के लिए बुकिंग करा सकते हैं। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, समन ठाकुर, वादन महतो, सुनील चौधरी, नरेश चौधरी, छोटी यादव, भोला प्रसाद भाजपा, दुर्गा महतो, निरंजन, जसवा देवी, अरुण प्रसाद, भाजपा नेता अनुज चौधरी, राजेश चौधरी, सुमन ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर साइन बोर्ड कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु साइन बोर्ड कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।

### बीस सूत्री अध्यक्ष ने खुद दवा खाकर की फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत किया

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत कुल्ही पंचायत के सभी बूथों पर बीस सूत्री अध्यक्ष की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा फाइलेरिया की दवा का वितरण किया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रह जाए। बीस सूत्री अध्यक्ष ने स्वयं सभी बूथों का दौरा कर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने न केवल लोगों से दवा सेवन की अपील की, बल्कि स्वयं भी फाइलेरिया की दवा खाकर इस अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। मौके पर सीएचओ सुमिता कुमारी, वीणा कुमारी,सरोज करकेट्टा, योगेन्द्र कुमार व सहिया एवं आंगनबाड़ी कर्मी मौजूद थे ।

### मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में शामिल पदाधिकारियों को उपायुक्त ने की ब्रीफिंग

# सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा की मॉनीटरिंग की जाएगी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा, 2025 के सफल संचालन हेतु प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ ब्रीफिंग किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा, 2025 के सफल आयोजन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न हो ये हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा का आयोजन हो इसे लेकर सरकार भी सेंसिटिव है। प्रशासन द्वारा निकाली गई संयुक्तादेश का हर हाल में पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रश्न पेपर एवं उत्तर पुस्तिका समय से लेकर सभी परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना इससे सुनिश्चित करें, जिस की बच्चों को अपनी परीक्षा देने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा की मॉनिटरिंग की जाएगी इसलिए सभी क्लास रूम में सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन करेंगे। साथ ही किसी भी परीक्षा केंद्र पर बेंच-डेक्स की कमी ना हो अगर कमी है तो दूसरे स्कूल से लेकर उसे पूर्ण कर लें। इसके अलावा उपायुक्त ने उड़नदस्ता दंडाधिकारी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने गश्ती दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को परीक्षा सामग्रियों को निर्धारित वज्रगृह से परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने एवं परीक्षा समाप्ति के उपरांत वज्रगृह तक वापस सुरक्षित पहुंचाने की बात कहीं। बता दें कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025 की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2025 से 3 मार्च 2025 तक प्रथम पाली में एवं इंटरमीडिएट (कला विज्ञान एवं वाणिज्य) की सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2025 से 3 मार्च 2025 तक द्वितीय पाली में संचालित होगी। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 का प्रथम पाली में 9:45 बजे पूर्वाह्न से 1:00 अपराह्न तक आयोजित होगा। वहीं इंटरमीडिएट ( कला विज्ञान एवं वाणिज्य) का द्वितीय पाली में 2:00 बजे अपराह्न से 05:15 अपराह्न तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में संचालित होगी। सिमडेगा जिले में मैट्रिक की परीक्षा 21 केंद्रों पर एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 05 केंद्रों पर संचालित की जाएगी। जिले में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का सफ़ल संचालन को लेकर कार्यपालक दंडाधिकारी -सह-अनुमंडल पदाधिकारी प्रकाश रंजन ज्ञानी ने सभी परीक्षा केंद्र के चारों ओर 500 गज की परिधि तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक सौरभ ने सुरक्षा से संबंधित विधि-व्यवस्था संधारित करने हेतु पुलिस पदाधिकारी को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बैंक मैनेजर, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा अधीक्षक एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन टीम के साथ उपायुक्त ने की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधीक्षक एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन टीम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रथम टीम द्वारा जिले में अपर प्राइमरी के बच्चों के साथ संचालित किए जा रहे कैच अप कैम्प प्रोग्राम का रिपोर्ट साझा किया गया और साथ ही साथ रिपोर्ट के स्टेट एवं जिला के डेटा फाइंडिंग को भी साझा किया गया। 2024 के डेटा के अनुसार झारखण्ड सहित जिला के 6-14 आयुवर्ग के लगभग सभी बच्चें किसी न किसी स्कूल में नामांकित है और वहीं सिमडेगा जिला के कक्षा 3-5 में पढ़ने वाले बच्चों की रीडिंग लेवल में बढ़ोतरी हुई है। कक्षा 6-8 के लगभग 62% बच्चे कक्षा 2 स्तर के पाठ को पढ़ पाते हैं। बैठक में प्रथम के राज्य समन्वयक द्वारा आगामी गर्मी की छुट्टियों में कक्षा 5 से 6 में जानेवाले बच्चों के लिए समुदाय आधारित एक महीने का समर कैम्प संचालित करने एवं कक्षा 6-8 के बच्चों की जरूरत है के साथ मिलकर जिला प्रशासन के सहयोग व साझेदारी से अकादमिक सत्र में 60-70 दिनों का कैच -अप कैम्प संचालित करने के प्रस्ताव के बारे में बात की गई । उपायुक्त द्वारा इस संबंध में एक प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराने को कहा गया। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी दीपक राम, प्रथम के राज्य समन्वयक शैलेन्द्र कुमार सिंह के अलावे उनकी टीम के अन्य लोग जागेश्वर दास सृष्टि कुमारी ,पूनम लालवानी ,पंकज पांडे एवं संदीप कुमार भी उपस्थित थे।

## डीसी ने किया जनता दरबार का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में आंगनबाड़ी सेविका चयन की जांच कराने, जमीन का उत्तराधिकारी बंटवारा करने, भूमि सीमांकन करने, डीप बोरिंग योजना का लाभ दिलाने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक सौरभ मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने जिला पंचायत शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत शाखा किये जा रहे कार्यों समीक्षा / डिजिटल पंचायत से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। पंचायत ज्ञान केंद्र के संचालन के संबंध में जानकारी ली जिस पर बताया गया कि 80 ज्ञान केंद्र संचालन की जानी है। जिसमें लगभग सभी में पुस्तक की खरीदी गई है।

तथा 04 लंबित है सभी पंचायतों में जल्द से जल्द पंचायत ज्ञान केंद्र की शुरुआत की करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने केंद्र का नियमित संचालन करने, केंद्र पर पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा इसके माध्यम से बच्चों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया।

पंचायत में संचालित प्रज्ञा केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पंचायत में प्रज्ञा केंद्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करते हुए आम जनों को प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।इसके अलावा उन्होंने 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में व टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु सहित पंचायती राज शाखा के कर्मी गण उपस्थित थे।

## कोलेबिरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हुआ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता




**कोलेबिरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय,सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कोलेबिरा,सभी उप केन्द्रों और प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम मनाया गया।कार्यक्रम का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो,अंचलाधिकारी अनुप कच्छप,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक समीर तिग्गा,डॉ मोहित सवइंया,डॉ जुही बिनिता बेक,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जोन पोल बा,प्रखंड लेखा प्रबंधक विलास कुमार साहू,प्रखंड डाटा प्रबंधक प्रवीर दास,और स्वास्थ्य कर्मीयों के द्वारा फाइलेरिया का दवा खाकर उद्घाटन किया गया।वहीं मौके पर सभी लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित किया गया।चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी और उपस्थित प्रखंड सह अंचल कर्मियों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया गया।इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारीयों ने जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा।स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पहले तो स्वयं दवा खाया फिर उपस्थित सभी लोगों को दवा खिलाया गया और दवा खाने के लिए भी प्रेरित किया गया।उन्होंने बताया कि 11 फरवरी से डोर टू डोर जाकर दवा खिलाया जाएगा। इस अभियान में ए.एन. एम , सहिया दीदी,आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका को लगाया गया है।उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह से सुरक्षित है इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों , गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन स्वास्थ कर्मचारियों के सामने करना है ये दवाई खाली पेट नही खानी है।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो और अंचलाधिकारी अनुप कच्छप ने प्रखंड क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए प्रखंड वासियों से डी ई सी व एलबेंडाजोल की दवा आयु वर्ग के अनुसार खाने की अपील की उन्होंने कहा कि फाइलेरिया ( हाथी पांव ) एक विशेष प्रकार के मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है दवा खाकर ही इस बीमारी से बचाव किया जा सकता है । मौके पर सभी स्वास्थ कर्मी,सभी सुपरवाइजर,सीएचओ, एएनएम,विनोद कुमार,सभी एमपीडब्ल्यू,बीटीटी,सभी सहिया साथी उपस्थित रहे।

## आदिवासी लोहरा समाज की वार्षिक सम्मेलन सह वन भोज कार्यक्रम सम्पन्न

**कोलेबिरा।** प्रखंड के बरसलोया में आदिवासी लोहरा समाज की वार्षिक सम्मेलन सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से बरसलोया मुखिया संदीप सद मुंडा, श्रवण लोहरा और सुलोचनी देवी उपस्थित थीं ।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करें।समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी लोग एकजुट हों आगे कहा कि समाज के युवक युवतियों को शिक्षित और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रयास किया ताकि समाज के बच्चे पढ़ लिखकर अच्छा मुकाम हासिल कर सकें। वही स्वरोजगार से जुड़कर पॉपुलर आर्थिक स्थिति मजबूत बना सकें। कार्यक्रम में वन भोज का आयोजन किया गया इसमें समाज के महिला पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर समिति का गठन किया गया अध्यक्ष सुलोचनी देवी,सचिव धनेश्वर लोहरा,कोषाध्यक्ष कृष्ण लोहरा को बनाया गया।

## कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुरडेग में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उदघाटन बीडीओ नैमन कुजूर , प्रखण्ड प्रमुख सरस्वती देवी , प्रभारी चिकित्सा पदा दिलीप कुमार बेहरा , मुखिया उर्मीला कुजूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदा द्वारा बी डी ओ को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया गया । इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदा ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा । वहीं 11 फरवरी से डोर टू डोर जाकर दवा खिलाया जाएगा । इस अभियान में ए एन एम , सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को लगाया गया है । उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह सुरक्षित है इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों , गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन स्वास्थ कर्मचारियों के सामने करना है ये दवाई खाली पेट नही खानी है । वहीं बी डी ओ नैमन कुजूर ने प्रखण्ड को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए प्रखण्ड वासियों से डी ई सी व एलबेंडाजोल की दवा आयु वर्ग के अनुसार खाने की अपील की उन्होंने कहा कि फाइलेरिया ( हाथी पांव ) एक विशेष प्रकार के मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है दवा खाकर ही इस बीमारी से बचाव किया जा सकता है । इधर जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने कुटमाकछार में बने बुथ पर चिकित्सा प्रभारी डॉ दिलीप कुमार को दवा खिलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया । मौके पर सभी स्वास्थ कर्मी उपस्थित रहे ।

## बसतपुर पर्यटक स्थल में हॉकी खिलाड़ियों ने मनाया वनभोज

**पाकरटांड।** ऊंची ऊंची पहाड़ियों के बीच से गुजरी शंख नदी के मनोरम दृश्यों के तट में बसे बसतपुर पर्यटक स्थल में हॉकी खिलाड़ियों ने मनाया वनभोज।इस वन भोज में जिला खेल पदाधिकारी,हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आवासीय सेंटर तथा हॉकी सिमडेगा द्वारा संचालित खेल सेंटर के हॉकी खिलाड़ी एवम ग्रामीण इलाको में हॉकी को बढ़ावा दे रहे हॉकी प्राणियों ने एक साथ चट्टान में बैठकर लिए भोजन का आनंद लिया।वही खिलाड़ियों के बार बार आग्रह पर जिला खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोंबेगी, अनमोल लकड़ा,सुजीत एक्का,कुनूल भेंगरा ,कोच तारिणी कुमारी, रोहित बेसरा इत्यादि भी खिलाड़ियों के साथ स्थानीय संस्कृति से नाच कर उनका मन को खुश किया अपने इलाके में जिला मुख्यालय के स्टार खिलाड़ियों को पाकर स्थानीय स्तर के खिलाड़ी भी इस वनभोज में शामिल हुए। बसतपुर की मनमोहक वादियों में पर्यटन, कला संस्कृति और खेलकूद का समागम इलाके को और दर्शनीय बना दिया था।

## विदाई समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओ को दी गई विदाई

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत वियन्नी उच्च विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओ को विदाई दिया गया। इस अवसर पर रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रदर बेंजामिन समद और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्कृतिक कार्यक्रम में नवम वर्ग की छात्र ने स्वागत गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके बाद मैट्रिक परीक्षा में शामिल छात्रों के माथे पर तिलक लगाया गया तथा बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य ब्रदर बेंजामिन समद ने कहा की छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र बेहतर प्रदर्शन कर विधालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है मेहनत करने वाला ही सफल होता है उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित तथा लक्ष्य को पाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर ब्रदर बेंजामिन समद,मंगल साहू,, अलेक्जेंडर टोप्पो,समीर कुजूर, नूतन कुमार सिंह,आनंद कुमार डुंगडुंग,अनीता बडींग,ममता बडींग,माईकल कंडुलना, अलेक्जेंडर तोपनो,मार्कुस लुगुन,रेजिस लुगुन के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।



### जलडेगा मॉडल स्कूल प्लस टु उच्च विधालय में विदाई समारोह आयोजित

**बानो।** बानो प्रखंड के रायकेरा स्थित मॉडल स्कूल प्लस टु उच्च विधालय में विदाई समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओ को विदाई दिया गया।इस अवसर पर रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संस्कृतिक कार्यक्रम में नवम वर्ग की छात्र ने स्वागत गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।इसके बाद मैट्रिक परीक्षा में शामिल छात्रों के माथे पर तिलक लगाया गया तथा बुके देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर प्राचार्य बालेश्वर नाग ने कहा की छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र बेहतर प्रदर्शन कर विधालय का नाम रोशन करें।

## न्यूज बॉक्स

### रांची में प्रशिक्षण प्राप्त किए 147 किसानों को अनुदान में दिया गया लाह बीहन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय के जोराम लैंम्प्स में रांची के सिद्धौ कान्हौ एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड रांची राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत रांची से प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए 147 किसानों के बीच प्रती किसान 5 किलोग्राम के हिसाब से 735 किलोग्राम अनुदान में वितरण किया गया। लाह वैज्ञानिक संजू रांची ने जानकारी देते हुए बताया नवंबर दिसंबर में फूदी प्रशासनिक भवन रांची मे उन्नत किस्म से लाह उत्पाद कर व्यवसाय करने की ट्रेनिंग दी गई । जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत किस्म का लाह तैयार कर अधिक से अधिक कमाई कर सकें। इस मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी संजीत कुमार विकास पदाधिकारी बिंदेश्वरी शर्मा जिला सहकारी पदाधिकारी आत्मा अभय टोप्पो सहकारिता पदाधिकारी विभाग रानी सुरीन उप मुखिया जोराम कोरोलिना सोरेंग लैंपस सचिव रामकेश्वर सिंह अजहर कुल्लू एवं किसान उपस्थित थे।

### बोलबा प्रखंड के पहान समिति ने उपायुक्त सिमडेगा से किया मुलाक़ात



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पहान समिति ने उपायुक्त सिमडेगा से मुलाक़ात किया। इस मौक़े पर बोलबा पहान समिति के सचिव देवेंद्र भगत ने बताया कि पहान समिति प्रतिनिधि मण्डल ने बोलबा प्रखंड मुख्यालय में सरना भवन निर्माण एवं ग्राम सभा अध्यक्ष की मानदेय सहित कई समस्याओ को भी रखा।उपायुक्त ने सभी समस्याओ की जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया इस मौक़े पर देवेंद्र भगत, भगवान मांझी, मोतीराम सेनापति, चन्दन सिंह, बीरेंद्र केरकेट्टा सहित कई लोग मौजूद थे।

### कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में धनुर्धर सिंह होटल का हुआ उद्घाटन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ में धनुर्धर सिंह होटल का उद्घाटन किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला संयोजक प्रमुख अनिल कंडुलना व विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा झामुमो संयोजक सदस्य प्रकाश बागे उपस्थित थे।होटल का उद्घाटन लोगों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया।मौके पर अनिल कंडुलना ने होटल संचालक को होटल के संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र में व्यापारिक दृष्टिकोण से लचरागढ़ मुख्य केंद्र है। लचरागढ़ को इस क्षेत्र का एजुकेशन हब भी कहा जाता है। यहां पर उत्तम भोजन हेतु एक बेहतर होटल की आवश्यकता थी। मौके पर भोक्ता समाज विकास संघ संरक्षक भंवरटहाड़गढ़ कोलेबिरा,रामनारायण प्रधान,रमेश ओहदार,हेरमन समद,उपाध्यक्ष भोक्ता समाज राजेंद्र सिंह,,फिलिस कच्छप,विशंभर सिंह,एतवा कच्छप के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### लचरागढ़ आंगनबाड़ी केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत दवा खिलाई गयी



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में फाइलेरिया उन्मूलन आइडीए कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। इस अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बूथ बनाया गया था जिसमें लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई।मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर मोहित सवइयां,प्रखंड लेखा प्रबंधक विलास कुमार, एमपीडब्ल्यू विनोद कुमार, ब्राह्मण टोली आंगनबाड़ी सेविका सुषमा देवी,सहायिका हेमंती देवी,सहिया ललिता देवी,कुम्हार टोली आंगनबाड़ी केंद्र इन्दुमति देवी सहायिका मखनी देवी सहिया सरस्वती देवी,बनटोली सेविका सुचिता केरकेट्टा,लचरागढ़ खास इंद्रानी देवी उपस्थित थे। मौके पर डॉ मोहित सवइयां ने बताया कि आइडीए कार्यक्रम फाइलेरिया उन्मूलन के तहत आयबरमेक्टिन,डीइसी और अल्बेंडाजोल की गोली दी जा रही है।यह कार्यक्रम 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलेगी।आज स्वास्थ्य केंद्र,सभी उप स्वास्थ्य केंद्र और प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में फाइलेरिया की दवा दी जा रही है और कल से डोर टू डोर अभियान चलाकर दवा दी जाएगी।

### बांकी में झामुमो पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया

**बानो।** बानो प्रखंड के बांकी में बानो जिला परिषद सदस्य सह संयोजक मंडली के सदस्य बिरजो कंडुलना की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बांकी झामुमो पंचायत समिति का पुर्नगठन किया गया,साथ ही कार्यकर्ताओं के द्वारा सदस्यता अभियान भी चलाया। बैठक में झामुमो पंचायत समिति के अध्यक्ष अमर तोपनो,उपाध्यक्ष बसंत लोम्गा,सचिव सोहराई तोपनो,उप सचिव मसीह दास,कोषाध्यक्ष विल्सन मड़की और कार्यकारिणी सदस्य जय मसीह,प्यारा मड़की,प्रेमचंद सुरीन,याकुब हेरेंज,मतियस कंडुलना,अपनीजर बडींग, सिरिल तोपनो,जोजो को बनाया गया।मौके पर बिरजो कंडुलना ने उपस्थित लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में वर्तमान झारखंड के अबुआ सरकार द्वारा गरीब किसानों और आम जनों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है।सरकार ग्रामीण क्षेत्रों और गरीबों के विकास के लिए नित प्रतिदिन कम कर रही है।युवाओं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।गरीब किसानों को पेंशन, महिलाओं को मइंया सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि और गरीबों को अबुआ आवास आदि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।ग्रामीण किसी भी समस्या के लिए पंचायत समिति और प्रखंड समिति के पदाधिकारीयों से मिल सकते हैं उन्होंने ग्रामीणों को पंचायत दिवस में पंचायत भवन जाकर अपनी समस्याओं की जानकारी देकर समाधान कर सकते हैं।वर्तमान सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर बिरजो कंडुलना के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया।

### 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित

# नि:शुल्क मानव चिकित्सा शिविर व सोलर लाईट लगाई गई




**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत तिसरी के पंदनाटांड में सोमवार को नि:शुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. अनिल कुमार द्वारा शिविर में आए 94 लोगों का इलाज किया गया। साथ ही मुफ्त दवाइयां भी दी गई। इस शिविर में पंदनाटांड, अबरखा, जीनाडीह आदि गाँवों के लोगों ने लाभ लिया। बताया गया कि एसएसबी द्वारा समय - समय पर अपने कार्यक्षेत्र में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। ताकि ग्रामीण इलाके के लोगों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर इंस्पेक्टर पार्था घोष, के पुरुषोत्तम समेत अन्य कार्मिक उपस्थित थे। वहीं नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एसएसबी के एफ समवाय द्वारा तीसरो में नि:शुल्क सोलर लाईट स्थापित कर ग्रामीणों को सौंपा गया। उप कमाडेंट संजय प्रसाद की अगुआई में मुखिया प्रतिनिधि लखीराम हेमब्रम समेत अन्य लोगों की उपस्थिति में लाईट लगाकर ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया।

## जिले के 105 सेंटरों पर मैट्रिक-इंटर की परीक्षा आज

**धनबाद।** धनबाद जिले के 105 परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक व इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो रही है. डीसी माधवी मिश्रा ने सोमवार को न्यू टाउन हॉल में सभी दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने अधिकारियों को शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को परीक्षा के दौरान कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने, परीक्षा केंद्र में पानी, बिजली, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने व सीसीटीवी से निगरानी रखने का निर्देश दिया. साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी को समन्वय बनाकर परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करने, उनकी पहचान सुनिश्चित करने, समय पर प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाने का निर्देश दिया. बैठक में मौजूद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहकर सेंटरों पर ड्यूटी करने का निर्देश दिया.

### महिला हॉकी टीम ने मिजोरम को पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची

# झारखंड की झोली में अब तक 07 स्वर्ण समेत आये 21 पदक




**नवीन मेल संवाददाता। देहरादून** 38वें नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में झारखंड महिला हॉकी टीम अपने चौथे मैच में हॉकी मिजोरम को 4- 3 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची। झारखंड महिला हॉकी झारखंड महिला हॉकी टीम मैच में मध्यांतर तक झारखंड टीम 1- 0 से पीछे चल रही थी ,परंतु मध्यांतर के बाद आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक लगातार चार गोल कर मैच वापसी करने के साथ 4- 1 की बढ़त ली परंतु अंतिम क्वार्टर में मिजोरम और दो गोल कर तहलका मचा दी परंतु झारखंड टीम अपने अनुभव का लाभ लेते हुए मिजोरम की अग्रिम लाइन को बांध कर रख दिया और मैच अपने नाम कर ली। इस मैच में झारखंड की अलबेला रानी टोप्पो, सजना होरो,रोशनी आइनद और डिप्टी टोप्पो ने 1- 1गोल किया। इससे पूर्व झारखंड टीम अपने पहले मैच में उत्तराखंड 2- 0 ,दूसरे मैच में हॉकी मणिपुर को 7- 0, तीसरा मैच में महाराष्ट्र के खिलाफ ड्रॉ रहा। अंतिम लीग जीत के साथ झारखंड टीम शान से सेमीफाइनल में पहुंच गई। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार,खेल निदेशक संदीप कुमार, आशीष झा, रितेश झा, मो.खुर्सिद खान,शैलेन्द्र दुबे, उदय साहू,शैलेन्द्र कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण,रांची के मणिकांत कुमार-जूनियर फेलो कंसलटेंट,देवेंद्र सिंह, स्पोर्ट्स एडवाइजर समेत खेल विभाग के अधिकारियों,प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

## आंगनबाड़ी केंद्र हैंडओवर नहीं होने के कारण स्कूल भवन में पढ़ाने की मजबूरी

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के खेदवारा पंचायत अंतर्गत बेराहीटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में अव्यवस्था का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, इस केंद्र में 30 बच्चों की पढ़ाई होती है, लेकिन नए भवन के निर्माण के बावजूद हैंडओवर न होने से बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में सफाई व्यवस्था की कमी के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि अब तक इस मामले की सूचना संबंधित विभाग को नहीं दी गई है। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो बच्चों की सेहत पर भी असर पड़ सकता है। सेविका बसंती देवी ने गंभीर समस्या उजागर की है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन तो बनकर तैयार है, लेकिन वहाँ तक पहुँचने के लिए कोई रास्ता ही नहीं है। इस कारण बच्चों की पढ़ाई स्कूल भवन में करानी पड़ रही है।इसके अलावा, केंद्र में गंदगी की समस्या बनी हुई है, और अब तक इसका हैंडओवर नहीं किया गया है, जिससे सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अगर जल्द ही रास्ते का निर्माण नहीं हुआ, तो बच्चों की शिक्षा और पोषण योजनाओं पर असर पड़ सकता है। बेराहीटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र की समस्याओं को लेकर सेविका बसंती देवी ने मौखिक रूप से पर्यवेक्षिका को अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि नया भवन बनकर तैयार हो गया है, लेकिन वहाँ तक पहुँचने के लिए कोई रास्ता नहीं है। इस कारण बच्चों को स्कूल भवन में पढ़ाना पड़ रहा है। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्र में सफाई व्यवस्था की कमी और भवन के हैंडओवर न होने से भी दिक्कतें बनी हुई हैं। अब देखना होगा कि विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है और कब तक बच्चों को सुचारू रूप से केंद्र की सुविधाएं मिल पाती हैं।

## गुरु गोबिंद सिंह स्कूल ने 7 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट साखा मैदान में केवी दीपाटोली बनाम गुरु गोबिंद सिंह स्कूल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी केवी दीपाटोली की टीम ने 24.4 ओवर में 10 विकेट पर 108 रन बनाया। रुद्र दिवाकर ने 23 रन बनाया। वहीं प्रिंस कुमार ने 4 विकेट लेकर 16 रन व अम्बर कुमार ने 2 विकेट लेकर 13 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी गुरु गोबिंद सिंह स्कूल ने 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 110 रन बनाया। प्रिंस कुमार ने 46 व शौर्य सिंह ने 25 रन बनाया। अंशुमान ने 2 विकेट लेकर 18 रन व रुद्र ने 1 विकेट लेकर 25 रन दिया। गुरु गोबिंद सिंह स्कूल ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।

## केंदाडीह सीएचसी में लगे दिव्यांग शिविर में 49 लोगों का चयन

**जादूगोड़ा।** मुसाबनी प्रखंड के केंदाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को दिव्यांग शिविर लगाया गया. इस दौरान प्रधानमंत्री स्वास्थ्य मातृत्व अभियान भी चलाया गया. शिविर 88 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई. वहीं, दिव्यांग शिविर में जांच के बाद 49 लोगों का चयन दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिए किया गया. कागजी प्रक्रिया के बाद उन्हें प्रमाणपत्र दिया जाएगा. सीएचसी के बीपीएम सूरज पूर्ति ने बताया कि दिव्यांग शिविर में मेंटल के 2 मरीज, हड्डी रोग के 32, कान के 9 व आंख के 6 मरीज पहुंचे थे।

## आज से सात केंद्रों में होगी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड में आज से सात परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। ये परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित की जाएंगी, जिससे नकल रोकने के लिए सख्त व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है, और यदि कोई परीक्षार्थी चोरी (नकल) करते पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों बनाया है जिसमें पेशम, द्वारपहरी, जरीडीह,पालोंजीय, बाघानाल, भरकट्टा और सारंडा परीक्षाएं केंद्र बनाया गया है।

## शिक्षा विभाग ने शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भालुवाही में शिक्षकों की अनुपस्थिति की खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने संज्ञान लेते हुए शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक ने जानकारी दी कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग के इस कदम से स्कूलों में शिक्षकों की अनुशासनहीनता पर लगाम लगाने की संभावना है। क्या था मामला : उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भालुवाही में शिक्षकों की लापरवाही का मामला सामने आया है।

## आचार्यकुलम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में आचार्यकुलम बनाम शारदा ग्लोबल स्कूल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी शारदा ग्लोबल की टीम ने 26 ओवर में 10 विकेट पर 127 रन बनाया। आर्यन भारती ने 29 रन, इशित तिवारी ने 15 रन व आकर्ष पांडे ने 14 रन बनाया। राहुल मुंडा ने 31 रन देकर 4 विकेट, हिमांशु राज ने 19 रन देकर 2 विकेट व प्रथम वैभव ने 30 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आचार्यकुलम की टीम ने 17 ओवर में दो विकेट पर 128 रन बनाया। कुमार आदित्य सिंह ने 56 रन 8 कुंवर अमरेन्द्र सिंह ने 33 रन बनाया। कृषिव केजरीवाल ने 15 रन देकर 1 विकेट व अनमोल कुमार ने 27 रन देकर 1 विकेट लिया। आचार्यकुलम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की।

## डब्ल्यू पीसी में फिर से टाइटल फोल्डर बने रांची के अभिषेक

**रांची।** कोडरमा जिले में आयोजित डब्लूपीसी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रांची के अभिषेक सोनी(डब्लू) बेंच प्रेस प्रतियोगिता में टाइटल होल्डर बने हैं। अभिषेक सोनी 2025 में धनबाद के कोलयांचल पॉवर्लिफ्टिंग मे भी उन्होंने टाइटल का खिताब जीता। कोडरमा मे बेंच प्रेस स्पर्द्धा में 82.5 बॉडी वेट में 160 केजी बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट और ओवरऑल में टाइटल होल्डर विजेता बने । उनके साथ राज चौधरी, राज कुमार, शिवा कुमार ले भी ब्रॉनज मेडल विजेता बने।

## हॉकी खिलाड़ियों ने वनभोज का लिया आनंद

**रांची।** शंख नदी के मनोरम दृश्यों के तट में बसे बसतपुर पर्यटक स्थल में हॉकी खिलाड़ियों ने वनभोज मनाया। इस वन भोज में जिला खेल पदाधिकारी,हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस,आवासीय सेंटर तथा हॉकी सिमडेगा द्वारा संचालित खेल सेंटर के हॉकी खिलाड़ी एवं ग्रामीण इलाकों में हॉकी को बढ़ावा दे रहे लोगों ने भोजन का आनंद लिया। खिलाड़ियों के बार बार आग्रह पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोंबेगी, अनमोल लकड़ा, सुजीत एक्का,कुनूल भेंगरा, कोच तारिणी कुमारी, रोहित बेसरा इत्यादि भी खिलाड़ियों के साथ स्थानीय संस्कृति से नाच कर उनका मन को खुश किया। अपने इलाके में जिला मुख्यालय के स्टॉर खिलाड़ियों को पाकर स्थानीय स्तर के खिलाड़ी भी इस वनभोज में शामिल हुए।

## यूनाइट सीसी ने 8 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट उषा मार्टिन जस्टिस सीए बनाम यूनाइट सीए के बीच खेला गया। जस्टिस सीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38 ओवर में 10 विकेट पर 154 रन बनाया। जयंत ने 39, रितेश ने 21, श्रीकांत ने 28, मंटू ने 28 व प्रभात ने 11 रन बनाया। मोडासर ने 3 विकेट लेकर 24 रन, सिकंदर ने 4 विकेट लेकर 25 रन, रितिक ने 2 विकेट लेकर 23 रन दिया। यूनाइट सीसी ने 24.5 ओवर में दो विकेट पर 158 रन बनाया। अभिनव ले 76, रितिक ने 32, अयान ने 40 रन बनाया। वहीं विवेक ने 2 विकेट लेकर 25 रन दिया। यूनाइट सीसी ने 8 विकेट से जीत दर्ज की।

## ड्रीम बिग सीए ने 5 विकेट से जीता टूर्नामेंट

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट पीटी -2 ग्राउंड में ड्रीम बिग सीए बनाम जस्टिस रेड के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जस्टिस रेड ने 31.4 ओवर में 10 विकेट पर 118 रन बनाया। राहुल ने 50, सलमान ने 10 रन बनाया। राहुल ने 12 रन देकर 2 विकेट व रूपेश ने 19 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी ड्रीम बिग सीए की टीम ने - 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 119 रन बनाया। संदीप ने 33, रूपेश ने 23 रन बनाया। वहीं दीपक ने 19 रन देकर 2 विकेट व अभिमन्यु ने 38 रन देकर 2 विकेट लिया। ड्रीम बिग सीए ने 5 विकेट से जीत दर्ज की।

## सेंट जेवियर स्कूल 7 विकेट से जीता

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में डीएवी कपिलदेव बनाम सेंट जेवियर स्कूल के बीच खेला गया। डीएवी कपिलदेव ने 28.1 ओवर में 10 विकेट पर 155 रन बनाया। हर्ष ने 29, लैकी ने 29 रन बनाया। शौर्य ने 22 रन देकर 3 विकेट, आर्यन ने 25 रन देकर 3 विकेट व सौरिश ने 36 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सेंट जेवियर स्कूल ने 22 ओवर में तीन विकेट पर 158 रन बनाया। तेजस ने सर्वाधिक 102 रन व युवराज 33 रन बनाया। प्रत्युष 26 ने रन देकर 2 विकेट लिया। सेंट जेवियर स्कूल 7 विकेट से जीता।

### प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों पर पठन-पाठन में लापरवाही का आरोप

# शिक्षकों के रवैये से परेशान होकर ग्रामीणों ने विद्यालय में जड़ा ताला

*झामुमो नेताओं ने अधिकारी को फोन कर मामले से कराया अवगत*



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** झारखंड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था का हाल किसी से छुपा हुआ नहीं है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था का हाल और भी बुरा है। शिक्षकों की लापरवाही इस कदर है कि उन्हें अहसास तक नहीं कि वे कितने बच्चों का भविष्य खराब कर रहे हैं। ऐसे ही लापरवाह शिक्षकों के रवैये से परेशान होकर ग्रामीणों ने ही गांव के विद्यालय में ताला जड दिया है। मामला गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लेबडिया का है। जहां के शिक्षकों की लापरवाही और कार्यशैली से तंग आकर महिला व पुरुष ग्रामीणों ने बीते गुरुवार को विद्यालय में ताला जड दिया। इसकी सूचना पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मो. मुनिबुद्दीन और झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल सोमवार की दोपहर लेवडिया विद्यालय पहुंचे। जहां वाकई में ताला बंद था, इस बाबत आसपास के लोगों व बच्चों से बातचीत की गई। जहां ग्रामीणों ने शिक्षकों के कार्यशैली पर सवाल उठाया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय कभी खुलता है तो कभी नहीं, विद्यालय में उनके बच्चों को पढाया नहीं जाता। आलम यह है कि लिखना पढ़ना तो दूर बच्चे अपना नाम व कक्षा का नाम तक नहीं बता पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब हमारे बच्चों को पढ़ाया ही नहीं जाएगा तो विद्यालय खुलने का क्या फायदा? जिसके बाद 20 सूत्री व प्रखंड अध्यक्ष ने लोगों को समझाते हुए विद्यालय खोलने की अपील की साथ ही मौके से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को फोन कर मामले में संज्ञान लेने को कहा।

## भूली में 85 पुड़िया गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद शहर के भूली क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर 85 पुड़िया गांजा के साथ तस्कर रवि सिंह को गिरफ्तार किया है. यह जानकारी भूली ओपी प्रभारी अर्णव कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भूली सी ब्लॉक स्थित दुकान में गांजा की बिक्री की जा रही है. इसके बाद पुलिस ने उक्त दुकान में छापेमारी 85 पुड़िया गांजा ( करीब 300 ) जब्त किया. पुलिस दुकानदार रवि सिंह को को पकड़कर ओपी ले गई.

## पलामू क्रिकेट के महत्वपूर्ण स्तंभ प्रो. हसनाथ का निधन



**रांची।** पलामू क्रिकेट के महत्वपूर्ण स्तंभ प्रोफेसर हसनाथ का उनके पटना निवास में निधन हो गया । एक जमाने में पलामू क्रिकेट में अपना नाम, अपनी पहचान बना पाने वाले हर खिलाड़ी के लिए जीएलए कॉलेज पहला रास्ता होता था, पहली नर्सरी होती थी। इस नर्सरी के संचालन का श्रेय तीन गुरुजनों को था - मिश्रा सर, केबू दा सर और हसनाथ सर। वे मृदुभाषी और बेहद सौम्य स्वभाव के थे। वे क्रिकेट के जानकार व सख्त कोच भी थे। पलामू क्रिकेट की बेहतरी के लिए हमेशा समर्पित थे।

# गायब बच्ची का शव बरामदगी के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह जिले के देवरी में 10 दिनों पूर्व एक नाबालिग बच्ची के गायब होने के बाद हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इतना ही नहीं हत्या आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित कर गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि देवरी थाना क्षेत्र के तुरिया टोला चतरो में एक नाबालिग बच्ची के गायब होने की परिजनों ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बच्ची के गायब होने के तीन दिनों बाद उसका शव देवघर जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के चितोलोढिया गांव में झाड़ी में फेंका हुआ मिला। उक्त मामले का उद्भेदन के लिए खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान टीम ने संदेह की स्थिति में गुजरात के सूरत से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए देवरी थाना क्षेत्र निवासी राज कुमार हाजरा ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया कि आपसी रंजिश के कारण उसने अपने सहयोगी अनीता देवी के साथ मिलकर बच्ची की हत्या कर दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राज कुमार हाजरा के खिलाफ देवरी थाना में पहले भी 6 मामले दर्ज हैं। वहीं एसपी ने बताया कि गिरफ्तार इन दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त बाइक और दो मोबाइल बरामद किया गया।

### सीके नायडू अंडर - 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# आर्यन हुड्डा के शतक से झारखंड मजबूती की ओर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कानपुर के ग्रीन पार्क में चल रहे सीके नायडू अंडर- 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत झारखंड की टीम उत्तर प्रदेश के खिलाफ मजबूत स्थिति की ओर अग्रसर है । चार दिवसीय क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने चार विकेट पर 324 रन बना लिए थे। आर्यन हुड्डा ने 161 रन बनाकर अपने टीम को मजबूती प्रदान की । उसने कुल 23 चौके लगाए। रोबिन मिंज भी 35 रन बनाकर नाबाद रहे। हुड्डा के अलावा सत्य सेतु ने भी छह चौके की मदद से 76 रन बनाकर अपनी टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाने में मदद की। उसने कुल छह चौके लगाए।

## जारंगडीह उत्तरी पंचायत में जल सहिया का चुनाव स्थगित

**बोकारो।** जारंगडीह उत्तरी पंचायत सचिवालय में जल सहिया के चयन के लिए शुक्रवार को ग्रामसभा बुलाई गई थी. ग्रामसभा में ग्रामीणों की संख्या काफी कम रहने के कारण सहिया का चुनाव स्थगित कर दिया गया. ग्रामसभा में बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी तो पहुंचीं थीं, एक दर्जन से भी कम ग्रामीण थे. विभागीय अधिकारी भी नदारद रहे. यहां तक कि पंचायत सचिव भी नहीं थे. ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामसभा आयोजित करने की उन्हें पहले जानकारी नहीं दी गई थी.

## डीडीसी ने पहाड़िया गांवों का दूसरे दिन भी किया दौरा

**साहिबगंज।** साहिबगंज के डीडीसी सतीश चंद्रा ने दूसरे दिन भी जिले के मंडरो प्रखंड के पहाड़िया गांवों का दौरा कर वहां की स्थिति जानी. उनके साथ जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव, डीएमएफटी पदाधिकारी विशंभर पटेल भी थे. इस दौरान इन लोगों ने पहाड़िया गांव जाननी भिट्ठा, दामिन भिट्ठा, आमजोड़ी पहाड़, सुंदर पहाड़, गढ़ी पहाड़ में गए और ग्रामीणों से मुलाकात की. ग्रमीणों के बीच 250 कंबल का वितरण किया गया. डीडीसी ने आदिम जनजाति महिला-पुरुषों से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं के लाभ की जानकारी ली. गांवों में पेयजल, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क, आवास, खेल मैदान व अन्य व्यवस्था की जानकारी ली. पीएम आवास, जनमन योजना, एसबीएम सहित अन्य योजनाओं का भी हाल जाना.


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –35/2024–25
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 18.02.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 19.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 19.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of Water Supply Pipe Line, Replacement of Damaged water storage tank & its allied work at ACB Office, Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 127420.00 | 3000.00 | 500.00 | 04 Days |
| 2. | Renovation of toilet, bathroom, Kitchen with floor tiles, wall tiles & replacement of water supply pipe line,sanitary fittings, bathroom fittings, sewerage work at 1/16 Sets Quarter near police line under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 230222.00 | 5000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 3. | Replacement of water pool LED light at Lily Fountain, Jawahar Fountain and Gate No. – 1 Fountain, Rajbhawan Campus, under D.W.& S. Division Gonda Ranchi. | 299900.00 | 6000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 4. | Renovation of toilet cum bathroom improvement of water supply & replacement of Media Iron Removal plant of Hon'ble MLA Officer's Flat-11 Dindayal Nagar Booty Road, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 796931.00 | 16000.00 | 1250.00 | 20 Days |
| 5. | Construction of 125 mm X 115 mm dia X 150 M deep drilled Bore well with installation of 1.5HP Submersible Motor Pump and other allied works of Mukhyamantri Dal-Bhat Yojna Center in the Premises of Civil Court, Ranchi. under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 832526.00 | 17000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 6. | Seepage Repair & renovation of toilet and bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work and other mis. Work Main building at New CM House, Kanke Road, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1082203.00 | 22000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 7. | Providing & Installation of Buster pressure pump for improvement of water supply at main building, CBI Building Fast Track Court and 40 Court Building of Hon'ble Civil Court Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1402736.00 | 29000.00 | 2500.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।
PR 346184 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 36/2024–25

दिनांक 08/02/2025

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सदर | सिन्दुर | उच्च विद्यालय, सिन्दुर का उन्नयन कार्य। | 4959500.00 | 5000.00 | 100000.00 | छः माह |
| 2 | टाटीझरिया | डहरभंगा | उ0प्रा0वि0, डहरभंगा का उन्नयन कार्य। | 3735200.00 | 5000.00 | 75000.00 | चार माह |
| 3 | चलकुशा | सेवाटांड | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, मजारटोला दुमदुमा में चाहरदिवारी का निर्माण। | 4926700.00 | 5000.00 | 100000.00 | छः माह |
| 4 | केरेडारी | गर्रीकला / पतराखुर्द | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैद्य मोहल्ला से छठ घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4632200.00 | 5000.00 | 93000.00 | छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 19.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 20.02.25 से 05.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.03.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।
PR 346228 (District) 24-25 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बायें, दायें, अंतर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अंतरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# पाठ्यक्रम में बदलाव व राजनीति

नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढ़ना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढ़ना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार "संघ परिवार" जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी।

*राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है।*

# अदालत में जनप्रतिनिधि अपराध मामलों में सुनवाई में देरी करती है निराश



वर्तमान और पूर्व संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ लंबित पांच हजार आपराधिक मामलों के निपटारे की सुनवाई कर रही एमपी-एमएलए अदालतों में कोई उल्लेखनीय प्रगति होते हुए न दिखना न केवल निराशाजनक है बल्कि यह कानून व्यवस्था की बड़ी विसंगति है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आग्रह किया गया कि कोर्ट इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करे। अपेक्षा यह की गई थी कि इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी, लेकिन इसका उलटा हो रहा है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायकों में से 16 यानी 33 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 22 में से 15 यानी 68 प्रतिशत नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर किस्म के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दिए गए आदेशों और हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक बदनुमा धब्बा हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों और सांसदों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई अदालतें उनके मामलों का समय पर निपटारा करने में विफल साबित हो रही हैं। बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह दर्शाता है कि सांसदों एवं विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है और अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं प्रभाव के कारण मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है।

ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय अपने इस दायित्व का निर्वहन सही तरह से नहीं कर पा रहे हैं। समय-समय पर ऐसी खबरें भी आती रही हैं कि एमपी-एमएलए अदालतों को जनप्रतिनिधियों के मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है, लेकिन इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके। समझना कठिन है कि जिन अदालतों का गठन ही कुछ विशेष मामलों के निस्तारण के लिए हुआ है, वे उनकी सुनवाई में प्राथमिकता का परिचय क्यों नहीं दे रही हैं? उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट इन अदालतों को यह स्पष्ट निर्देश दे कि वे जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई एक निश्चित समय सीमा में करें और ऐसा करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देशित करे। यदि ऐसा कुछ नहीं किया जाता तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकना बहुत कठिन होगा और आपराधिक छवि के नेताओं के मामलें न्यायालयों में बढ़ते ही जायेंगे। यह स्थिति लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली ही है। यह स्थिति अधिक चिन्ताजनक एवं दुखद इसलिये भी है कि अब तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल में बंद लोगों को चुनाव प्रचार के लिए भी जमानत देने का सिलसिला कायम हो गया है। जनप्रतिनिधि भी रक्षक नहीं, भक्षक हो रहे हैं। ये कानून का भक्षण करने में माहिर होते जा रहे हैं। ये कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो पहले वोट मांगते हैं, फिर जीत के बाद लोगों को लात मारते हुए उनके साथ तरह-तरह के अपराध करते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर अपराध तंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? राजनीतिक व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि कोई भी अपराधों में लिप्त नेता जन-प्रतिनिधि न बन सके।

आज की बात



ललित गर्ग

दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एडीआर और 'दिल्ली इलेक्शन वाच' ने चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब प्रश्न है कि दिल्ली नगर निगम हो या विधानसभा के चुनावों में भी आप पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत क्यों नहीं समझी? जबकि इस पार्टी का घोष ही रहा अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चर्चाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण-'अपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना'-हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। मौजूदा लोकसभा सदस्यों में सर्वाधिक 29 प्रतिशत सदस्यों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पिछली लोकसभा में यह आँकड़ा तुलनात्मक रूप से कम था। राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः नियंत्रित करने में असफल रहे हैं। हालांकि एक अच्छी पहल यह हुई है कि अब हाईकोर्ट की इजाजत के बिना सरकार किसी भी सांसद एवं विधायक के खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं ले सकती है। राजनीति के अपराधीकरण के कारण चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इसका देश की न्यायिक प्रक्रिया पर भी दुष्प्रभाव देखने को मिलता है और अपराधियों के विरुद्ध जाँच प्रक्रिया धीमी हो जाती है। राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आखिरी सफर पर जीएसटी

जीवन में एक समय ऐसा आता है जब हमें अलविदा कहना होता है। यह अलविदा केवल शब्द नहीं होता, बल्कि यह जीवन के सबसे बड़े सत्य का सामना करने का एक तरीका होता है। लेकिन सोचिए, यदि इस अलविदा पर भी सरकार की नज़र होती, और हमें मृत्यु के बाद जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) चुकाना पड़ता, तो यह स्थिति कितनी हास्यास्पद और पीड़ादायक होती। हमारी सामाजिक व्यवस्था में जीवन के हर पहलू पर कर लगते हैं। खाने-पीने से लेकर रहने- सहने, मनोरंजन से लेकर शिक्षा तक, हर चीज पर जीएसटी लगाया जाता है। लेकिन अगर मृत्यु के बाद भी सरकार हमें छोड़ दे, तो क्या होगा? पहले तो हम अपने प्रियजनों के दुख से जूझ रहे होते हैं, और ऊपर से यह विचार कि हमारे जाने के बाद भी हमें जीएसटी भरना पड़ेगा, कितनी हास्यास्पद बात होगी। कल्पना कीजिए, एक शोक संतप्त परिवार जो अपने प्रियतम की मृत्यु के बाद शोक में डूबा हुआ है। जैसे ही वे अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटते हैं, उन्हें पता चलता है कि "जीएसटी की दरें लागू हो गई हैं!" अब वे एक नई चिंता में पड़ जाते हैं। पहले तो वे मुर्दे को ठिकाने लगाने की सोचते हैं, लेकिन जीएसटी के साथ वह कार्य भी जटिल हो जाता है। "कितना जीएसटी है?" "क्या हमें इसकी रसीद लेनी होगी?" "क्या मरे हुए के लिए अलग दर है?" ये सवाल उन पर भारी पड़ जाते हैं। जीएसटी के लिए एक नया टर्मिनल खड़ा किया जाता है जहाँ अंतिम संस्कार की लागत पर 18% जीएसटी लगता है। शोक में डूबे परिवार को यह समझ नहीं आता कि वे क्या करें। उन्हें अपनी प्रिय की अंतिम यात्रा के लिए न केवल पैसे खर्च करने होते हैं, बल्कि उन पर जीएसटी का बोझ भी उठाना पड़ता है। ऐसे में वह अपने प्रियजन को विदाई देने से पहले ही मानसिक तनाव में डूब जाते हैं। एक और दर्दनाक दृश्य है जब परिवार के सदस्य शव को श्मशान घाट ले जाते हैं। वहाँ उन्हें एक और बिंदु मिलता है—"कुल मूल्य पर जीएसटी"। उनके प्रियजन का अंतिम संस्कार अब जीएसटी के चक्रव्यूह में फंस गया है। क्या यह मृतक का अपमान नहीं है? क्या उसकी आत्मा को शांति नहीं मिलनी चाहिए? लेकिन नहीं, हमारे सिस्टम में हर चीज को पैसों में तौला जाता है। अब परिवार के मुखिया को यह चिंता सताने लगती है कि क्या उनके प्रियजन की आत्मा जीएसटी के इस चक्र से बच पाएगी? क्या उसे किसी प्रकार की छूट मिलेगी? क्या सरकार ने इस बारे में सोचा है? लेकिन ऐसे सवालों का कोई उत्तर नहीं है, क्योंकि सरकार केवल कर लगाने में व्यस्त है, ना कि मानवता के मूल्यों को समझने में।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

# कहानी आग की...

रासायनिक अंदाज से देखें तो दहनशील पदार्थों के तीव्रऑक्सीकरणको आग के तौर पर जाना जाता है। इसके इसी अंदाज के कारण इसकी चर्चा को लेकर शायद हम संवेदनशील नहीं हो पाते और दैनिक जीवन में इसकी गंभीर उपस्थिति को भी बहुत सामान्य मान लिया जाता है। ऐसा तब जबकि इसमें उष्मा तो होती ही है, साथ में प्रकाशव कई तरह की रासायनिक प्रतिक्रियाएं भी स्वतः मिलती चली जाती है। बहुत सामान्य से दिखने वाले इस आग का संबंध मानवीय जीवन के साथ इसका बहुत पुराना रहा है। यह नाता कुछ ऐसा रहा है कि मानवीय उपयोग के लिए दाहपैदा करने और भौतिक रूप से पदार्थों के रुपांतरण करने में इसने हमारी सार्वकालिक सभ्यता को अनादि काल से क्रांतिकारी दिशा देने का काम किया है। यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है क्योंकि कोई भी नातेदारी जब सभ्यता के प्रारंभिक चरण से जुड़ी हुई हो तो संबंधित विषय को नाम देना भी संभव नहीं रह जाता। आग से साथ हमारा संबंध कुछ ऐसा ही रहा है और आग के बाह्य स्वरूप में निरंतर परिवर्तन के बावजूद इसका मूल अस्तित्व आज भी यथावत बना हुआ है। इस सहसंबंध को टटोलने के लिए आप किसी सुदूर ग्रामीण अंचल की ओर चले जाएं, आपको आग के स्रोत और स्वरूप में परिवर्तन नजर आने लगेंगे। परंपरागत स्रोतों के स्थान पर जमाना पेट्रोलियम साधन तक जा पहुंचा है और आग का तेजी से व्यवसायीकरण हो चुका है अन्यथा हमने एक ऐसा जमाना भी देखा है जब हरेक घर में इस आग को सदैव जिंदा रखा जाता था। पीढ़ियां बदल गई हैं परन्तु यह स्मरण नहीं बदल सका है कि कैसे हर घर में हर समय अंगारे के रूप में आग मौजूद रहा करता था। अभी कुछ दशकों पहले की ही बात है जब घरों में दियासलाई या माचिस की उपलब्धता न के बराबर हुआ करती थी। इसकी जरूरत भी नहीं थी क्योंकि हर घर की मिट्टी में एक बोरसी जीवित रहा करती थी। किसी को बोरसी पसंद न हो तो कोई बात नहीं, घर का चुल्हा अपनी गर्मी बनाए रखने को काफी था और पूरे गांव के लिए यही माचिस था। संदर्भवश मन को गुदगुदाने वाले कुछ बातों का स्मरण करते चलें, आप स्वतः रोमांचित होते चले जाएंगे। याद कीजिए, घर में लिट्टी चोखा बननी हो या नवजात शिशु का स्वागत करना हो तो क्या दरवाजे पर रखे बोरसी के बगैर इनकी कल्पना भी की जा सकती थी? इसी तरह क्या बोरसी में बगैर पैर की सिकाई के कोई भी जच्चे-बच्चे के पास जा सकता था? इतना ही नहीं, मनुष्य के जन्म और उसके अहर्निश पोषण से लेकर अंतिम संस्कार तक की यात्रा में हमारे सहभागी आग को हमने मान्यताओं में बांध रखने का सम्मान भी दिया है। यह कुछ ऐसा था कि होली से पहले "अग्नि माता" अपनी ससुराल में रहती तो होली की अगिया के दिन से इसका ठिकाना मायके होता। ऋतु परिवर्तन के साथ इसके संबंध और मानवीय सभ्यता के साथ इसकी साझेदारी का कमाल यह था कि आग जब तक मायके में है तब तक वो निश्चिन्त भाव से उन्मुक्त और अल्हड़ है। मतलब साफ है कि होली के बाद जब ग्रीष्म ऋतु सामने है तब आग के मामले में बहुत सावधानी चाहिए क्योंकि मायके में उन्मुक्तता में थोड़ी सी लापरवाही से संसार में आग लगा सकती है। मायके और ससुराल के इन तथ्यों का संदेश बहुत स्पष्ट था। दादी नानी के दावों की मानें तो बरकत की इस निशानी को हमेशा जिंदा रखना किसी सुघड़ गृहलक्ष्मी की पहचान होती थी। ऐसा इसलिए कि कोई गृहलक्ष्मी ही न केवल बोरसी की आग में एक उपले या लकड़ी के किसी कोने को सुलगाकर रसोई को जीवन्त बनाती है बल्कि पड़ोसी के बुझे हुए चुल्हे को चौका का अवसर देने का कारनामा भी कर दिखाती है। अब बोरसी को जिन्दा रखने और आग मांगने की प्रथा लगभग विलुप्त हो चुकी है। सुविधाएं बढ़ी हैं, गैस सिलेंडर सामाजिक है तो हम कब के बोरसी की बरसी मना चुके हैं। आग मांगने की कौन कहे अब तो हमने दियासलाई से भी तौबा कर लिया है। लाईटर की चिटपिटाहट रसोईघर की शान बन चुका है। न आग जलाने के लिए चूल्हे रह गए हैं, न चिमटी पास में है, न फूंक मारने की नली कहीं है और न आग के इन अंगारों की औपचारिकताएं ही शेष रह गई हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात




केदारनाथ दास

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

नई व्यवस्था से लड़े, न्याय, तर्क, सुविचार।
पानी पर जैसे चले, रोज नयी तलवार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# पेरिस एआई शिखर सम्मेलन नवाचार व नैतिकता के बीच संतुलन

पेरिस में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर वैश्विक शिखर सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है, जहाँ विश्व के अग्रणी नेता, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और नीति-निर्माता एकत्र होकर एआई के भविष्य पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। यह सम्मेलन केवल नवाचार को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि एआई से उत्पन्न नैतिक, सामाजिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए भी समर्पित है। एआई की असीम संभावनाओं को उजागर करते हुए यह सम्मेलन उन नवीन विचारों को सामने लाता है, जो प्रौद्योगिकी, विज्ञान और व्यवसाय के क्षेत्र में नए समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही, यह गोपनीयता हनन, नौकरियों के ह्रास और एआई के दुरुपयोग जैसे जोखिमों पर गहन चर्चा करता है, जिससे एआई के जिम्मेदार और सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित किया जा सके। एआई नवाचार और शासन को लेकर वैश्विक सहमति बनाना इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य है। विकसित और विकासशील देशों के बीच एआई नीतियों में संतुलन स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि सभी देशों को इसका समान लाभ मिल सके। अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन की एआई नीतियों में स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है। अमेरिका जहां उद्योग-संचालित नवाचार को प्राथमिकता देता है, वहीं यूरोपीय संघ सख्त एआई कानूनों पर जोर दे रहा है। दूसरी ओर, चीन सरकारी नियंत्रण के साथ एआई विकास को आगे बढ़ा रहा है और अपने नए चैटबॉट "डीपसीक" के माध्यम से वैश्विक स्तर पर तकनीकी प्रभुत्व स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। इस संदर्भ में, भारत की भूमिका भी उल्लेखनीय है, जो इस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहा है। भारत समावेशी और जिम्मेदार एआई नीतियों की वकालत कर रहा है, ताकि एआई केवल बड़े कॉरपोरेट्स तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसका लाभ मिले।

फ्रांस एआई क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। उसने एआई अनुसंधान और अवसंरचना के विकास के लिए 109 बिलियन की विशाल धनराशि आवंटित की है और एक "सार्वजनिक लाभ एआई संस्थान" की स्थापना की है, जो नैतिक और पारदर्शी एआई अनुप्रयोगों पर केंद्रित रहेगा। यूरोपीय संघ द्वारा निजी कंपनियों पर एआई का पूर्ण नियंत्रण रोकने की पहल का फ्रांस समर्थन कर रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह एआई विकास को संतुलित और समाजोपयोगी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस शिखर सम्मेलन में विभिन्न देशों और उद्योगों के दिग्गज भाग ले रहे हैं, जिनमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस, चीन के उप प्रधानमंत्री झांग गुओकिंग, ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हासाबिस प्रमुख हैं। यह सम्मेलन एआई नवाचार और नैतिकता के बीच संतुलन स्थापित करने, एआई सुरक्षा और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसमें एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है, जो एआई नियमन के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करेगा। हालांकि अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इस पहल की सफलता को लेकर संदेह बना हुआ है, फिर भी यह स्पष्ट है कि एआई से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक स्तर पर सहयोग आवश्यक है। चैटजीपीटी के आगमन के बाद से जनरेटिव एआई ने अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। यह टेक्स्ट निर्माण, चित्र और वीडियो जनरेशन, डेटा विश्लेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। लेकिन इसके साथ ही एआई से जुड़े सुरक्षा और व्यक्तिगत गोपनीयता संबंधी गंभीर चिंताएँ भी बढ़ी हैं। हाल ही में चीन द्वारा लॉन्च किया गया डीपसीक चैटबॉट वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। इसे चैटजीपीटी का प्रमुख प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है, और इस पर डेटा चोरी के आरोप भी लगे हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकारों ने इसे अमेरिकी तकनीकी उद्योग के लिए खतरा बताया है। कुछ देशों में इसकी जांच शुरू हो गई है और कुछ स्थानों पर इस पर प्रतिबंध भी लगाया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार के सीएम को नहीं मिली दो महीने से सैलरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पिछले दो महीने से सैलरी नहीं मिली है। उनके साथ लगभग 8 लाख सरकारी कर्मचारियों को भी दो महीने से वेतन नहीं मिला है। इसमें मुख्यमंत्री, मंत्री-विधायक, क्षेत्रीय कर्मचारी, शिक्षक और संविदा कर्मी शामिल हैं। ये समस्या नए वित्तीय प्रबंधन सॉफ्टवेयर CFMS 2.0 के लॉन्च के बाद से शुरू हुई है। पुराने सॉफ्टवेयर से डेटा ट्रांसफर न होने और तकनीकी दिक्कतों के कारण दिसंबर और जनवरी का वेतन अटका हुआ है। बिलों का भुगतान भी रुका हुआ है।

**बिहार में दो महीने से पैसे के लेनदेन में पेच**

जनवरी 2025 में बिहार सरकार ने वित्तीय प्रबंधन के लिए सीएफएमएस 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च किया। ये सॉफ्टवेयर सरकारी खर्चों, आय और संपत्ति को मैनेज करने में मदद करता है। इससे सारा काम ऑनलाइन और पेपरलेस हो जाता है। लेकिन नए सॉफ्टवेयर के लॉन्च के बाद से ही तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। पुराने सॉफ्टवेयर का डेटा नए सॉफ्टवेयर में ट्रांसफर नहीं हो पाया है। इसी वजह से वेतन और बिलों का भुगतान अटका हुआ है। अपग्रेडेड वर्जन, CFMS 2.0 लॉन्च किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'बिहार सरकार ने बिल भुगतान के लिए पहली बार इस सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया था। 3 जनवरी 2025 को इसी सॉफ्टवेयर का अपग्रेड वर्जन लॉन्च किया गया था। लेकिन, जो पुराना सॉफ्टवेयर था, उसका डाटा अभी तक नए सॉफ्टवेयर में ट्रांसफर नहीं हो पाया है। साथ ही उसमें तकनीकि समस्या आ रही है, जिसके वजह से सीएम सहित 8 लाख से भी अधिक सरकारी कर्मचारियों की सैलरी दो महीने से रूकी हुई है।'

**1** नीतीश के साथ आठ लाख कर्मचारियों को भी दो महीने से वेतन नहीं मिला

**2** नए सॉफ्टवेयर सीएफएमएस 2.0 में तकनीकी समस्या से वेतन रुका

### कर्मचारियों के वेतन नहीं मिलने से उनके घर का बजट गड़बड़ाया

इस समस्या से लगभग 8 लाख सरकारी कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। इसमें 3 लाख क्षेत्रीय कर्मचारी, 5 लाख शिक्षक और 50 हजार संविदा कर्मी शामिल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का वेतन भी इसी कारण रुका हुआ है। सोचिए, जब मुख्यमंत्री का ही वेतन अटक सकता है तो आम कर्मचारियों की क्या स्थिति होगी ! कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नहीं मिलने से उनके घर का बजट गड़बड़ा गया है। कई कर्मचारियों को रोजमर्रा के खर्चों के लिए उधार लेना पड़ रहा है।



### नए सॉफ्टवेयर में नहीं ट्रांसफर हो रहा डाटा


बिहार सरकार ने पहले भी CFMS का इस्तेमाल किया था। 3 जनवरी 2025 को इसका अपग्रेडेड वर्जन, CFMS 2.0 लॉन्च किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'बिहार सरकार ने बिल भुगतान के लिए पहली बार इस सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया था। 3 जनवरी 2025 को इसी सॉफ्टवेयर का अपग्रेड वर्जन लॉन्च किया गया था। लेकिन, जो पुराना सॉफ्टवेयर था, उसका डाटा अभी तक नए सॉफ्टवेयर में ट्रांसफर नहीं हो पाया है। साथ ही उसमें तकनीकि समस्या आ रही है, जिसके वजह से सीएम सहित 8 लाख से भी अधिक सरकारी कर्मचारियों की सैलरी दो महीने से रूकी हुई है।'

# महाकुंभ 2025

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को प्रयागराज पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद उन्होंने पूजा-अर्चना की और फिर पितरों का पिंडदान किया। राष्ट्रपति को पूजा कराने वाले पंडितों ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यह अनुभव अत्यंत गौरवमयी था और उन्हें खुशी है कि राष्ट्रपति ने संगम में स्नान और पूजा-अर्चना की। पंडित विकास कुमार तिवारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें बहुत अच्छा लगा। राष्ट्रपति ने संगम में आकर स्नान किया और फिर अपने पितरों के नाम से पिंडदान किया। पंडित गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपति को पूजा करवाकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे मुख्यमंत्री द्वारा की गई सारी व्यवस्थाएं महाकुंभ के लिए बहुत ही बढ़िया हैं। उनकी वजह से ही सारा आयोजन बहुत अच्छे ढंग से चल रहा है। अभिषेक कुमार शुक्ल ने कहा कि यह दिव्य और भव्य कुंभ एक बड़े ही सफलतापूर्वक आयोजन के रूप में व्यतीत हो रहा है। राष्ट्रपति का संगम आना हमारे लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी भी यहां आए थे। यह हम सबके लिए एक गौरवमयी क्षण है कि हमारे सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था हमें देखकर हम गर्व महसूस कर रहे हैं। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाई और फिर पूजा-अर्चना की। इस दौरान यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी भी मौजूद रहे। इससे पहले राष्ट्रपति बमरौली एयरपोर्ट पहुंची, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से अरैल पहुंचीं और फिर बोट पर सवार होकर संगम पहुंचीं। स्नान किया। उन्होंने पक्षियों को दाना भी खिलाया। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण था।





- राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई
- एकता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश
- 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं
- उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया

# पटना में देह व्यापार रैकेट का हुआ पर्दाफाश, तीन लड़कियां हुईं मुक्त

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना में एक रैकेट का खुलासा है। जक्कनपुर और कदमकुआं थाने की पुलिस ने एक बंद फ्लैट में छापेमारी कर में तीन लड़कियों को मुक्त कराया है। ये लड़कियां घर से भागी हुई थीं। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदित्य आनंद उर्फ अमन और उसकी पत्नी लड़कियों से देह व्यापार करवाते थे। छापेमारी की भनक लगते ही दोनों फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि वे कुंभ मेले में प्रयागराज गए हैं। मुक्त कराई गई लड़कियों में एक कदमकुआं, एक मधेपुरा और एक आरा की रहने वाली है।

**● नशे की दवा खिलाकर गलत काम**

कदमकुआं थानेदार राजीव कुमार ने बताया कि आदित्य लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर अपने फ्लैट पर लाता था। फिर उन्हें नशे की दवा खिलाकर उनके साथ गलत काम करता था। मुक्त कराई गई लड़कियों में एक कदमकुआं की रहने वाली नाबालिग लड़की भी शामिल है। वह 22 दिसंबर को घर से भाग गई थी। पटना जंक्शन पर आदित्य उससे मिला और नौकरी का लालच देकर उसे खासमहल स्थित अपने फ्लैट पर ले गया। आदित्य और उसकी पत्नी इन लड़कियों को होटलों में भेजकर देह व्यापार करवाते थे।



### गिरफ्तारी के बाद हो सकता है बड़ा खुलासा

कदमकुआं वाली नाबालिग लड़की के घरवाले उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले इसलिए नहीं लिखवा पाए थे क्योंकि उसकी बहन की शादी होने वाली थी। शादी के बाद उन्होंने कदमकुआं थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इस मामले में आदित्य और उसकी पत्नी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। माना जा रहा है कि इनकी गिरफ्तारी के बाद और कई खुलासे हो सकते हैं।

## नांदेड में गुरुद्वारा के पास फायरिंग, दो लोग घायल

**नांदेड।** महाराष्ट्र के नांदेड में गुरुद्वारा के पास सोमवार सुबह लगभग 9.30 गोलीबारी की घटना हुई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को नांदेड में एक गुरुद्वारे के पास गोलीबारी की घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनों तो तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुद्वारा के गेट नंबर 6 के पास शहीदपुरा इलाके में तीन से चार लोगों ने दो युवकों पर कई राउंड फायरिंग की। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने गोलीबारी के पीछे का मकसद और इसमें शामिल लोगों की पहचान का पता लगाने के लिए मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के बाद बिहार में बनेगी एनडीए सरकार

# केजरीवाल पर जनता ने सुना दिया फैसला : उपेंद्र कुशवाहा




**एजेंसी। पटना**

राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि यह वहां की जनता का निर्णय है। पहले से ही ऐसा लग रहा था कि जनता इसी तरह का फैसला लेगी। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ काफी गुस्सा था। बीजेपी की सरकार वहां बनने जा रही है, जो एक अच्छी बात है। मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे पर कुशवाहा ने कहा कि उन्हें इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है कि उन्होंने किस कारण इस्तीफा दिया। लेकिन अगर उन्होंने इस्तीफा दिया है, तो सोच-समझकर और पार्टी के निर्देशों के तहत ही दिया होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय है। यह बहुत ही मजबूत सरकार होगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ ख्याली पुलाव पका रहा है। बिहार में 100% गारंटी है कि एनडीए की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि वे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और प्रगति यात्रा के दौरान लगातार जनता के बीच जा रहे हैं। लेकिन कुछ लोग इस पर टिप्पणी कर रहे हैं। करने वाले करते रहें, मुख्यमंत्री मजबूती से अपना काम कर रहे हैं। वहीं, जब उनसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे की राजनीति में एंट्री को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

## गवर्नर ने ममता बनर्जी के कार्यों को सराहा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दूरदर्शी नेता के रूप में प्रशंसा की और पिछले एक साल में राज्य सरकार की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट की सफलता और राज्य की शांतिपूर्ण कानून व्यवस्था पर जोर दिया। सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन अपने पारंपरिक संबोधन में गवर्नर ने कहा कि राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए पिछले 13 वर्षों में कई पहल की हैं, उन्होंने कहा कि वित्तीय बाधाओं और केंद्रीय निधियों की प्राप्ति न होने के बावजूद, राज्य सरकार ने रोजगार सृजन और ग्रामीण आवास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## बीजापुर मुठभेड़ में बलिदानी दो जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**बीजापुर (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के जंगल में रविवार को हुई मुठभेड़ में दो बलिदानों को श्रद्धांजलि दी गई और नए पुलिस लाइन में सोमवार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बीजापुर पहुंचे बलिदान जवानों के परिवारजनों की आंखों में आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। इस अभियान में शामिल अन्य जवानों की स्थिति भी बहुत भावुक रही। कल बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के जंगल में डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाइटर के संयुक्त बल के साथ हुई मुठभेड़ में 31 वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था। सुरक्षाबलों ने उनके पास से बड़ी मात्रा हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए थे। इस मुठभेड़ में दो जवान डीआरजी में पदस्थ नरेश कुमार ध्रुव (प्रधान आरक्षक) निवासी बलौदाबाजार, एसटीफ में पदस्थ वासित कुमार रावते (आरक्षक) निवासी बालोद बलिदान हो गए।

इस दौरान छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी अरुण देव गौतम, डीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा , बस्तर आईजी सुंदरराज पी. , डीआईजी कमलोचन कश्यप, सहित सीआरपीएफ व पुलिस के अधिकारी एवं बीजापुर विधायक विक्रम शाह मांडवी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा के जिला अध्यक्ष घासी राम नाग ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

## दिल्ली की हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार : ममता

**कोलकाता(हि.स.)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार है। अगर कांग्रेस आप के साथ समन्वय बनाकर चलती तो दिल्ली में इस तरह के नतीजे नहीं आते। साथ ही उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर भी तंज कसा। कहा कि अगर आप हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करती तो वहां पर भी परिणाम अलग हो सकते थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीत लीं हैं, जबकि आप को 22 सीटें मिलीं हैं। इस चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है। चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद तो ममता बनर्जी ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया, लेकिन सोमवार को विधानसभा परिसर में तृणमूल के विधायक दल की बैठक में उन्होंने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कुछ प्रतिशत वोटों के अंतर से ही दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है। अगर कांग्रेस आप के साथ गठबंधन करती तो ऐसा नहीं होता। कांग्रेस का महज पांच प्रतिशत वोट हासिल करना बेहद चिंताजनक है।



## एसीबी का दारोगा पैरवी करने पहुंचा एसपी कार्यालय, गिरफ्तार

**मोतिहारी(आईएएनएस)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में एक दारोगा को पैरवी करने के लिए पुलिस अधीक्षक के कार्यालय जाना भारी पड़ गया। दारोगा स्वयं एक मामले में आरोपी था और उसी की पैरवी करने वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय गया था, जहां तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दारोगा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में कार्यरत है। दरअसल, यह पूरा मामला दो साल पुराना है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में पदस्थापित दारोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा थाना के एक मामले में आरोपी है। इस मामले को लेकर अदालत ने परमानेंट वारंट का आदेश जारी किया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दारोगा राम बहादुर सोमवार को कुछ अन्य लोगों के साथ अपनी पैरवी करने पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के कार्यालय पहुंचा। इस मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को भी थी। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल थाना पुलिस बुलाई और दारोगा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दारोगा पिपरा थाना क्षेत्र के बैरिया का रहने वाला है। पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आईएएनएस को बताया, "अदालत द्वारा सब इंस्पेक्टर राम बहादुर कुशवाहा, जो अभी निगरानी विभाग में कार्यरत है, के खिलाफ परमानेंट वारंट जारी किया गया था। इसकी सूचना पुलिस को भी मिली थी। इसी आदेश के अनुपालन में सब इंस्पेक्टर राम बहादुर कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है ।

# सरकार का खाद्य प्रसंस्करण और भंडारण अवसंरचना को बढ़ावा देने पर विशेष जोर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की परिकल्पना एक व्यापक पैकेज के रूप में की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप खेत से लेकर खुदरा दुकानों तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण होगा। यह न केवल देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की क्षमता में भी सुधार करेगा, जो किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने, कृषि उपज की बर्बादी को कम करने, प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को बढ़ाने में मदद करेगा। यह जानकारी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। इसमें बताया गया कि पीएमकेएसवाई के तहत स्टैंडअलोन कोल्ड स्टोरेज का समर्थन नहीं किया जाता है। पीएमकेएसवाई की एक उप-योजना एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना राज्य में 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। भारतीय खाद्य निगम, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भंडारण सुविधाओं को उन्नत एवं आधुनिक बनाने के लिए भारत सरकार ने देश में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर स्टील साइलो के निर्माण के लिए कार्य योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश भर में विभिन्न स्थानों पर 24.25 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 17.75 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण पूरा हो चुका है, शेष 6.5 एलएमटी विकास के विभिन्न चरणों में हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त सर्किट बेस मॉडल के तहत 7 स्थानों पर 5.5 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण पहले ही किया जा चुका है तथा वर्ष 2007-09 में इनका उपयोग शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा हब एवं स्पोक मॉडल के चरण-। के तहत एफसीआई के स्वामित्व वाली भूमि पर 14 स्थानों पर 10.125 एलएमटी क्षमता के साइलो का निर्माण किया जा चुका है तथा निजी भूमि पर 66 स्थानों पर 24.75 एलएमटी क्षमता के साइलो का निर्माण किया जा चुका है तथा ये विकास के चरण में हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय वर्ष 2016-17 से केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला योजना पीएमकेएसवाई को क्रियान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान में कमी सहित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए फसल कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे और प्रसंस्करण सुविधाओं का निर्माण करना है।




- इस योजना के तहत देश भर में विभिन्न स्थानों पर 24.25 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया जा रहा है
- चरण-I के तहत एफसीआई के स्वामित्व वाली भूमि पर 14 स्थानों पर 10.125 एलएमटी क्षमता के साइलो का निर्माण किया जा चुका है

# लंबे समय से खेल रहा हूं, जानता हूं मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है : रोहित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शानदार शतक लगाकर खराब फॉर्म के बाद बल्ले से बढ़िया वापसी की। यह मुकाबला कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला गया था। रोहित का मानना है कि खिलाड़ी का माइंडसेट मजबूत होना बहुत जरूरी है। रोहित शर्मा ने अपनी मानसिक मजबूती पर भरोसा जताया और रविवार को 90 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस पारी की बदौलत भारत ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। हाल ही में रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इसके बाद नागपुर में खेले गए पहले वनडे में भी वह सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए थे। इस कारण उनकी काफी आलोचना हो रही थी। लेकिन रोहित ने इस पारी से अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा, "अगर कोई खिलाड़ी सालों तक खेलता आया है और ढेरों रन बनाए हैं, तो इसका मतलब कुछ तो है।

उन्होंने कहा कि बाहर की बातें उन्हें प्रभावित नहीं करतीं और कुछ खराब पारियां उनके आत्मविश्वास को नहीं डिगा सकतीं। रोहित ने कहा, "मैं लंबे समय से क्रिकेट खेल रहा हूं और जानता हूं कि मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है। मुझे बस मैदान पर जाकर वही करना होता है, जो मैं हमेशा करता आया हूं। मैं अपने खेल को अच्छे से समझता हूं और जानता हूं कि एक-दो खराब पारियां मेरी सोच नहीं बदल सकतीं। यह मेरे लिए एक आम दिन की तरह था।" ़र भारतीय कप्तान ने यह भी बताया कि वह हर मैच में पूरी कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, "हमारा काम सिर्फ



मैदान पर जाकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

वही सबसे महत्वपूर्ण है। मैं जब भी बल्लेबाजी करने उतरता हूं, तो मेरी कोशिश हमेशा अच्छा करने की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि खराब फॉर्म के दौरान स्पष्ट सोच रखना बहुत जरूरी होता है। हालांकि, यह आसान नहीं होता। "कई बार चीजें आपके पक्ष में होती हैं, कई बार नहीं। लेकिन जब तक आपको पता है कि आपको क्या करना है, बाकी बातें मायने नहीं रखतीं। जब आपने इतने रन बनाए होते हैं, तो आपको बस उसी मानसिकता में लौटने की जरूरत होती है।



रोहित शर्मा ने अपनी मानसिक मजबूती पर भरोसा जताया और रविवार को 90 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे।

### भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के दौरान 'अंग दान करें', जीवन बचाएं' अभियान शुरू किया जाएगा

**नई दिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले के दौरान अहमदाबाद में 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' नामक जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। यह जानकारी आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने दी। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज कर इंग्लैंड पर बढ़त बनाई थी। इसके बाद कटक में हुए दूसरे वनडे में भी भारत ने इसी अंतर से जीत हासिल कर 2-0 की अजेय बढ़त ले ली। अब तीसरा और आखिरी वनडे बुधवार को अहमदाबा द के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "12 फरवरी को अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के अवसर पर हम 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' नामक जागरूकता अभियान शुरू कर रहे हैं। खेल में लोगों को प्रेरित करने, जोड़ने और मैदान से बाहर भी सकारात्मक प्रभाव डालने की ताकत होती है। इस पहल के माध्यम से हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे सबसे बड़ा उपहार देने की दिशा में एक कदम बढ़ाएं - जीवनदान। एक संकल्प, एक निर्णय, कई जिंदगियां बचा सकता है। आइए, हम सब मिलकर बदलाव लाने में योगदान दें! दूसरे वनडे में कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने आसानी से जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे रोहित ने इस मुकाबले में जबरदस्त वापसी करते हुए 119 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, जडेजा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके।

### पीएम ने 'परीक्षा पे चर्चा' में अवनि लेखरा को दिया आमंत्रण

# स्टार शूटर ने कहा- अनुभव रहा शानदार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की स्टार पैरा शूटर अवनि लेखरा को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। पैरालंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली अवनि लेखरा ने इसको लेकर आईएएनएस से खास बातचीत की। पीएम मोदी ने परीक्षा के अवसर पर छात्रों को तनाव से दूर रखने के लिए 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम की पहल की है। एक खिलाड़ी और छात्र का माइंडसेट काफी हद तक एक जैसा होता है। जैसे खिलाड़ियों के लिए इवेंट तनावपूर्ण होते हैं, वैसे ही छात्रों के लिए परीक्षा की घड़ी नर्वस करने वाली होती है। पीएम मोदी किसी बड़े इवेंट से पहले खिलाड़ियों से भी मुलाकात करते हैं। उन्होंने अवनि लेखरा से ओलंपिक अभियान की शुरुआत करने से पहले कहा था कि उम्मीदों को बोझ नहीं बल्कि अपनी ताकत बनाएं।

कुछ ऐसी ही बातें पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बोलते हैं। इस बार अवनि लेखरा को भी आमंत्रण मिला है। उन्होंने आईएएनएस से बताया, "मुझे इस आमंत्रण को लेकर काफी अच्छा लग रहा है। काफी सारे बच्चों से मिलना, उनसे अपने अनुभव शेयर करना, ये सब चीजें देख मुझे अपने स्कूल के दिन याद आते हैं। जब हमारी परीक्षा होती थी तब काफी तनाव और चिंता रहती थी। इन सबको लेकर बात करना, इससे कैसे निपटा जाए, ये सब चीजें चर्चा का विषय हैं। अवनि ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे पहल से काफी प्रेरणा मिलती है और छात्रों का माइंडसेट सही रहता है। परीक्षा में और उससे भी पहले छात्र तनाव में होते हैं जिस कारण वह ढंग से फोकस नहीं कर पाते, ठीक से याद भी नहीं कर पाते। परीक्षा पर चर्चा में टिप्स और ट्रिक्स पर भी बात होती है। इसलिए इस तरह की चर्चाओं से काफी प्रेरणा मिलती है। अवनि पीएम मोदी से कई बार मिल चुकी हैं। अपने अनुभव पर उन्होंने कहा, "पीएम से मिलना हर बार एक शानदार अनुभव रहा। उन्होंने टोक्यो जाने से पहले और बाद में भी खिलाड़ियों से बातचीत की थी। सभी एथलीट को मोटिवेट किया था। फिर पेरिस ओलंपिक में भी यही हुआ। मेरे साथ उनकी मुलाकात खास थी क्योंकि मैं डिफेंडिंग चैंपियन थी। पीएम मोदी ने कहा था, 'बहुत से लोगों को आपसे उम्मीदें होंगी। आप उन उम्मीदों को बोझ नहीं बनाएं, बल्कि अपनी ताकत बनाएं।' और वही मेरे साथ रहा। इसी माइंडसेट के साथ मैं पेरिस गई थी और वहां दोबारा गोल्ड मेडल लेकर फिर से पीएम से बात की थी। बहुत सारे एथलीट पीएम को फॉलो करते हैं, उनकी बातों को ध्यान से सुनते हैं और मेडल जीतने के बाद उनके फोन का इंतजार करते हैं। ये सब बेस्ट मेमोरी बन जाती है।



**हार नहीं माननी चाहिए और सबसे पहले स्थिति को स्वीकार करना आना चाहिए**

जीवन में बढ़ते तनाव से निपटने के लिए भी अवनि ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, "बहुत बार लगता है, हमारे आसपास नेगेटिव माहौल महसूस होता है या कुछ एक्सीडेंट हो जाता है। कोई बड़ी चोट लग जाती है और ऐसा लगता है कि यह हमारे जीवन का अंत है। लेकिन हार नहीं माननी चाहिए और सबसे पहले स्थिति को स्वीकार करना आना चाहिए। यह नहीं सोचना चाहिए कि सब सही नहीं होगा। थोड़ी भी उम्मीद में कोशिश करेंगे तो आप एक दिन ऐसी जगह पहुंचेंगे कि आपको खुद पर गर्व महसूस होगा और लोग भी आप पर गर्व करेंगे।

# जसप्रीत बुमराह एनसीए में गेंदबाजी और जिम शुरू करेंगे

### 48 घंटे मॉनीटरिंग करेंगे एक्सपर्ट, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वापसी का इंतजार करेगा बोर्ड

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बैक इंजरी को लेकर नया अपडेट आया है। बुमराह नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। शुक्रवार को बीसीसीआई के नेशनल क्रिकेट एकेडमी में उनका स्कैन किया गया था। स्कैन की रिपोर्ट को लेकर मेडिकल टीम और बीसीसीआई के बीच चर्चा हुई है। अब अगले 24-48 घंटे उनकी फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान उनके कुछ जिम वर्क और हल्की गेंदबाजी शुरू करने की संभावना है। चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह का खेलना या न खेलना इसी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। फिलहाल वे स्क्वॉड में शामिल हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। हालांकि सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है। बुमराह के फिट होने का अगर 1 परसेंट चांस भी है, तो बीसीसीआई इंतजार कर सकता है। बोर्ड ने हार्दिक पंड्या के साथ भी 2023 वनडे वर्ल्ड कप में ऐसा ही किया था, क्योंकि रिप्लेसमेंट के रूप में प्रसिद्ध कृष्णा को लेने से पहले उन्होंने करीब दो हफ्तों तक इंतजार किया था।बीसीसीआई ने 5 हफ्ते आराम की सलाह दी थी बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट में 3 जनवरी को चोटिल हुए थे।



### द. अफ्रीकी बल्लेबाज ब्रीत्जके ने वनडे डेब्यू में बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्जके ने वनडे क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में इतिहास रच दिया। सोमवार को गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मैच में उन्होंने 150 रन बनाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। वह अपने पहले ही वनडे मैच में 150 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। ब्रीत्जके ने 148 गेंदों पर 150 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज डेसमंड हेन्स के नाम था, जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले वनडे में 148 रन बनाए थे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए वनडे डेब्यू पर सबसे बड़ा स्कोर 124 रन था, जो 2010 में कॉलिन इंग्राम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था।

# एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए स्पेनिश टीमें भुवनेश्वर पहुंची



**भुवनेश्वर (आईएएनएस)**

● पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा।

स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एक साथ सोमवार को भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। ये टीमें भारत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के मैच खेलने आई हैं। पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा। वहीं, महिला टीम 15 और 16 फरवरी को जर्मनी से भिड़ेगी और 19 फरवरी को भारत के खिलाफ खेलेगी। अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है। महिला टीम चार मैच खेल चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है और आठवें स्थान पर है। भुवनेश्वर पहुंचने पर स्पेन की पुरुष टीम के कप्तान अल्वारो इग्लेसियस ने कहा, "हम भारत लौटकर बहुत उत्साहित हैं। हमने ऑस्ट्रेलिया में चार मैच खेले, लेकिन हमें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। यहां हम अधिक मैच जीतने की कोशिश करेंगे।" उन्होंने यह भी कहा, "भारत में खेलना हमें हमेशा अच्छा लगता है क्योंकि यहां हॉकी बहुत लोकप्रिय है और स्टेडियम दर्शकों से भरा होता है। महिला टीम की कप्तान लूसिया जिमेनेज ने भी अपनी खुशी जताते हुए कहा, "भुवनेश्वर हॉकी के लिए बहुत महत्वपूर्ण शहर है और हम यहां के दर्शकों के सामने खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि हम अगले साल एफआईएच प्रो लीग में बने रहना चाहते हैं। इसलिए हमें पता है कि यहां जीतना कितना अहम होगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# वैश्विक अस्थिरता से ऑलटाइम हाई पर गोल्ड पहली बार 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार

● अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमतों में जनवरी की शुरुआत के बाद से 9 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल चुकी है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वैश्विक अस्थिरता के चलते गोल्ड की कीमत सोमवार को 85,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई है। यह गोल्ड का अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। इसमें तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ के ऐलान के कारण वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का बढ़ना है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 671 रुपये बढ़कर 85,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार को 84,699 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत बढ़कर 83,320 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 69,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 4 अप्रैल के कॉन्ट्रैक्ट में गोल्ड फ्यूचर्स की कीमत ऑल-टाइम हाई 85,384 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,325 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी गोल्ड की कीमत ऑल-टाइम हाई पर चल रही है। गोल्ड का भाव 2,923 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। आमतौर पर जब भी वैश्विक अस्थिरता बढ़ती है, तब सुरक्षित निवेश होने के कारण गोल्ड की कीमतों में तेज उछाल देखा जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमतों में जनवरी की शुरुआत के बाद से 9 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल चुकी है। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह के मुताबिक, आने वाले समय में भी गोल्ड में तेजी रह सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमत 3,000 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजारों में 88,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। रुपया ऑल-टाइम लो पर बना हुआ है। यह सोमवार को डॉलर के मुकाबले 49 पैसे गिरकर 87.92 पर पहुंच गया है।

# भारतीय शेयर बाजार धड़ाम सेंसेक्स 548 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स 548.39 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,311.80 और निफ्टी 178.35 अंक या 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381 पर बंद हुआ। बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,076 शेयर हरे निशान, 3,029 शेयर लाल निशान और 120 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। गिरावट का सबसे अधिक असर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,138 अंक या 2.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,471.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 358.15 अंक या 2.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,648.70 पर था। ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडिया विक्स 5.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14.44 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, टीसीएस और एचयूएल गेनर्स थे। पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस और एक्सिस बैंक लूजर्स थे। बाजार के गिरने की वजह खराब ग्लोबल संकेतों को माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 25 प्रतिशत टैरिफ आयातित स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर लगाने का ऐलान किया गया है। वैश्विक अस्थिरता के चलते गोल्ड की कीमत सोमवार को 85,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गई है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 671 रुपये बढ़कर 85,371 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है।

# स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे ट्रंप, भारत पर होगा क्या असर?

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह सभी प्रकार के इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगाएंगे। इस्पात और एल्युमीनियम का व्यापार भारत और अमेरिका के बीचकी लंबे समय से विवादास्पद रहा है। टैरिफ का मुद्दा ऐसे समय में सामने आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा पर जा रहे हैं। वह 12 से 14 फरवरी तक अमेरिका में रहेंगे। सुपरबोल के लिए न्यू ऑरलियन्स जाते समय ट्रंप ने कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाले किसी भी स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, एल्युमीनियम पर भी।" उन्होंने कहा कि टैरिफ की घोषणा सोमवार को की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी देशों के लिए पारस्परिक टैरिफ भी लगाए जाएंगे। पारस्परिक टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामानों पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश से आने वाले सामानों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने कहा, "बहुत सरल शब्दों में, अगर वे हमसे शुल्क लेते हैं, तो हम उनसे शुल्क लेंगे। भारत ने 2023 के दौरान 4 बिलियन डॉलर का इस्पात और 1.1 बिलियन डॉलर का एल्युमीनियम निर्यात किया था। इस्पात और एल्युमीनियम बिजनेस भारत और अमेरिका के लिए एक विवादास्पद और जटिल मुद्दा रहा है।

# सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में बीते एक दशक में की 5 गुना से अधिक की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हाइवे, रेलवे और पोर्ट्स जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में सरकारी निवेश 2024 में बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कि 2014 में यूपीए के समय में 2 लाख करोड़ रुपये था। यह बीते एक दशक में 5 गुना से अधिक की बढ़ोतरी को दर्शाता है। बजट पर बातचीत करते हुए सिंधिया ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को ही चार जातियां मानते हैं और 2025-26 का बजट इन चार वर्गों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में बीते एक साल में 6,000 किलोमीटर के हाइवे और 2,031 किलोमीटर की रेलवे लाइन बिछाई गई है। इसके अलावा 10,700 गांवों में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए टावर लगाए गए हैं।



### पीएलआई स्कीम से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पैदा हुई 1.37 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण दिसंबर 2024 तक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 10,213 करोड़ रुपये का निवेश आया है और 1.37 लाख प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। यह जानकारी संसद में सरकार द्वारा दी गई। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा को बताया कि पीएलआई स्कीम के तहत 662,247 करोड़ रुपये का संचयी उत्पादन हुआ है। साथ ही 137,189 अतिरिक्त रोजगार (प्रत्यक्ष नौकरियां) के अवसर सृजित किए गए हैं। लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर सरकार का जोर होने के कारण भारत एक मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक देश बन गया है।

### 'परीक्षा पे चर्चा' का हिस्सा बनकर खुशी हुई

# एआई और मेंटल हेल्थ जैसे मुद्दों पर छात्रों से बातचीत की : राधिका गुप्ता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



एडलवाइज एसेट मैनेजमेंट की एमडी और सीईओ, राधिका गुप्ता ने सोमवार को कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' एक अच्छा और जरूरी इनिशिएटिव है। इसमें मौजूदा समय के मुद्दे जैसे एआई और मेंटल हेल्थ पर छात्रों से बातचीत की गई। गुप्ता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि आज के दौर में छात्रों को काफी स्ट्रेस और प्रेशर से गुजरना पड़ता है। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से छात्र मेंटल हेल्थ, टाइम मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी पर बातचीत कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हुई। जब मुझे इसके लिए आमंत्रित किया गया, तो मैं काफी सरप्राइज थी। उन्होंने आगे कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बहुत अच्छी बात है कि वह एथलीट या अन्य किसी भी व्यक्ति को एक दोस्त के रूप में मोटिवेट करते हैं। नागरिक या अचीवर के रूप में हमें यह मौका मिला है। यह बड़ी बात है। गुप्ता के मुताबिक, इस बार 'परीक्षा पे चर्चा' में मौजूदा समय के मुद्दों पर बातचीत की गई है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की गई। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव का जायजा लिया। मासिक निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर का अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य व दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# ट्रेलर असंतुलित होकर पलटी, उप चालक की मौत

▸▸ वाहन छोड़ कर चालक फरार



नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के इटखोरी जीहू मुख्य मार्ग मंझगांवा के समीप अंजनवा नाला पुलिया पर रविवार देर रात ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त होने से उप चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। दुर्घटना में चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। चालक दुर्घटना ग्रस्त वाहन छोड़ कर फरार हो गया। ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त होने से ट्रेलर पर लदा प्लाई सड़क पर बिखर जाने से जाम लग गया। इसकी सूचना ग्रामीणो ने मयूरहंड पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मलवा बिखरने के कारण सड़क पर लगा जाम को हटाया।

इसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारू रुप से चालू हुआ। उप चालक का शव बुरी तरह से वाहन के नीचे दबा था। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेजा।

घटना का कारण तीखी मोड़ के साथ तेज रफ्तार बताया जा रहा है। पुल से पहले रोड पर यातायात से संबंधित रेडियम ब्रेकर की आवश्यकता बताया जा रहा है, ताकि वाहनों के दुर्घटना ग्रस्त होने से रोक लगाया जा सके और लोगों की जान बच सके। चालक के भाग जाने के कारण शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर डीसी व एसपी ने की बैठक, दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिले के वरीय अधिकारियों प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ संयुक्त बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा संचालन सुनिश्चित कराएंगे। कहा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा माध्यमिक परीक्षा 2025 की परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से 1 बजे अपराह्न तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) 2025 की परीक्षा 2 बजे से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक परीक्षा 2025 व इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) 2025 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होगी। माध्यमिक में 17,771 और इंटरमीडिएट में 11,838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा 2025 के लिए चतरा जिला में कुल 48 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 17,771 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए चतरा जिला में कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 11,838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी से कहा कि आपकी प्रतिनियुक्ति जिन दंडाधिकारी के साथ की गई है।

# चोरी कर भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**सिमरिया (चतरा)।** थाना क्षेत्र के इचाक खुर्द में रविवार रात चोरों ने दो घरो में ताला तोड़कर पांच हजार रुपए नकद सहित एक लाख के जेवरात चोरी कर पड़ोसियों के जगने से पहले ही भागने लगे। इस बीच लोगों ने भागते चोरों का पीछा कर राहुल गुलगुलिया को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ के बाद उसने अपना गुनाह कबुल करते हुए अपने साथियों का नाम बता दिया। रात में ही लोगों ने बताए गए ठिकाने से राहुल गुलगुलिया पिता महादेव गुलगुलिया, शिवा उर्फ गुलाबी पिता संजय पासी, विकास गुलगुलिया पिता शंभू गुलगुलिया, छोटू गुलगुलिया पिता चांदबाध गुलगुलिया सभी ग्राम चलनिया बिशुनगढ़ हजारीबाग को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने रविवार रात की इचाक खुर्द के तुलसी दांगी और लाखों राणा के घर का ताला तोड़कर उसमें रखे समान चोरी कर लिए। इसमें चोरों ने लाखों राणा के घर से 5000 नकद और जेवरात चोरी करने में सफल रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू घर-घर दवा वितरित की जाएगी




नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ आंगनबाड़ी केंद्र और दासीपुर चौपाल में सोमवार को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाकर अभियान की शुरूआत की। मनीष गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलने वाला संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए सरकार मुफ्त दवा उपलब्ध करा रही है। यह अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाएं घर-घर जाकर 2 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दवा देंगी।

**चिकित्सकों ने बताई दवा की खुराक**

2 से 5 वर्षः डीईसी और एल्बेंडाजोल की 1-1 गोली
6 से 14 वर्षः डीईसी की 2 और एल्बेंडाजोल की 1 गोली
15 वर्ष से अधिकः डीईसी की 3 और एल्बेंडाजोल की 1 गोली
2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# खाद्यान्न गबन के बावजूद जन वितरण दुकानदार का निलंबन समाप्त, 560 लाभुक वंचित

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के एक जन वितरण दुकानदार पर जिला आपूर्ति कार्यालय की विशेष मेहरबानी देखने को मिली है। खाद्यान्न गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद विभाग ने फरवरी 2025 में उसकी दुकान का निलंबन समाप्त कर दिया, जबकि मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। क्या दुकानदार को न्यायालय से जमानत मिली थी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। यदि जमानत नहीं मिली, तो सवाल उठता है कि विभाग ने बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए दुकान बहाल कैसे कर दी? यह निर्णय जांच का विषय बन गया है। गबन किए गए खाद्यान्न के कारण डंडई के 560 लाभुक अक्टूबर 2024 में राशन से वंचित रह गए, और मार्च 2025 में भी उनके राशन मिलने की संभावना नहीं है। विभागीय पोर्टल पर भी यह स्पष्ट है कि मार्च माह के लिए संबंधित दुकानदार के नाम एसआईओ (स्टॉक इंडेंट ऑर्डर) जारी नहीं किया गया है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब निलंबित डीलर के नाम से 10 माह बाद अवशेष धोती-साड़ी दूसरे जन वितरण दुकानदार के पास हस्तांतरित करने का आदेश जारी किया गया। पत्रांक 98, दिनांक 28 जनवरी 2025 को जारी एमओ पत्र में बताया गया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश संख्या 1149, दिनांक 21 दिसंबर 2024 के तहत सफीक अंसारी की दुकान का निलंबन समाप्त कर दिया गया। इस मामले पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि गलत हमेशा गलत होता है। उन्होंने कहा कि किस आधार पर दुकान को निलंबन मुक्त किया गया, इसकी जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

## सुंडी पंचायत से 250 श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए रवाना

**खरौंधी।** (गढ़वा) सुंडी पंचायत की मुखिया शिला देवी के सहयोग से 250 श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज रवाना हुए। मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 144 वर्षों बाद आयोजित महाकुंभ में आर्थिक रूप से कमजोर श्रद्धालु भी शामिल हो सकें, इसलिए 5 बसों की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को भेजा गया। ग्रामीणों ने मुखिया शिला देवी और उनके पुत्र राजेश कुमार सिंह की सराहना की। श्रद्धालु पहले विंध्याचल मंदिर में दर्शन करेंगे, फिर प्रयागराज में संगम स्नान करेंगे।

# नहीं रहे कांडी सीओ के पिता ब्रजमोहन सहाय

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के सीओ राकेश सहाय के पिता ब्रजमोहन सहाय (90) का निधन सोमवार को उनके मेदिनीनगर के बेलवाटोका स्थित आवास पर हो गई। स्वर्गीय सहाय के बड़े पुत्र रवीश सहाय एक बैंक अधिकारी रहे हैं। जबकि छोटे पुत्र राकेश सहाय कांडी प्रखंड के सीओ के पद पर कार्यरत है। स्वर्गीय सहाय खुद सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक में जेनरल मैनेजर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार ब्रजमोहन सहाय कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पलामू क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुधीर सिंह, पूर्व क्रिकेटर गुरदयाल सिंह नामधारी चन्नी, ललन सिन्हा, ब्रजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सनत चटर्जी, सुधीर सहाय, प्रदीप बोराल आदि ने शोक व्यक्त किया है।



# कांग्रेस नेताओं ने उपायुक्त से मिलकर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त शशि रंजन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल सुधार की मांग की। शिष्टमंडल ने कहा कि धान खरीद-बिक्री में बिचौलियों का दबदबा है और किसानों का हक मारा जा रहा है। किसानों की जमीन के दस्तावेज की ठीक से जांच किए बिना बड़े पैमाने पर धान बेचा जा रहा है। कई लोग एक एकड़ जमीन दिखाकर 20 एकड़ का धान बेच रहे हैं, जो बिचौलियों की मिलीभगत का प्रमाण है। इससे वास्तविक किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा।

प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। शिष्टमंडल ने आरोप लगाया कि बिना रिश्वत दिए किसी लाभुक को प्रधानमंत्री आवास योजना या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता। यहां तक कि जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र और चरित्र प्रमाणपत्र बनवाने के लिए भी लोगों को रिश्वत देनी पड़ती है। अंचल कार्यालयों में भी जमीन संबंधित कार्यों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। एलपीसी के लिए पैसा लिया जाता है।

# फरवरी में ही कोयल नदी का घटता जलस्तर, रबर डैम की घोषणा अब भी अधूरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गत वर्ष सामान्य से अधिक बारिश होने के बावजूद जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कोयल नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है।

चैत मास से पहले ही आबादगंज, निमिया और बैरिया इलाकों में बोरिंग के जलस्तर में गिरावट देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, होली के बाद पेयजल संकट और अधिक गहराने की आशंका है। गर्मी के दिनों में यह संकट ड्राई जोन के अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी भयावह रूप ले लेता है।

2023 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तत्कालीन कृषि एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने घोषणा की थी कि फल्गु नदी की तर्ज पर कोयल नदी में भी रबर डैम का निर्माण होगा। लेकिन डेढ़ साल बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

स्थानीय विधायक और सांसद से लोगों को उम्मीद थी कि वे अपने प्रयासों से इस परियोजना को साकार करेंगे, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। इस कारण, गर्मी के शुरू होते ही पेयजल संकट की आशंका बढ़ गई है। नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि शहर में पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निगम पूरी तरह से प्रयासरत है।

## विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय में राज्य सरकार का पुतला दहन किया

# स्थाई कुलपति की मांग को लेकर प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर में राज्य सरकार का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति की नियुक्ति न होने के विरोध में किया गया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने की, जबकि संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव ने किया।

छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि लगातार दस दिनों तक कुलपति का पद रिक्त है। इससे छात्र-छात्राओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है और कई आवश्यक कार्य लंबित पड़े हैं। स्थाई कुलपति न होने के कारण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

प्रदेश छात्रावास संपर्क प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही और शिक्षा नीति में गिरावट स्पष्ट रूप से दिख रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के जरूरी कार्य अटक रहे हैं और विश्वविद्यालय प्रशासन ठप पड़ा है।

प्रदेश छात्रा सह प्रमुख दीक्षा कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता फैली हुई है। परीक्षा विभाग में कई परीक्षाएं लंबित हैं, जिससे छात्रों का शोषण हो रहा है और उनके पैसे की बर्बादी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार जल्द से जल्द स्थाई कुलपति की नियुक्ति नहीं करती, तो विद्यार्थी परिषद बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला संयोजक नितीश दुबे, जिला सोशल मीडिया संयोजक राजन कश्यप, रजनीकांत मिश्रा, हिमांशु कौशल सोनी, प्रमंडल कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, चैनपुर नगर मंत्री अमन गुप्ता, शुभम तिवारी, राहुल कुमार, शुभम सिंह, विकास प्रजापति, राहुल राज, मधुसूदन, बलवंत यादव, राजीव कुमार, राजेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, सरवन कुमार यादव, रोहित कुमार प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे और उन्होंने जल्द स्थाई कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर नारेबाजी की।

# पंचायतवार राजस्व कैंप में भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार के प्राप्त निर्देश के आलोक में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाकर भूमि समस्या संबंधित आवेदनों का निष्पादन करने के आदेश के तहत इसकी शुरूआत रामबांध पंचायत से की गई। इसका निरीक्षण अंचल आधिकारी ने किया। उन्होंने बताया कि कैंप में 10 आवेदन जमा कराए गए थे। उनकी मौजूदगी में एक मामले का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। अन्य मामलों का निष्पादन प्रक्रियाधीन हैं। मौके पर मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार, वार्ड सदस्य और अमीन भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कैंप में राजस्व संबंधित कार्यों यथा-लगान रसीद, रैयत के नाम, खाता और प्लाट संख्या की त्रुटियों में सुधार करने का काम किया जा रहा है। चालू माह में पंचायतवार अलग-अलग तिथियों में आयोजित कैंप में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन किए जाएंगे। आदेशानुसार रामबांध के बाद पंसा में 13, कोल्हुआ-सोनबरसा 15, लटपौरी 17, गोड़ाडीह 20, मोहम्मदगंज 22, भजनियां 24 और 27 फरवरी को कादलकुर्मी पंचायतों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित कैंप में राजस्व उपनिरीक्षक, प्रभारी अंचल निरीक्षक और अमीन भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन करेंगे। कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

# पेज एक के शेष

## स्वयं को दें...

उन्होंने कहा कि अधिसंख्य लोग खुद से खुद की लड़ाई लड़ते ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने इसके लिए मन को स्थिर कर स्वयं की क्षमताओं और लक्ष्य को पहचाने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से बार-बार खुद से पूछने का आग्रह किया कि वे क्या बन सकते हैं, क्या हासिल कर सकते हैं और कौन से काम उन्हें संतुष्टि देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी का ध्यान अखबार या टीवी जैसे दैनिक बाहरी प्रभावों से प्रभावित नहीं होना चाहिए, बल्कि समय के साथ लगातार विकसित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत से लोग अक्सर अपने दिमाग को बिना दिशा के भटकने देते हैं। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने निर्णयों में लापरवाही न बरतें और किसी ऐसी चीज पर शांति पाने के लिए अपना मन लगाएं, जो उन्हें चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि ज्यादातर लोग खुद से नहीं, बल्कि दूसरों से प्रतिस्पर्धा करते हैं। अक्सर अपनी तुलना उन लोगों से करते हैं, जो शायद कम सक्षम हों। उन्होंने कहा कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने से अटूट आत्मविश्वास पैदा होता है, जबकि दूसरों से खुद की तुलना करने से निराशा होती है। असफलता से उबरने के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर 30-40 प्रतिशत छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में फेल भी हो जाएं, तो भी जीवन खत्म नहीं हो जाता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में सफल होना है, या सिर्फ पढ़ाई में। उन्होंने असफलताओं को अपना शिक्षक बनाने की सलाह दी। क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि खिलाड़ी अपनी गलतियों की समीक्षा करते हैं और सुधार के लिए प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री ने जीवन को सिर्फ परीक्षा के नजरिए से नहीं, बल्कि समग्र रूप से देखने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दिव्यांग व्यक्तियों में अक्सर असाधारण ताकत होती है और हर किसी की क्षमताएं अद्वितीय होती हैं। उन्होंने सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय इन ताकतों पर काम करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय में, सफलता के लिए सिर्फ पढ़ाई के अंक ही नहीं, बल्कि जीवन की और योग्यताएं भी जिम्मेदार होती हैं।

पढ़ाई और शौक (हॉबी) के बीच तालमेल के प्रश्न पर प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्र रोबोट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अगली कक्षा में आगे बढ़ने के लिए नहीं, बल्कि समग्र व्यक्तिगत विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि बागवानी जैसे शुरूआती स्कूली शिक्षा के पाठ अप्रासंगिक लग सकते हैं, लेकिन वे समग्र विकास में योगदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने माता-पिता और शिक्षकों से बच्चों को कठोर शैक्षणिक माहौल में सीमित न रखने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा करने से उनका विकास रुक जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक खुला वातावरण और ऐसी गतिविधियां चाहिए, जो उन्हें पसंद हों। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं सब कुछ नहीं हैं और ज्ञान और परीक्षाएं दो अलग-अलग चीजें हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे समाज में दुर्भाग्य से ये घुस गया है कि अगर हम स्कूल में इतने नंबर नहीं लाए, दसवीं-बारहवीं में इतने नंबर नहीं आए, तो जिंदगी तबाह हो जाएगी। इसलिए पूरे घर में तनाव हो जाता है, ऐसे में आपको खुद को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे में इस तनाव को मन में न लें और तय करें कि आपको आज कितना पढ़ना है। ये अगर आप कर लेते हैं, तो आप इस तनाव से खुद को निकाल सकते हैं। परीक्षा के दौरान अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के विषय पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्राथमिक मुद्दा छात्रों के साथ कम और उनके परिवारों के साथ अधिक है। उन्होंने कहा कि कई माता-पिता अपने बच्चों पर इंजीनियरिंग या चिकित्सा जैसे विशिष्ट करियर को आगे बढ़ाने के लिए दबाव डालते हैं, जबकि बच्चे की रुचि कला जैसे क्षेत्रों में होती है। यह निरंतर दबाव बच्चे के जीवन को तनावपूर्ण बना देता है। उन्होंने माता-पिता से अपने बच्चों की क्षमताओं और रुचियों को समझने और पहचानने, उनकी प्रगति की निगरानी करने और सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों की तुलना न करने और प्रत्येक बच्चे की अनूठी क्षमताओं को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को मोटा अनाज (मिलेट्स) और सब्जियों का महत्व भी बताया। फिटनेस के लिए नींद को जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि बीमार न होने का मतलब यह नहीं है कि हम स्वस्थ हैं। नींद भी पोषण पर निर्भर करती है। चिकित्सा विज्ञान भी नींद पर ध्यान केंद्रित करता है। सभी को सुबह की धूप में समय बिताना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ बातचीत में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण और पोषण के महत्व पर भी बातचीत की। उन्होंने सुंदर नर्सरी में ह्यएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के तहत बच्चों के साथ मिलकर पौधे भी लगाए।

## परीक्षा पे चर्चा...

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा इस बात पर बल देते हैं कि हमें परीक्षा को एक अवसर की तरह देखना चाहिए, न कि किसी दबाव की तरह। हार और जीत से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हम अपने प्रयासों में निरंतरता बनाए रखें, परिश्रम में कमी न करें। कठिनाइयां आएंगी, लेकिन जो विद्यार्थी हर चुनौती को सीखने का अवसर मानता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त करता है। इस अवसर पर राज्यपाल गंगवार ने सभी से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विकसित भारत@2047 में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए कहा।

## भारत को तोड़ने...

और भारत के लिए इसके आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संसद में सरकार और विपक्ष से कई सवाल पूछे। दुबे ने प्रमुखता से पूछा कि क्या यूएसएआईडी ने ओपन सोसाइटी फाउंडेशन और जॉर्ज सोरोस को भारत में राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को पैसे दिए थे, ताकि देश को कमजोर किया जा सके? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को यूएसएआईडी से पैसा मिला था? गोड्डा सांसद ने बांग्लादेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले बांग्लादेश के प्रमुख यूनुस से गांधी परिवार के संबंधों पर सवाल किया। उन्होंने राजीव गांधी फाउंडेशन के विजय महाजन और उनकी संस्थाओं को यूएसएआईडी द्वारा पैसे दिए जाने का सवाल भी उठाया। निशिकांत दुबे ने सवाल किया कि क्या यूएसएआईडी ने ह्यरूरल डेवलपमेंट ट्रस्टह्व को वित्तीय सहायता दी है, जो जातिगत जनगणना की बात करता है और क्या यह ट्रस्ट भारत को तोड़ने के लिए काम कर रहा है? उन्होंने कहा कि इसी संगठन ने तालिबान को पैसा दिया और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के समय नेपाल में हिंदू राष्ट्र को खत्म करने के लिए पैसा दिया था। भारत में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ाने के लिए इसी संगठन से पैसा मिलता रहा है और कांग्रेस को उससे मदद मिल रही है। इस संगठन ने देश में विभिन्न देशविरोधी गतिविधियों के लिए पैसा दिया है। सांसद ने आगे कहा कि ह्यूमन राइट्स लॉ, शेरपा, कोऑर्डिनेशन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स ऑर्गेनाइजेशन, राइट ऑफ फूड कैंपेन, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च, इकोनॉमिस्ट और कई अन्य संस्थाएं यूएसएआईडी से पैसे प्राप्त करती हैं, जो कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के साथ मिलकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने अंत में सरकार से आग्रह किया कि इस मामले की पूरी जांच हो और यह पता लगाया जाए कि पिछले वर्षों में यूएसएआईडी ने किन-किन संस्थाओं और ट्रस्टों को पैसा दिया है। ज्ञात हो कि यूएसएआईडी की स्थापना 1961 में राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के समय की गई थी।

## रांची में लगाए...

अगर सड़क पर कोई दुर्घटना होती है, तो एंबुलेंस सेवा के लिए भी इमरजेंसी कॉल बॉक्स का इस्तेमाल हो सकता है। पीड़ित या वहां मौजूद कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना कमांड सेंटर को दे सकता है। आंधी-तूफान में तार, बिजली के खंभे गिरने और सड़क पर मृत मवेशियों के पड़े होने की भी सूचना कमांड सेंटर को दी जा सकती है। वर्तमान में शहर के 50 जगहों पर यह सुविधा प्रदान की गई है। लेकिन, फ्लाईओवर निर्माण और सड़कों की चौड़ीकरण के कारण कुछ बॉक्स अभी हटाए गए हैं। काम संपन्न होते ही बॉक्स को पुनः वहां लगा दिया जाएगा।





# पीएम मोदी फ्रांस और अमेरिका दौरा के लिए रवाना, मैक्रों और ट्रंप से करेंगे मुलाकात



**12 फरवरी को दोनों नेता मार्सिले शहर का दौरा करेंगे और वहां भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका दौरे के लिए रवाना हो गए। वह पेरिस में एआई एक्शन समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिका में प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, "अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। मैं भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करूंगा। हम वहां वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, "वाशिंगटन डीसी में, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। यह यात्रा भारत-अमेरिका की दोस्ती को मजबूत करेगी और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देगी। मुझे प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ उनके पहले कार्यकाल के दौरान काम करना अच्छी तरह याद है। मुझे यकीन है कि हमारी बातचीत उस समय की गई चर्चाओं पर आधारित होगी। यात्रा के पहले चरण में पीएम मोदी 10 फरवरी (सोमवार) से 12 फरवरी तक फ्रांस में रहेंगे। वह 10 फरवरी को पेरिस पहुंचेंगे। शाम को राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से एलिसी पैलेस में सरकार और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में आयोजित डिनर में शामिल होंगे।

डिनर में तकनीकी क्षेत्र के कई सीईओ और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले दिन 11 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। 12 फरवरी को दोनों नेता मार्सिले शहर का दौरा करेंगे और वहां भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे।

## अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे

पीएम मोदी 12 से 14 फरवरी तक दो दिवसीय कार्य यात्रा पर अमेरिका जाएंगे। इस यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वह व्यापारिक नेताओं और भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा अमेरिका से 100 से अधिक भारतीयों को 'अमानवीय' तरीके से वापस भेजे जाने के मामले पर राजनीतिक विवाद के बीच हो रही है। पिछले सप्ताह एक विशेष ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा इस 'महत्वपूर्ण साझेदारी' को और दिशा व गति प्रदान करेगी। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण के कुछ सप्ताह बाद उनके निमंत्रण पर पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा 'भारत-अमेरिका साझेदारी के महत्व और अमेरिका में इस साझेदारी को मिल रहे द्विदलीय समर्थन को भी दर्शाती है।

## प्रधानमंत्री मोदी के पेरिस पहुंचने से पहले राष्ट्रपति मैक्रों ने बांधे भारत की तारीफों के पुल



*मुझे लगता है पीएम मोदी के साथ हमारा भी दृढ़ विश्वास है कि भारत और फ्रांस दो महान शक्तियां हैं*

**पेरिस (आईएएनएस)।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'तकनीकी संप्रभुता' के लिए प्रयास करेंगे। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस दौरे से पहले आया। पीएम मोदी पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में मैक्रों ने कहा, "मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारा भी दृढ़ विश्वास है कि भारत और फ्रांस दो महान शक्तियां हैं और हमारे बीच विशेष संबंध हैं। हम अमेरिका का सम्मान करते हैं और उसके साथ काम करना चाहते हैं, हम चीन के साथ भी काम करना चाहते हैं, लेकिन किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। फ्रेंच राष्ट्रपति ने कहा, "भारत और फ्रांस अग्रणी हैं लेकिन अमेरिका और चीन हमसे बहुत आगे हैं। हम एआई पर एक साथ काम करना चाहते हैं। पीएम मोदी भी नई टेक्नोलॉजी का फायदा उठाना चाहते हैं। लेकिन वह चाहते हैं कि यह भारत में भी हो। मैक्रों ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत अकेला हर साल 10 लाख इंजीनियर तैयार करता है जो यूरोप और अमेरिका से ज्यादा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका दौरे के लिए रवाना हो गए। यात्रा के पहले चरण में पीएम मोदी 10 फरवरी (सोमवार) से 12 फरवरी तक फ्रांस में रहेंगे। वह 10 फरवरी को पेरिस पहुंचेंगे। शाम को राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से एलिसी पैलेस में सरकार और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में आयोजित डिनर में शामिल होंगे। डिनर में तकनीकी क्षेत्र के कई सीईओ और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले दिन 11 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। 12 फरवरी को दोनों नेता मार्सिले शहर का दौरा करेंगे और वहां भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे।

## विजयलक्ष्मी नगर में अवैध इमारतों पर चला बुलडोजर, बेघर हुए लोगों ने उठाए सवाल

**मुंबई (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा पूर्व में स्थित विजयलक्ष्मी नगर में कोर्ट के आदेश के बाद अवैध इमारतों पर बुलडोजर की कार्रवाई जारी है। 41 अवैध इमारतों में से 20 इमारतों को तोड़ा जा चुका है, जबकि 21 इमारतों पर कार्रवाई होना बाकी है। इस कार्रवाई के बाद इन बिल्डिंगों में रहने वाले लोगों में काफी नाराजगी है। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर प्रशासन से सवाल पूछा है। स्थानीय महिला ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मेरे घर को तोड़ दिया गया है और अब मैं बेघर हो गई हूं। मैं बीमार हूं और ऐसी हालत में कहा जाऊंगी। प्रशासन को इस बात का जवाब देना चाहिए।" बता दें कि डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित जमीन पर बनी 41 अवैध इमारतों पर वसई विरार शहर महानगरपालिका द्वारा बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश पर हो रही है।

## फिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से हटाने की ताकत किसी के पास नहीं : तुर्की राष्ट्रपति

**इस्तांबुल (आईएएनएस)।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि कोई भी ताकत फिलिस्तीनियों को उनकी मातृभूमि से बेदखल करने की ताकत नहीं रखती।



एर्दोगन ने एशिया के तीन देशों के दौरे पर जाने से पहले रविवार को अतातुर्क एयर पोर्ट पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "कोई भी ताकत गाजावासियों को उनकी प्राचीन मातृभूमि से बाहर नहीं कर सकती। गाजा, पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम सभी फिलिस्तीनियों के हैं। एर्दोगन ने कहा, "इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के बावजूद हम देख रहे हैं कि इजरायली सरकार के पास और भी खतरनाक योजनाएं हैं।" उन्होंने कहा, "जायोनी लॉबी के दबाव में गाजा के मुद्दे पर नए अमेरिकी प्रशासन के सुझाव हमारे लिए कोई महत्व नहीं रखते।

### रक्षा मंत्री ने बेंगलुरु में किया एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का शुभारंभ

# पीएम के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में दुनिया में मजबूत हुआ भारत : संजय सेठ

**90 देश के साथ 900 से ज्यादा प्रदर्शक हो रहे शामिल**

**● सवा लाख करोड़ के रिकॉर्ड पर पहुंचा घरेलू रक्षा उत्पाद**

**एजेंसी । रांची/बेंगलुरु**





आज बेंगलुरु में एरो इंडिया शो का भव्य उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। एशिया के सबसे बड़े इस एयर शो में दुनिया भर के 90 देश शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र से जुड़े दुनिया के 900 से ज्यादा प्रदर्शक इसमें अपनी भागीदारी निभाएंगे। इस शो में भारतीय सेना के द्वारा भी कई प्रदर्शनी की जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीडीएस अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख श्री दिनेश कुमार त्रिपाठी, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी सहित कई देशों के प्रतिनिधि, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सैन्य क्षेत्र से जुड़ी गणमान्य हस्तियां मौजूद रही। इस आयोजन को लेकर रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि यह मेरे लिए भी गौरव की बात है कि रक्षा क्षेत्र से जुड़े इतने बड़े आयोजन में शामिल हो रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत ने रक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने और मजबूती प्रदान करने का जो संकल्प किया है, उसका सकारात्मक और शानदार परिणाम अब दुनिया भर में दिख रहा है। संजय सेठ ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2025 को इयर्स ऑफ रिफॉर्म घोषित किया गया है।

यह सिर्फ घोषणा नहीं है, बल्कि यह रिफॉर्म के प्रति रक्षा मंत्रालय की प्रतिज्ञा और कर्मशीलता को भी दिखाता है। इसके लिए सिर्फ मंत्रालय के स्तर पर ही निर्णय नहीं लिए जा रहे हैं, बल्कि इसमें सैन्यबलों और रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित अन्य समूहों की समुचित भागीदारी है। इसे तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए रक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सबके सुझाव लिए जा रहे हैं। सेठ ने कहा कि रक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने और मजबूती प्रदान करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने वाला देश बन चुका है। घरेलू रक्षा उत्पादन में सवा लाख करोड़ से भी ज्यादा के रिकॉर्ड स्तर पर भारत पहुंच चुका है। भारत का रक्षा निर्यात 21000 करोड़ के रिकॉर्ड को पार कर चुका है। श्री सेठ ने कहा कि पिछले एयरो इंडिया से लेकर अब तक, यानि सिर्फ 2 सालों में, हमने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। कई हाइ टेक्नोलॉजी के उत्पाद, जैसे एस्ट्रा मिसाइल, नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल, स्वायत्त पानी के नीचे वाहन, मानव रहित सतह पोत, पिनाका गाइडेड रॉकेट, जैसे कई उपकरण भारत में बनाए जा रहे हैं।

## इराकी राष्ट्रपति रशीद ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री पर दायर किया केस

**● कुर्दिस्तान के सरकारी कर्मियों को वेतन नहीं दिए जाने को लेकर किया गया है केस**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** क्या किसी देश का राष्ट्रपति अपने ही देश के प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के विरुद्ध मुकदमा करेगा? यह हुआ है इराक में। इराकी राष्ट्रपति अब्दुल लतीफ रशीद ने प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और वित्त मंत्री तैफ सामी पर कुर्दिस्तान के सरकारी कर्मचारियों को वेतन ना दिए जाने को लेकर केस किया है। रशीद खुद भी कुर्द हैं, उनका कहना है कि कुर्दिस्तान के कर्मचारियों को वेतन ना देकर परेशान किया जा रहा है। रशीद ने बीते माह सुदानी और सामी के खिलाफ मुकदमा किया है।

कुर्दिस्तान के सरकारी कर्मचारियों का कई महीने का वेतन बकाया है। जनवरी का वेतन प्रदर्शन के बाद सरकारी कर्मचारियों को मिला है, लेकिन दिसंबर का वेतन अभी भी रुका है। राष्ट्रपति की ओर से मुकदमा दायर किए जाने के बाद यह केस फिलहाल इराक के सुप्रीम कोर्ट में है। राष्ट्रपति ने अपनी अर्जी में मांग की है कि कुर्दिस्तान के कर्मियों का वेतन बिना रुकावट सुनिश्चित किया जाए। इसे बगदाद और अर्बिल के वित्तीय विवादों में ना उलझाया जाए। ये मामला इराक के राजनीतिक संकट को भी दिखाता है। विश्लेषकों का कहना है कि सुदानी और रशीद के बीच लंबे समय से मतभेद हैं, जो अब ज्यादा उभर गए हैं। कुर्दिस्तान के कर्मचारियों को वेतन ना मिलने का मुद्दा इराक में चर्चा में है। कर्मचारी अपने वेतन के लिए विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। हॉरी तौफीक ने बताया कि सुलेमानिया में बकाया वेतन को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के कारण राष्ट्रपति की ओर से इस मुकदमे का खुलासा किया गया है। सुलेमानिया कुर्दिस्तान का दूसरा बड़ा शहर और राष्ट्रपति का घर है। सुलेमानिया में दो हफ्ते से धरना चल रहा है और 13 शिक्षक भूख हड़ताल पर हैं।

इराक की शीर्ष अदालत ने बीते साल संघीय सरकार को आदेश दिया था कि वह कुर्दिस्तान में क्षेत्रीय प्रशासन के बजाय सीधे सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करे। सुलेमानिया के कर्मचारी लंबे समय से यह मांग करते रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी समस्याओं के कारण भुगतान अनियमित रहा है। इसने कर्मचारियों के बीच नाराजगी को बढ़ाया है। राजनीतिक विश्लेषक अहसान अल शेमरी का कहना है कि यह मुकदमा रशीद और सुदानी के बीच तनाव को दिखाता है। इसी साल जनवरी में सुदानी ने रशीद के बेटे की कंपनी की जांच का आदेश दिया था। उनकी कंपनी पर भ्रष्टाचार का आरोप है। दूसरी ओर अब राष्ट्रपति ने भी पीएम और वित्त मंत्री पर केस कर दिया है।

# भारतीय संस्कृति में कोई अनेकता नहीं, संपूर्ण भारतवर्ष एक है : सोमदत्त शर्मा

**● भारतीय भाषाएं, परंपरा व लोक संस्कृति हमारे देश की संस्कृति का संगम : डॉ. गणेश चंद्र बास्की**

**● दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श का हुआ समापन**

**नवीन मेल संवाददाता**

## दूसरे दिन के प्रथम सत्र का संचालन सुनील बादल ने किया





**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजिज (भाषा विभाग) तथा कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय एवं अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दूसरे दिन देशभर से आए शिक्षाविदों व विद्वानों तथा लेखकों ने चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श विषय पर अपने विचार रखें।

अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ की ओर से दूसरे दिन के प्रथम सत्र का संचालन सुनील बादल ने किया। सत्र की अध्यक्षता कर रहे जंतु विज्ञान विभाग रांची विश्वविद्यालय झारखंड के अध्यक्ष डॉ. गणेश चंद्र बास्की ने कहा कि लोक संस्कृति गांवों, कस्बों और शहरों के रूप में होती है। सब की अपनी भाषा, रहन सहन, खान पान और परम्पराएं एक दूसरे से विभिन्न होने के साथ सब की एकता ही भारतीयता की पहचान है। उन्होंने कहा कि भाषाएं परम्परा व लोक संस्कृति हमारे देश की संस्कृति का संगम है। जनजाति साहित्य और संस्कृति के विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मीकांत चंदेला ने लोक समाज और लोक परंपराओं पर विस्तारपूर्वक अपना प्रकाश डाला। दिल्ली से प्रसिद्ध लेखिका और रंगकर्मी सविता शर्मा नागर ने भारत एक समाज लोक समाज और लोक परम्पराएं जैसे विषय को अपनाकर आज के समय से जोड़ते हुए नवीन विचारधाराए दी।

दूसरे सत्र में शोधार्थी भाषा विभाग प्रज्ञा शर्मा ने अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण दिया। इस सत्र का संचालन शिक्षाविद्, संस्कृति अध्येता एवं पूर्व प्रकाशन सलाहकार, केंद्रीय हिन्दी संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के डॉ. स्वर्ण अनिल ने विभिन्न कथाओं के माध्यम से देश को एक सूत्र में जोड़ने वाले चिति तत्त्व का बोध कराया। डॉ प्रेम चंद्र न्यासी अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ ने साहित्य में चित्रित तत्व स्वरूप और संवेदना का किस प्रकार समावेश होता है इस पर विस्तारपूर्वक अपने विचारों को संबोधित कर सभागार में उपस्थित सभी श्रोता को अपने विचारधारा से जोड़ दिया। अध्यक्ष, हिंदी विभाग, शाहिद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ प्रो. सुधा रानी सिंह ने साहित्य में चिति का समावेश कैसे आया और किस प्रकार वह आज संपूर्ण साहित्य को अपने अंतर्गत समाहित किए है उस पर विस्तार सहित प्रकाश डाला।

सत्र की अध्यक्ष सुपरिचित लेखक, हैदराबाद तेलंगाना की डॉ. सुमन चौरे ने कहा कि जीवन के अनुभव, अगणित अनुसंधान और अनुकूलन की प्रक्रिया से संचरण के उपरांत ही किसी समाज या मानव समुदाय की 'चिति' का विकास होता है। तीसरे सत्र का आयोजन कला में चिति का स्वरूप के विषय पर हुआ। इस सत्र का संचालन प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक अभिजीत कुमार द्वारा किया गया। प्रसिद्ध लोक चित्रकला कलाकार सुषमा सिटोके ने कलाओं में चिति का स्वरूप होता क्या है, इस पर विरोध विवेचन करते हुए कुशलता पूर्वक अपने विचारों को उद्बोधित कर सभागार में उपस्थित सभी श्रोतागणों के साथ तादात्म्य में स्थापित किया। रंगकर्मी और निर्माता निर्देशक राजेश अमरोही ने चिति का स्वरूप कलाओं में किस प्रकार अपने आप को समाहित किए हुए हैं इस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रो. रचना विमल ने संपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की।

## लोक साहित्य और लोक संस्कृति भारतीय समाज की संपदा : डॉ स्तुति

समापन सत्र में अतिथि परिचय एवं स्वागत शोधार्थी भाषा विभाग प्रज्ञा द्वारा किया गया। प्रतिवेदन प्रस्तुति भाषा विभाग से डॉ. आशीष कुमार द्वारा की गई। विशिष्ट उद्बोधन पद्म श्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल द्वारा दिया गया। इसके उपरांत विशिष्ट उद्बोधन अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ शर्मा द्वारा दिया गया। सह अध्यक्षता पद्मश्री विष्णु पांडे की रही। सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ स्तुति नारायण कक्कड़ ने कहा कि लोक साहित्य और लोक संस्कृति भारतीय समाज की संपदा हैं। भारतीय संस्कृति में साहित्य एक महत्वपूर्ण अंग है, जो समाज की सामाजिक, धार्मिक और नैतिक विचारधाराओं को प्रकट करता है। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्ष भाषा विभाग डॉ. सीमा शर्मा द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में में लगभग 21 राज्यों के अतिथि गण उपस्थित रहे और 350 से अधिक प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। कला और सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. सुधीर त्यागी, डॉ. सीमा शर्मा, प्रो राजेश्वर पाल डॉ. रफत खानम, डॉ. मनीषा लूथरा, डॉ. स्वाति, डॉ. यशपाल, डॉ. आशीष कुमार ह्रदीपांकरह्ण, डॉ. निशि राघव, डॉ. रणवीर सिंह, अंकित, सान्या अग्रवाल तथा इसी क्रम में भाषा विभाग के शोधार्थी, परास्नातक एवं स्नातक के समस्त छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम सहयोग में विशेष योगदान रहा।